


सूर्योदय प्रातः 5:39 | सूर्यास्त संध्या 5:40 | पखवाड़ा अश्विन.कृ. द्वितीया, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 21°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 28 सितम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 224, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,895.74 | 315.20 (0.43%) |
| निफ्टी | 23,140.50 | 77.40 (0.34%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,52,610.00 |
| चांदी | 2639.00 |

## एक झलक

### झारखंड सीआईडी ने तीन और अभ्यर्थियों को किया गिरफ्तार

**रांची** : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2023 में अनियमितताओं के मामले में तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। इन गिरफ्तारियों के साथ ही सीआईडी ने इस मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान कोडरमा जिले के निवासी अजय कुमार और गिरिडीह जिले के निवासी संजय कुमार और रामकृष्ण कुमार सिंह के रूप में हुई है। इन अभ्यर्थियों ने परीक्षा में अनुचित तरीके से लाभ हासिल किया था। नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों ने परीक्षाओं को रद्द किये जाने और अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराये जाने की मांग को लेकर 25 जुलाई से प्रदर्शन किया था। इन प्रदर्शनों के बाद राज्य सरकार ने कई भर्ती परीक्षाएं रद्द करने की घोषणा की थी। इसके बाद अभ्यर्थियों ने अपना आन्दोलन वापस ले लिया था। हालांकि, परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों की याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय ने बाद में सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी है।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री पर युवक को थप्पड़ मारने का आरोप कथित वीडियो वायरल

**नयी दिल्ली** : तिलक नगर में रविवार को सड़क के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह पर एक युवक को थप्पड़ मारने का आरोप है। कथित तौर पर इससे सम्बन्धित वीडियो वायरल होने पर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने दिल्ली सरकार को घेरा है। आआपा के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सम्बन्धित वीडियो जारी करते हुए इस घटना को गुंडागर्दी बताते हुए कहा कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार दिखाने पर मंत्री ने युवक को सरेआम थप्पड़ मारा। उन्होंने कहा कि वह कल तिलक नगर जाकर इस सड़क का मुआयना करेंगे। पीड़ित युवक ने कहा कि वह विधायक जरनैल सिंह के लिए सोशल मीडिया गतिविधियां सम्भालता है।

## अंदर के पन्नों पर


3 महिलाओं की शिकायतों का निवारण ही लक्ष्य : डालसा...

5 विश्व पर्यटन दिवस पर तोपचांची झील में चला स्वच्छता...

7 विश्व पर्यटन दिवस पर जिले के प्रमुख पर्यटन व धार्मिक...

9 अंतरजिला चोरी गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार...

10 स्क्वैश में भारत को दो रजत, अभय और अनाहत ने...


## कार्टून कोना




'मन की बात' के 138वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने जनगणना में लोगों की भागीदारी बढ़ाने का किया आह्वान

# जनगणना में भागीदारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी : मोदी

**प्रधानमंत्री ने कहा**

- आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस है हमारी नीति
- सर्जिकल स्ट्राइक आतंकवाद के खिलाफ था निर्णायक रुख
- भारत की ओर जो बुरी नजर डालेंगे, तो उन्हें मिलेगा करारा जवाब






एजेंसी


**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में जनगणना में लोगों की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह प्रत्येक नागरिक की राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। साथ ही, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराते हुए कहा कि साल 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक आतंकवाद के खिलाफ भारत के निर्णायक रुख का प्रतीक थी और आज का भारत आतंकवाद का करारा जवाब देने की क्षमता और इच्छाशक्ति; दोनों रखता है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के 138वें संस्करण में कहा कि देश में जनगणना का पहला चरण लगभग पूरा हो चुका है और 32 करोड़ से अधिक परिवारों का डेटा दर्ज किया जा चुका है। लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के दूरदराज तथा बर्फीले इलाकों में भी जनगणना का काम जारी है। उन्होंने उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 83 वर्षीय पूर्णिमा रावत से जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत हुई, जबकि उत्तरकाशी के बगोरी गांव में होम-स्टे संचालक हरदेव सिंह राणा ने डिजिटल माध्यम से स्वयं अपना विवरण दर्ज किया। प्रधानमंत्री ने लोगों को जनगणना के लिए उपलब्ध स्व-पंजीकरण सुविधा का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने मोबाइल फोन से जनगणना पोर्टल पर जाकर अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह सुविधा हिन्दी सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक 02 करोड़ 60 लाख से अधिक लोग स्वयं अपना विवरण दर्ज कर चुके हैं। यह प्रक्रिया केवल 15 से 20 मिनट में पूरी की जा सकती है और इसके लिए किसी दस्तावेज को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। विवरण जमा करने के बाद एक विशेष पहचान संख्या जारी की जाती है, जिसे गणनाकर्मी के साथ साझा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सटीक जनगणना किसी भी देश के भविष्य की सही तस्वीर तैयार करने का आधार होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे राष्ट्रहित में इसमें सक्रिय भागीदारी करें।
कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने 28-29 सितम्बर 2016 को हुई सर्जिकल स्ट्राइक की दसवीं वर्षगांठ का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई की थी और पूरी दुनिया भारतीय जवानों की इस कार्रवाई को देख कर हैरान रह गयी थी। सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया के सामने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति का नया उदाहरण प्रस्तुत किया।
प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादी हमलों के कारण भारत ने लंबे समय तक पीड़ा झेली है। एक समय ऐसा था जब देश में शृंखलाबद्ध बम विस्फोट आम बात बन गये थे। उन्होंने 13 सितम्बर 2008 के दिल्ली सिलसिलेवार बम धमाकों और उसके कुछ सप्ताह बाद हुए 26 नवम्बर, 2008 के मुम्बई आतंकी हमले को याद करते हुए कहा कि उस दौर में आतंकवादी घटनाओं के बाद कार्रवाई की मांग तो उठती थी, लेकिन अक्सर केवल समय बीतने का इंतजार किया जाता था। पिछले एक दशक में सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट हवाई कार्रवाई और ऑपरेशन सिन्दूर तक भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यदि आतंकवादी भारत की ओर बुरी नजर डालेंगे, तो उन्हें करारा जवाब मिलेगा। आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ पूरी तरह जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है और इसके परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अमेरिका में 11 सितम्बर 2001 को हुए आतंकवादी हमले की 25वीं वर्षगांठ का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले में अमेरिकियों के बाद सबसे अधिक भारतीय नागरिकों की जान गयी थी। प्रधानमंत्री ने विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल ने समाज में रहते हुए तपस्वी की तरह जीवन जीया। राम जन्मभूमि आन्दोलन को जो दिशा और ऊर्जा उन्होंने दी, उसका परिणाम आज अयोध्या में भव्य राममंदिर के रूप में दिखाई देता है। सम्पन्न परिवार से होने और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद अशोक सिंघल ने अपना पूरा जीवन समाज और संस्कृति के लिए समर्पित कर दिया।
प्रधानमंत्री ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1026 में महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त किया था, लेकिन भारत की पहचान और आस्था को मिटाया नहीं जा सका। उसी वर्ष गुजरात के मोढेरा स्थित सूर्य मंदिर पर भी हमला हुआ था। उस समय राजा भीमदेव प्रथम ने न केवल आक्रमणकारियों का सामना किया, बल्कि कम समय में मंदिर का पुनर्निर्माण भी कराया। बाद के काल में अलाउद्दीन खिलजी ने भी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सीएम शुभेन्दु संग सुनी 'मन की बात'



**कोलकाता** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अपने दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर रविवार को पश्चिम बंगाल पहुंचे। राज्य में आगामी नगर निगम और पंचायत चुनावों के मद्देनजर उनके इस दौरे को बेहद अहम माना जा रहा है। कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद नबीन सीधे न्यू टाउन स्थित कन्वेंशन सेंटर पहुंचे, जहां उन्होंने सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य, प्रदेश प्रभारी सुनील बंसल और राज्य मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों व वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो प्रसारण 'मन की बात' को सुना। राज्य में सत्ता में आने के बाद संगठन को और अधिक सुदृढ़ व व्यवस्थित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा पूरी तरह से रणनीतिक बैठकों पर केन्द्रित है। 'मन की बात' कार्यक्रम के बाद, कन्वेंशन सेंटर में ही सांगठनिक बैठकों का मैराथन दौर शुरू हो गया। उन्होंने राज्य के सांसदों, विधायकों और मंत्रियों के साथ विशेष रणनीति सत्र आयोजित किया, जिसमें संसदीय और विधायी पहलों को राज्य की जनता की आकांक्षाओं और 'डबल इंजन' सरकार के विकास मॉडल के अनुरूप ढालने पर गहन मंथन किया गया। वहीं, देर शाम नितिन नबीन प्रदेश ● शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की ई-नीलामी में इस बार राजस्थान का प्रतिनिधित्व करनेवाली 37 विशिष्ट कलाकृतियां



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उपहारों की वार्षिक ई-नीलामी (8वें संस्करण) में इस बार राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, राजसी वैभव, लोक आस्था और पारम्परिक शिल्पकला की सशक्त छाप देखने को मिल रही है।
केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, इस ई-नीलामी में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करनेवाली कुल 37 विशिष्ट कलाकृतियों को शामिल किया गया है, जो राज्य के सदियों पुराने इतिहास और जीवंत परम्पराओं को दर्शाती हैं।
संग्रह के ● शेष पृष्ठ 11 पर

सुप्रीम कोर्ट ने दिये असाधारण आदेश

## 14 साल बाद फिर एयर फोर्स में लौटेंगी प्रियंका सक्सेना



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने असाधारण संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पूर्व एयर फोर्स अधिकारी प्रियंका सक्सेना को करीब 14 साल बाद फिर से वायुसेना में बहाल करने के आदेश दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष और एकमात्र मामला बता कर कहा कि इसमें अपीलकर्ता की पिछली सेवा, उनके पति की विमान दुर्घटना में मौत और उनकी दो नाबालिग बेटियों की परिस्थितियों को ध्यान में रखना जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षतावाले पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत ये आदेश दिये। पीठ में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह फैसला किसी अन्य मामले के लिए नजीर नहीं माना जायेगा। आदेश के मुताबिक, प्रियंका सक्सेना को पहले एक साल की रिफ्रेशर ट्रेनिंग पूरी करनी होगी और जरूरी मेडिकल मानकों को पूरा करना होगा। इसके बाद उन्हें एयर फोर्स में सेवा के 11वें वर्ष में स्क्वाड्रन लीडर के तौर पर बहाल किया जायेगा।

## युद्ध के बदलते स्वरूप के साथ हमारी सोच भी बदलनी होगी : सेना प्रमुख



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल देश में हथियार बनाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि भारत लम्बे समय तक चलनेवाले युद्धों में अपनी सैन्य ताकत को बनाये रखे और बदलती जरूरतों के अनुसार इस बदलाव में ढाल सके। बदलते युद्ध के दौर में आत्मनिर्भरता विषय पर उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप, तकनीक और उसकी अवधि तेजी से बदल रही है, इसलिए सैन्य क्षमता के विकास और आत्मनिर्भरता पर हमारी सोच को लगातार बदलना होगा। जनरल सेठ ने आज के युद्धों को रुक-रुक कर होनेवाले युद्ध बताया, जिनकी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मणिपुर के सेनापति में गोलीबारी मृतकों की संख्या बढ़ कर हुई तीन



एजेंसी

**इंफाल** : मणिपुर के सेनापति जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा की गयी गोलीबारी में मृतकों की संख्या बढ़ कर तीन हो गयी है। घटना में घायल दो नागरिकों में से एक ने रविवार तड़के दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान आशिहो सानी (49) के रूप में हुई है। रविवार सुबह करीब तीन बजे एक निजी अस्पताल में मृतक ने अंतिम सांस ली। इसके बाद उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए सेनापति जिला अस्पताल ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि, शनिवार दोपहर सेनापति क्षेत्र के कालेनजांग गांव में हुई गोलीबारी में दो नगा नागरिकों की मौके पर ही मौत हो गयी थी। मृतकों की पहचान चाओवैनामाई गांव निवासी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अयोध्या में एनएसजी का नया हब स्थापित, रामनगरी बनेगी अभेद्य सुरक्षा दुर्ग

**अयोध्या** : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या दुनियाभर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र बनी है। रामनगरी की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय महत्ता और लगातार बढ़ रहे वीआईपी आवागमन को देख कर उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद करने का एक मास्टरप्लान तैयार किया है। इस क्रम में, अयोध्या में जल्द ही राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का एक नया क्षेत्रीय हब स्थापित किया जायेगा, जिससे यह नगरी सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह अभेद्य होगी।

## दलित-आदिवासी सम्मान बैठक बुलायेगी कांग्रेस

- हल्द्वानी में मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद स्थल के हुए कथित शुद्धीकरण पर भी होगी चर्चा



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस ने 29 सितम्बर को दिल्ली में दलित-आदिवासी सम्मान बैठक बुलाने की घोषणा की है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उत्तराखंड के हल्द्वानी दौरे के बाद हुई कथित शुद्धीकरण घटना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के खिलाफ हो रहे अत्याचार तथा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की जायेगी। बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के कांग्रेस सांसद, पूर्व सांसद, कांग्रेस शासित राज्यों के मंत्री, विधायक तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में तेलंगाना के नागरकुरनूल से सांसद डॉ. मल्लू रवि ने बताया कि 29 सितम्बर को दोपहर 2:30 बजे संविधान क्लब के मावलांकर ● शेष पृष्ठ 11 पर

तृणमूल सांसद बिहारी बाबू ने केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग पर साधा निशाना

# भाजपा और चुनाव आयोग एक-दूसरे के पर्यायवाची बन गये हैं : शत्रुघ्न सिन्हा



एजेंसी

**पश्चिम बर्द्धमान** : पश्चिम बंगाल के आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस सांसद व बालीवुड अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने रविवार को आसनसोल गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में चुनाव आयोग, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केन्द्र सरकार पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव के दौरान जो वादे किये थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा और चुनाव आयोग एक-दूसरे के पर्यायवाची बन गये हैं और चुनावी प्रक्रिया को लेकर जनता के मन में उठ रहे सवालों का जवाब चुनाव आयोग को देना चाहिए।
शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2024 के बाद हुए विभिन्न चुनावों और चुनाव के बाद लिये गये कई फैसलों को लेकर विपक्ष की ओर से लगातार सवाल उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत विपक्ष के कई नेताओं का मानना है कि इन मामलों में संवैधानिक और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को चुनाव आयोग के फैसलों से राजनीतिक लाभ मिला है और इसी कारण भाजपा आयोग के बचाव में खड़ी दिखाई दे रही है।
उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष और जनता के बीच कई सवाल उठे हैं। सिन्हा ने कहा कि आनेवाले समय में होनेवाले चुनावों से पहले ही राजनीतिक माहौल तेजी से बदल रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश में जनता के बीच जागरूकता बढ़ रही है और युवाओं में भी आन्दोलन तथा अपने अधिकारों को लेकर आवाज उठाने की भावना दिखाई दे रही है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव में इसके असर की बात करना अभी बहुत दूर की बात है। उन्होंने कहा कि आन्दोलन का माहौल अभी से दिखाई दे रहा है और आने वाले छह माह में राजनीतिक परिस्थितियों में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। हालांकि, उन्होंने किसी निश्चित चुनाव परिणाम की घोषणा नहीं की, बल्कि कहा कि जनता के हित में फैसला आने की उम्मीद है।
भाजपा की ओर से चुनाव के दौरान किये गये वादों का जिक्र करते हुए सांसद ने महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की घोषणाओं पर भी सवाल उठाया। उन्होंने बिहार और महाराष्ट्र समेत विभिन्न राज्यों में महिलाओं के लिए घोषित आर्थिक योजनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव के समय किये गये वादों और बाद में लागू की गयीं योजनाओं के बीच अंतर को लेकर जनता में नाराजगी है।
पश्चिम बंगाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों ने लम्बे समय तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भरोसा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान महिलाओं को कई तरह के वादे किये गये और ममता बनर्जी से दूर करने के लिए उनके मन में भ्रम पैदा किया गया। सिन्हा ने कहा कि यदि लोगों से किये गये वादे पूरे नहीं होते हैं, तो इसका विरोध होना स्वाभाविक है।
उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से आन्दोलन करना लोगों का अधिकार है और सड़क से लेकर संसद तथा विधानसभा तक विरोध की आवाज उठ सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी महिलाओं से किये गये वादों और उनकी समस्याओं पर ध्यान देने की अपील की। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नेता चिराग पासवान को लेकर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### बाइक और ऑटो की जबरदस्त टक्कर में चार घायल

**भुरकुंडा :** बासल थाना क्षेत्र के रामगढ़-पतरातू मार्ग पर नया टोला के पास रविवार शाम बाइक और ऑटो की टक्कर में ऑटो पलट गया। हादसे में बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार शाम करीब चार बजे गोला से एक ही परिवार के लोग ऑटो संख्या जेएच 02 एएफ 9187 से बलकुदरा के बड़कटोला में दसकर्म में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक ओवरटेक के क्रम में ऑटो से टकरा गई। टक्कर से ऑटो सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद बाइक भी आगे जाकर पलट गई और क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि बाइक सवार सुरक्षित बच गया। सूचना पर बासल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### बेड़ो में शिवसेना ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को की आर्थिक मदद



**बेड़ो :** बेड़ो थाना क्षेत्र के खुखरा स्थित राज विद्या केंद्र आश्रम मोड़ के समीप 15 सितंबर को हुई सड़क दुर्घटना में मृतक जैनू गोप के परिजन से रविवार को शिवसेना के मांडर विधानसभा सचिव नीरज कुमार सिंह मिले और ढांढ़स बंधाया। इस दौरान नीरज कुमार सिंह ने शिवसेना के झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह के निर्देश पर मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी को ब्राह्मण भोज हेतु भोजन सामग्री उपलब्ध कराकर आर्थिक मदद की। मौके पर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि लक्ष्मी देवी के पति जैनू गोप की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से परिवार के समक्ष समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने पीड़ित परिवार को प्रशासन से भी आर्थिक मदद दिलाने की गुहार लगाने की बात कही, साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### एसआइआर को लेकर कांग्रेस का धरना आज

**खूंटी :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। रविवार को सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली, डॉ राजकिशोर राम और जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने एसआइआर से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया। प्रदेश प्रवक्ता अख्तर अली ने कहा कि पिछले 10 महीनों में एसआईआर से संबंधित मामलों को लेकर निर्वाचन आयोग के भीतर 14 बार आपत्तियां दर्ज किए जाने की रिपोर्ट सामने आई है। उन्होंने कहा कि इससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठे हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग के एसआइआर अभियान के दौरान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों में 13 करोड़ से अधिक नाम शामिल नहीं किए जाने की रिपोर्ट भी सामने आई है। अख्तर अली ने कहा कि राहुल गांधी पिछले एक वर्ष से चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते रहे हैं।

### एचईसी मजदूरों की लम्बित मांगों को लेकर चरणबद्ध आन्दोलन करेगा सीटू

**रांची :** हटिया मजदूर यूनियन सीटू की कार्यकारिणी समिति की रविवार को हुई बैठक में एचईसी के स्थायी और सप्लाई मजदूरों से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मजदूरों की मांगों के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। यूनियन की ओर से कहा गया कि आंदोलन को लेकर जल्द कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। यूनियन के अध्यक्ष भवन सिंह ने आरोप लगाया कि एचईसी प्रबंधन ने वर्ष 2010 में हुए समझौते का पूरी तरह उल्लंघन किया है। कुछ लोगों से गलत तरीके से हस्ताक्षर करवाए गए हैं, जिन्हें यूनियन कानूनी रूप से वैध नहीं मानती। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरों के हितों से जुड़े वेतन अथवा अन्य लाभ में किसी भी तरह की कटौती या समझौते को मान्यता प्राप्त यूनियन की सहमति के बिना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## विश्व पर्यटन दिवस पर ऑड्रे हाउस में विशेष आयोजन

# पर्यटन क्षेत्र में योगदान देनेवालों को मिला सम्मान

- पर्यटक मित्रों की भूमिका पर्यटन क्षेत्र के विकास में महत्त्वपूर्ण : मुकेश कुमार
- पर्यटक मित्रों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स को किया गया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पर्यटन सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि पर्यटक मित्र राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आगंतुकों को स्थानीय जानकारी, सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र पर्यटकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सहयोगी है। पर्यटन के क्षेत्र में काम करनेवाले अन्य स्टेकहोल्डर्स भी अपनी डिजिटल पहुंच और रचनात्मक सामग्री के माध्यम से झारखंड के पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक सौंदर्य और विविध अनुभवों को देश-दुनिया के नये दर्शकों तक पहुंचाने में योगदान दिया है। वह रविवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर राँची स्थित ऐतिहासिक ऑड्रे हाउस में आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। समारोह के दौरान राज्य में पर्यटन को बेहतर अनुभव और व्यापक पहचान देने में योगदान कर रहे पर्यटक मित्रों, और अन्य स्टेकहोल्डर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुकेश कुमार ने कहा कि यह सम्मान उन सभी साझेदारों के योगदान को पहचान देने का प्रयास रहा, जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से झारखंड को एक आकर्षक और यादगार पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

**झारखंड पर्यटन को नयी पहचान देने की दिशा में साझा प्रयास**

**पर्यटन** निदेशक नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस का यह आयोजन झारखंड की प्राकृतिक सुन्दरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध पर्यटन सम्भावनाओं को व्यापक पहचान दिलाने के साझा संकल्प का प्रतीक बना है। पर्यटन विभाग द्वारा स्थानीय समुदायों, पर्यटक मित्रों, होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र और अन्य स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता के माध्यम से राज्य में पर्यटन अनुभव को और बेहतर बनाने तथा झारखंड के पर्यटन स्थलों की पहुंच व्यापक करने की दिशा में निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रेम रंजन, प्रबंध निदेशक सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव पर कार्रवाई को लेकर तैलिक समाज ने जतायी नाराजगी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मांडू :** तैलिक समाज की बैठक रविवार को जोड़ा तालाब स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में अध्यक्ष दीपक कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसका संचालन मीडिया प्रभारी अजय कुमार ने किया। बैठक में पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को लेकर हो रही बयानबाजी व प्रशासनिक कार्रवाई पर चर्चा करते हुए समाज के लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई।
वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक बयान से पहले तथ्यों की जानकारी जरूरी है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन किसी व्यक्ति या समाज की प्रतिष्ठा को प्रभावित करने वाली बयानबाजी से बचना चाहिए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा की मांग की गई। बैठक में समाज की एकजुटता और गतिविधियों को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। मौके पर सचिव धानेश्वर साव, कोषाध्यक्ष प्रकाश साव, बैजनाथ साव, योगेश्वर साव, संजय कुमार, संतोष साव, बैजनाथ प्रसाद चंदन, ज्वाल प्रसाद, रमेश साव, अमीत कुमार, रोहित कुमार, नंदकिशोर साव, विनोद साव, कृष्णा साव, अरूण साव, माइकल साव, छोटेलाल, बैजा साव, मुंशी साव, राज कपूर साव, नारायण साव, किशोरी साव, संदीप कुमार, प्यारी साव, बहादुर, बाबूलाल, युगल, गोपी साव, संतोष कुमार, ओमकार कुमार, सरजू साव, लालधारी साव, प्रशांत कुमार, सुरेश साव, दिलीप कुमार, बिंदु साव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नयी दिल्ली में करम मिलन समारोह में झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की सहभागिता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** करम पर्व के अवसर पर आज रविवार को नई दिल्ली में आयोजित करम मिलन समारोह में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह में चैम्बर अध्यक्ष तुलसी पटेल, उपाध्यक्ष विकास विजयवर्गीय, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव अमित शर्मा, सह सचिव पूजा ढाढ़ा और कोषाध्यक्ष नवजोत अलंग उपस्थित रहे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा चैम्बर के पदाधिकारियों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव तथा झारखण्ड के पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। चैम्बर अध्यक्ष तुलसी पटेल ने कहा कि करम पर्व झारखंड की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, सामाजिक समरसता तथा हमारी लोक परंपराओं को संजोने का संदेश देता है। देश की राजधानी में इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को व्यापक मंच मिलना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। चैम्बर महासचिव रोहित अग्रवाल ने कहा कि झारखंड की पहचान केवल उसके खनिज एवं औद्योगिक संसाधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी समृद्ध जनजातीय एवं लोक-संस्कृति भी उसकी विशिष्ट पहचान है।

## बैंकों की हड़ताल से व्यापारिक कामकाज पर असर की आशंका

**खूंटी :** 28 से 30 सितंबर तक होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का असर खूंटी के व्यापारिक कामकाज पर पड़ने की आशंका है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर होने वाली हड़ताल के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव मुकेश जायसवाल ने बताया कि हड़ताल महीने के अंतिम दिनों में होने के कारण व्यापारिक लेन-देन और वित्तीय गतिविधियों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ सकता है। इस अवधि में कैश फ्लो और लिक्विडिटी की समस्या उत्पन्न होने के साथ ही लोन प्रोसेसिंग और जरूरी दस्तावेजी प्रक्रियाएं भी प्रभावित होने की संभावना है।

## सेवा सारथी कार्यशाला सह किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सेवा भारती,झारखंड का तीन दिवसीय सेवा सारथी कार्यशाला सह किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सेवा धाम, गुडीडीह, जोन्हा में राष्ट्रीय सेवा भारती की न्यासी शिल्पा वर्णेकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत से किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सेवा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने सेवा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिस कार्य को करने से हृदय आनंदित हो, वही सेवा है। निस्वार्थ भाव से किया गया सेवा से हमारे घर की किलकारी और मन की फुलवारी प्रफुल्लित होती हैं। उन्होंने कहा सेवा कार्य विस्तार और गुणवत्ता विकास के सेवा सारथी कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मौके पर उन्होंने पंच परिवर्तन विषय रखते हुए कहा कि सेवा भारती के कार्यकर्ता द्वारा सेवा बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का जागरण, सामाजिक सरसता और नागरिक कर्तव्य के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर संत जेवियर्स कॉलेज की प्रो भारती रायपत, सीसीएल की पूर्व महाप्रबंधक रश्मि दयाल ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यशाला में किशोरी विकास केंद्र की किशोरियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मंजुषा देशमुख ने सेवा कार्य परिणामकारी एवं महिला आर्थिक सशितकरण पर बल दिया। उद्घाटन कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत- परिचय सेवा भारती, भाग -5 के अध्यक्ष चंदन मिश्र ने किया जबकि धनयवाद ज्ञापन प्रांतीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन अनुपमा सिन्हा ने किया।


## बेड़ो थाना में ज्वेलर्स दुकानदारों के साथ सुरक्षा को लेकर बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर रविवार को बेड़ो थाना परिसर में थाना प्रभारी कफील अहमद की अध्यक्षता में बेड़ो थाना अंतर्गत संचालित ज्वेलर्स दुकानों के संचालकों/मालिकों के साथ सुरक्षा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुकानदारों और बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। दुकानों व बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई।
ज्वेलरी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरा का इंस्टॉलेशन एवं उत्तम क्वालिटी का सीसीटीवी लगाने, अलार्म व्यवस्था एवं उसकी कार्यशीलता, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी, दुकान बंद करने एवं खोलने के समय सतर्कता बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को मास्क एवं हेलमेट पहनकर दुकान में प्रवेश करने पर पाबंदी लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मौजूद सभी व्यापारियों ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी और पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिया। थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## भुरकुंडा में जगह-जगह आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल का हो रहा निर्माण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** शारदीय नवरात्र की तैयारियां भुरकुंडा सहित आसपास में शुरू हो गई है। दुर्गा पूजा को लेकर जगह-जगह भव्य पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। कारीगर पूरी तन्मयता से निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। वहीं मूर्तिकार मां दुर्गा, भगवान गणेश, कार्तिकेय, लक्ष्मी, सरस्वती और महिषासुर की प्रतिमा तैयार करने में दिन-रात लगे हुए हैं। क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। भुरकुंडा रिक्रिएशन क्लब दुर्गा पूजा समिति द्वारा पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की तर्ज पर पंडाल बनाया जा रहा है। बताया जाता है कि लगभग 2 लाख 30 हजार की लागत से निर्माण हो रहा है। पंडाल कीऊंचाई लगभग 60 फीट और चौड़ाई तकरीबन 45 फीट होगी। अंदर और बाहर रंग-बिरंगे कृत्रिम फूलों से आकर्षक सजावट की जाएगी। साथ ही विद्युत सज्जा भी उम्दा देखने को मिलेगी। जवाहरनगर पंचायत में ज्योति क्लब द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। बंगाल से पहुंची कारीगरों की टीम पंडाल बनाने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि पंडाल का निर्माण 1 लाख 60 हजार रुपये से किया जाएगा। पूजा पंडाल की लंबाई और चौड़ाई 40-40 फीट की होगी। जिसमें उजले और सुनहरे रंग का मनमोहक मेल और आकर्षक विद्युत सज्जा देखने को मिलेगी। इसके अलावा सौंदा डी क्लब घर में 60 फीट ऊंचे भव्य पंडाल का निर्माण हो रहा है। मूर्तिकार प्रतिमाओं के निर्माण में जुटे हुए हैं।

## बेड़ो में एकल संच ने मनाया राष्ट्रीय बिटिया दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** एकल अभियान बेड़ो संच द्वारा रविवार को राष्ट्रीय बिटिया दिवस का आयोजन महादानी मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संच अध्यक्ष डा रमेश प्रसाद गुप्त ने सरस्वती माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। संच अध्यक्ष डा रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बेटी है तो कल है। इस संदेश को समाज और देश में पहुंचाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। बेटियों को अपने हक और अधिकार को बताकर उन्हें प्रोत्साहित करना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा बेटियां किसी से कम नहीं है । बेटियां भगवान का दिया हुआ सबसे बड़ा उपहार है। बिटिया दिवस के अवसर पर सबको उनको अधिक से अधिक आदर सम्मान देने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चियों पर पुष्प बरसाया गया। वहीं सभी बिटिया रानी को सम्मानित कर उन्हें फल और मिठाई दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संच प्रमुख करमी देवी संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार राय मनोहर कुमार और एकल विद्यालय के आचार्य एवं बच्चियों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## लगातार वर्षा से बेड़ो में सब्जी की फसल बर्बाद

- किसान बोले-लोन कैसे चुकायेंगे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिनों से लगातार हुई वर्षा से खेत जलमग्न हो गए हैं। खेतों में नमी बढ़ने से सब्जी की खेती पर सीधा असर पड़ा है। खेतों में मटर, फ्रेंचबीन, आलू सहित कई लतर फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। लगातार वर्षा से खेतों में उगे पौधे गल गए हैं। वहीं टमाटर, खीरा, शिमला मिर्च सहित सब्जी की फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। किसान पंकज कुजूर, गंदरु कुजूर, बुधनाथ महतो, सोहराई उरांव, वंदे लकड़ा, विशेश्वर मिंज व भीम महतो का कहना है कि इस बार उन्होंने आलू, फ्रेंचबीन, मटर की खेती की थी, लेकिन लगातार हुई वर्षा से खेती को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं प्रखंड के किसान ब्रजेश महतो, बलदेव महतो,सुखदेव भगत, संजय उरांव व भीम महतो गोप ने बताया कि ईख व टमाटर की फसल तैयार थी। इसी बीच अर्णव चक्रवात के बाद से लगातार वर्षा से खेतों में पानी का जमाव हो गया। खेतों में पानी भर जाने से ईख की फसल सड़ने की आशंका है, वहीं टमाटर काला पड़कर गलकर बर्बाद हो गया है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष पहले ही अधिक वर्षा के कारण सब्जियों सहित अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ था। प्रखंड क्षेत्र में रोजगार का कोई अन्य संसाधन नहीं है, सबकुछ खेती पर ही निर्भर है। लेकिन वर्षा ने सब्जी की खेती पर कहर बरपाया है। किसानों ने बताया कि बैंक से केसीसी लोन लेकर अच्छी आमदनी की आस के साथ धान व सब्जी की खेती की थी, लेकिन उस पर पानी फिर गया। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है कि लोन से कैसे मुक्ति मिलेगी। किसानों ने झारखंड सरकार से क्षति का आकलन कराकर मुआवजा देने की मांग की है।

## चार दिन की बारिश के बाद रांची में मौसम साफ, 28 सितम्बर से हल्की बारिश के आसार

**रांची :** राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न हिस्सों में पिछले चार दिनों से जारी बारिश के बाद रविवार को मौसम साफ हुआ। सुबह धूप निकलने से लोगों को बारिश से राहत मिली। हालांकि, मौसम विभाग ने 28 सितंबर से राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान किसी जिले के लिए अलर्ट जारी नहीं किया गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, एक जून से 27 सितंबर तक रांची जिले में 1,211.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि रांची शहर में इस अवधि में 1,428.5 मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे राज्य में इस अवधि के दौरान सामान्य 1,007.8 मिलीमीटर के मुकाबले 1,001.2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

## भक्ति, आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम बनेगा श्री राम लला पूजा समिति का भव्य पंडाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री राम लला पूजा समिति, रांची अपने तृतीय वर्ष में प्रवेश के साथ इस बार श्रद्धालुओं को भक्ति, आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति से जुड़ा एक भव्य अनुभव कराने की तैयारी में है। समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची जिला स्कूल परिसर में इस वर्ष वाराणसी स्थित स्वर्वेद महामंदिर के भव्य प्रारूप को पूजा पंडाल के रूप में तैयार किया जाएगा। पंडाल की भव्यता के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम दर्शन को भी विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि वाराणसी के उमरहा क्षेत्र में स्थित स्वर्वेद महामंदिर अपनी विशाल स्थापत्य शैली और आध्यात्मिक स्वरूप के लिए जाना जाता है। इसका निर्माण कार्य दिसंबर 2004 में प्रारंभ हुआ था तथा 18 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। मंदिर आध्यात्मिक साधना, ध्यान, योग एवं अध्ययन का प्रमुख केंद्र है और इसका संबंध विहंगम योग परंपरा से है। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल पूजा पंडाल का निर्माण करना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को भारतीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना भी है। इसी उद्देश्य के तहत इस वर्ष स्वर्वेद महामंदिर के प्रारूप को रांची में भव्य रूप दिया जा रहा है। अशोक चौधरी ने बताया कि श्री राम लला पूजा समिति द्वारा वर्ष 2024 में श्री राम मंदिर के प्रारूप को पूजा पंडाल के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस दौरान झारखंड के अलावा विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने पंडाल का अवलोकन किया।

## सड़कों पर अवैध पार्किंग करनेवालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# परिवहन विभाग ने अवैध पार्किंग के खिलाफ सख्त अभियान शुरू करने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जमशेदपुर के मरीन ड्राइव पर 24 सितंबर को हुए दर्दनाक हादसे के बाद झारखंड सरकार और परिवहन विभाग पूरी तरह सख्त रुख अपना चुका है। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से कार की टक्कर में राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी तृषा सिंह समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस भयावह घटना के बाद राज्य में सड़क सुरक्षा और अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए थे। हादसे पर गहरा संज्ञान लेते हुए झारखंड के परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने राज्यभर में सड़कों पर गलत तरीके से खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। जनता से सीधे जुड़ते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि आम जनमानस से अनुरोध है कि अगर किसी भी जिले में या किसी सड़क पर गलत पार्किंग दिखे, तो उसकी जानकारी मुझे साझा करें। अब यह व्यवस्था हर हाल में सुधरेगी और मैं स्वयं इस पूरे विषय की निगरानी करूंगा। परिवहन मंत्री ने राज्यवासियों से अपील करने के साथ-साथ सभी जिलों के उपायुक्तों को तुरंत एक्शन मोड में आने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला परिवहन अधिकारी और मोटर वाहन निरीक्षक की टीमों को आज से ही मुख्य और सहायक सड़कों पर अवैध पार्किंग हटाने के काम में लगा दिया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग और सहायक मार्ग पर वाहनों का खड़ा होना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, क्योंकि इससे आवागमन बाधित होता है और हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। सड़कों के किनारे संचालित होने वाले गैराज, कार वॉशिंग सेंटर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को विशेष रूप से चेतावनी दी गई है कि वे अपनी या ग्राहकों की गाड़ियां सड़क पर खड़ी न होने दें। युवाओं और आम नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन करने और जिम्मेदारी से वाहन पार्क करने का आग्रह किया गया है। विभाग ने साफ कर दिया है कि यह केवल एक चेतावनी नहीं, बल्कि एक सख्त मुहिम है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ आज से ही भारी चालान, जब्ती और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बेड़ो में नहीं थम रहा कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला, कई लोग हुए बेघर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिनों तक लगातार हुई वर्षा से कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। शनिवार शाम व रविवार सुबह में भी पांच कच्चे मकान गिर गए। चरिमा गांव निवासी देवमनी कुमारी पति विनोद लकड़ा, शनि लकड़ा पिता गोयंदा लकड़ा व संदीप कच्छप पिता बिरसा कच्छप का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। घर में सो रहे स्वजन बाल-बाल बचे, किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। वहीं ईंटा चिल्द्री गांव निवासी तारा देवी पति स्व बुधु ठाकुर और बोदा गांव में देवी बड़ाइक का घर गिर गया। जिससे घर में रखे घरेलू सामान, धान और चावल बर्बाद हो गए। इससे किसानों को काफी आर्थिक क्षति पहुंची है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, समाजसेवी पंकज कुजूर व विशेश्वर मिंज पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पूर्व मुखिया ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## एक झलक

### रांची में आगामी 10 नवम्बर को सजेगी जश्न-ए-उर्दू की महफिल

**रांची :** राजधानी रांची के हज हाउस में 10 नवंबर को राज्य स्तरीय उर्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सहाफी एसोसिएशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की ओर से प्रस्तावित सम्मेलन की तैयारियों और रूपरेखा को लेकर रविवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें विभिन्न जिलों से पहुंचे बुद्धिजीवियों, साहित्यप्रेमियों और उर्दू भाषा के प्रति रुचि रखने वाले लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में उर्दू भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के साथ उसकी समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने उर्दू के विकास और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि उर्दू केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मोहब्बत, अदब, इंसानियत और भाईचारे की जुबान है। उर्दू को किसी एक धर्म या समुदाय तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। यह देश की साझा सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मंत्री ने बताया कि सम्मेलन में साहित्यकारों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और उर्दू प्रेमियों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कल्याण मंत्री हफीजुल हसन और वरिष्ठ नेता फुरकान अंसारी की उपस्थिति प्रस्तावित है।

### दुर्गा पूजा में सुरक्षा और सेवा के लिए 300 सदस्य सम्भालेंगे मोर्चा

**रांची :** दुर्गा पूजा के दौरान शहर में सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर युवा दस्ता ने कमर कस ली है। रविवार को रांची के बड़ा तालाब परिसर में संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में फैसला लिया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान युवा दस्ता के करीब 300 सदस्य सुरक्षा व्यवस्था और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक में कुणाल आजवानी, मनीष कुमार साहू, प्रणय कुमार और सागर कुमार को सर्वसम्मति से युवा दस्ता का संरक्षक बनाया गया। राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि चार अक्टूबर 2026 को शहर के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आपसी समन्वय को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के साथ सेवा कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में दर्जनों नए सदस्यों ने युवा दस्ता की सदस्यता ग्रहण की। संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने सभी नए सदस्यों को दुर्गा पूजा के दौरान सेवा कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प दिलाया।

### रांची के अपर बाजार में सिगरेट एजेंसी में चोरी, 20 लाख से अधिक के माल और कैश पर हाथ साफ

**रांची :** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अपर बाजार में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने एक सिगरेट एजेंसी को निशाना बनाते हुए 20 लाख रुपये से अधिक कीमत के सिगरेट के कार्टन और एजेंसी में रखा कैश लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके के कारोबारियों में चिंता का माहौल है। एजेंसी के मालिक विनायक कुमार के अनुसार, चोरों ने एजेंसी में प्रवेश करने के लिए एक-दो नहीं, बल्कि पांच से अधिक ताले तोड़े। इसके बाद वे अंदर दाखिल हुए और वहां रखे सिगरेट के कार्टन को अपने कब्जे में ले लिया। चोरों ने एजेंसी में मौजूद नकदी पर भी हाथ साफ किया। प्रारंभिक स्टॉक मिलान में चोरी गए सिगरेट की कीमत 20 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। हालांकि, कैश समेत कुल नुकसान का वास्तविक आकलन स्टॉक और नकदी का पूरा मिलान होने के बाद ही स्पष्ट हो

# महिलाओं की शिकायतों का निवारण ही लक्ष्य : डालसा

■ कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 अर्थात (पोस एक्ट-2013) पर जागरूकता कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** महुआजारी पंचायत भवन एवं कानीजाड़ी गांव में ग्रमीणों को नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में से एक प्रमुख योजना महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 अर्थात (पोस एक्ट-2013) पर डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के नेतृत्व में 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान (चरण-1) होना सुनिश्चित हुआ है, जो कि 60 दिनों तक चलेगा। पीएलवी सुमन ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रति जागरूकता आवश्यक है। इसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकना, निषिद्ध करना तथा शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करना है। इस अधिनियम के तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर गरिमा और सम्मान के साथ कार्य करने का अधिकार प्राप्त है। पीएलवी कालिन्दर गोप एवं हरिराम करमाली ने नालसा (बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएँ) योजना - 2024 पर फोकस करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के सभी जरूरतमंद, पीड़ित या कानून से संघर्षरत बच्चों को 100 प्रतिषत निःशुल्क कानूनी सहायता पाने का अधिकार है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप न्याय प्रणाली को सुलभ और बाधा-मुक्त बनाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। डालसा टीम के सदस्यों के द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से घर-घर जाकर पूछताछ की एवं उनके समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को दूर करने की बातें कही। ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, पी.एम. किसान योजना, पशुपालन शेड योजना, राशन कार्ड, सिंचाई मशीन एवं लेबर कार्ड से संबंधित आवेदन लिये गये। विधिक जागरूकता के दौरान लगभग 350 लोग जागरूक हुए तथा माननीय नालसा-झालसा द्वारा संचलित विभिन्न योजनाओं से रू-ब-रू हुए। मौके पर डालसा के कार्यरत अलमा एक्का, पुनम देवी, पुष्पलता देवी ने आगामी 12 दिसम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी।

## मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के सीजन-7 का आगाज, 32 टीमें लेंगी हिस्सा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जलवायु परिवर्तन और लैंगिक समानता की थीम पर आयोजित मातृ शक्ति फुटबॉल टूनामेंट सीजन-7 का रविवार को आगाज हुआ। प्रतिज्ञा की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में इस वर्ष 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में 480 माताएं अपने फुटबॉल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। प्रत्येक टीम में 21 से 45 वर्ष आयु वर्ग की 15 माताएं शामिल हैं। घुनसुली में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुखिया बंधना उरांव ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर खिलाड़ियों ने खेल भावना और महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। प्रतिज्ञा वर्ष 2018 से लगातार मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है। उद्घाटन मुकाबला तुमना और घाघरा गांव की टीमों के बीच खेला गया। निर्धारित समय में दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में तुमना ने 4-3 से जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई। घाघरा की जसिन्ता सांगा को उनके प्रदर्शन के लिए मदर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में घांसीबाड़ी और गुटजोड़ा-1 की टीमें आमने-सामने थीं। मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट के बाद गोल्डन शॉट तक पहुंचा। निर्णायक गोल कर घांसीबाड़ी की माताओं ने रोमांचक जीत दर्ज की।

बैंक ऑफ इंडिया और झारखंड सरकार के बीच JeGRAS के लिए एमओयू

## झारखंड सरकार के कर व गैर-कर राजस्व संग्रह को मिलेगी 24/7 डिजिटल सुविधा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राज्य के अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और झारखंड सरकार के वित्त विभाग के बीच झारखंड इलेक्ट्रॉनिक गवर्नमेंट रिसीट अकाउंटिंग सिस्टम (JeGRAS) के तहत एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के साथ बैंक ऑफ इंडिया को JeGRAS के लिए एजेंसी बैंक के रूप में जोड़ा गया है। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर झारखंड सरकार के वित्त विभाग की ओर से अपर सचिव कर्ण सत्यार्थी एवं संयुक्त सचिव ज्योति कुमार झा उपस्थित रहीं। बैंक ऑफ इंडिया की ओर से फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड, अमित भदानी, आंचलिक प्रबंधक, रांची अंचल सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित टीम उपस्थित रही। इस समझौते के माध्यम से बैंक ऑफ इंडिया झारखंड सरकार के कर एवं गैर-कर राजस्व के डिजिटल संग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। JeGRAS के माध्यम से नागरिकों एवं अन्य करदाताओं को सरकारी राजस्व का भुगतान अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित एवं सुगम तरीके से करने की सुविधा प्राप्त होगी। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा JeGRAS के अंतर्गत 24७7 राजस्व संग्रह सुविधा तथा तत्काल ई-चालान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे सरकारी राजस्व भुगतान की प्रक्रिया को अधिक डिजिटल, पारदर्शी एवं कुशल बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने कहा कि झारखंड सरकार के वित्त विभाग के साथ यह साझेदारी राज्य में डिजिटल बैंकिंग एवं डिजिटल राजस्व संग्रह व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कांग्रेस की भ्रम और मनगढ़ंत कहानियों की राजनीति पूरी तरह ध्वस्त : आदित्य

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि लगातार चुनावी पराजय से कांग्रेस हताश और बौखला गई है। उन्होंने कहा कि देश की जनता कांग्रेस को बार-बार नकार रही है, जिससे वह संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर अपनी खीझ निकाल रही है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में रविवार को आदित्य साहू ने कहा कि चुनाव आयोग सहित संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना कांग्रेस की राजनीतिक हताशा का परिचायक है। कांग्रेस जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ और भ्रामक प्रचार का सहारा ले रही है।

## मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उच्च शिक्षा के लिए प्रतिबद्धता पर डॉ. अमित कुमार पांडेय सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के Celebration Banquet Hall में Kanke Talks द्वारा आयोजित 'संवाद' कार्यक्रम में शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों को विशेष सम्मान मिला। इस अवसर पर RKDF University, Ranchi के Pro Vice Chancellor डॉ. अमित कुमार पांडेय को प्रतिष्ठित ङ्कल्ल'ळि''२ रेंर्ह्र रेंल्ल 2026 से सम्मानित किया गया। डॉ. अमित कुमार पांडेय को यह सम्मान उच्च शिक्षा के माध्यम से झारखंड के युवाओं को सशक्त बनाने, मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने तथा शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सकारात्मक पहल को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने स्वयं मंच पर डॉ. अमित कुमार पांडेय को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यसभा के



उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, पद्म श्री से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक बलबीर दत्त तथा पद्म श्री से सम्मानित प्रसिद्ध नागपुरी लोक कलाकार एवं गायक श्री मुकुंद नायक सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. अमित कुमार पांडेय ने कहा राज्य के मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पहचान, सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर दिलाना केवल हमारा दायित्व ही नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रतिभा को सही दिशा और उचित मंच मिले, यही हमारी प्राथमिकता है।

## अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के उपलक्ष्य में चतुर्थ चरण की प्रतियोगिताएं आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अग्रवाल सभा रांची के 50वें श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के शुभ अवसर प्रतियोगिताओं के चतुर्थ चरण में महाराजा अग्रसेन भवन में आओ सुनाएं एक कहानी, भारतीय संस्कृति एवं धर्म प्रश्नोतरी, एकल नृत्य, समूह नृत्य, फैंसी ड्रेस, प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन शारदा ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर उ.अ दीपक बंका ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिताओं में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया।इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने आए हुए सभी अभिभावकों एवं बच्चों का स्वागत किया व जयंती संयोजक सज्जन कुमार पड़िया ने कार्यक्रम की जानकारी दी एवं मंत्री निर्मल बुधिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन अमर अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, राजेंद्र केडिया, नंदकिशोर पाटोदिया, अशोक नारसरिया, विनोद जैन, पवन पोद्दार, कमल केडिया, सुनील पोद्दार, रामाशंकर बगड़िया, महेश अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, अजय डिडवानिया, विनोद टिबडेवाल, प्रमोद बगड़िया, राजकुमार मित्तल, विजय खोवाल, कौशल कुमार राजगढ़िया, अशोक लाठ, नरेश बंका ,किशन पोद्दार, प्रीति पोद्दार, रीना सुरेखा,पद्मा बंका, विद्या अग्रवाल, छाया अग्रवाल, मंजू केडिया, निधि सराफ, रीता मोदी, नम्रता बागला ,शालु सिंघानिया, करिश्मा बागला, आदि सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

## सर्वसम्मति से युवा दस्ता को बनाया गया संरक्षक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** युवा दस्ता की बैठक बड़ा तालाब रांची में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कुणाल आजवानी, मनीष कुमार साहू, प्रणय कुमार तथा सागर कुमार को सर्वसम्मति से युवा दस्ता का संरक्षक बनाया गया। बैठक में राजीव रंजन मिश्रा ने बताया की आगामी 4-10-2026 को शहर के धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए समन्वय बैठक तय की गई है।आज की बैठक में दर्जनों की संख्या में नए सदस्यों ने युवा दस्ता की सदस्यता ग्रहण की जिन्हें राजीव रंजन मिश्रा ने पूजा के दौरान सेवा कार्य करने के लिए संकल्प दिलाया।इस मौके पर युवा दस्ता के कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष आनंद ने बताया कि युवा दस्ता के करीब 300 सदस्य जिला प्रशासन के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के बीच कड़ी का काम करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से विकाश राज, ज्योति शंकर साहू, राकेश कुमार सिंह, राहुल सिंहा, नवनीत पांडेय, साहिल, प्रकाश सिंहा, राजेश राम अरविंद जयसवाल, सत्येंद्र पासवान, दीपक केसरी संजय पटेल सिकंदर महतो, राजेश राम, विकास धर दुबे राजीव सिंह, अविनाश सिंह, सूरज, दीपाक कुमार साहू, राकेश कुमार ,साहिल कुमार प्रेम यादव, आयुष, अविनाश कुमार, उदय यादव उपस्थित रहे।

## उतना ही लें थाली में, जो व्यर्थ न जाये नाली में : मुकेश काबरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री माहेश्वरी सभा, रांची की तीनो इकाई की सयुंक्त महत्वपूर्ण बैठक श्री माहेश्वरी सभा रांची के अध्यक्ष मुकेश काबरा की अध्यक्षता में माहेश्वरी भवन, रांची में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से माहेश्वरी सभा, रांची द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महेश्वरी भवन के सामने संचालित अन्नपूर्णा सेवा तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में चल रहे एक्यूप्रेशर सेवा एवं जेनेरिक दवाखाना के संबंध में विशेष चर्चा हुई। इन सभी सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी संबंधित उपसमितियों को दी गई। अध्यक्ष मुकेश काबरा ने समाज को नई दिशा में आगे भी जागरूकता एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। उन्होंने विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में भोजन की बबार्दी रोकने की आवश्यकता पर जोर देते हुए 'उतना ही लें थाली में, जो व्यर्थ न जाए नाली में' अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भोजन की बबार्दी रोकना सामाजिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए।

विश्व पर्यटन दिवस पर 'स्वच्छता ही सेवा-2026' के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## जोन्हा जलप्रपात पर चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची/जोन्हा :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध जोन्हा जलप्रपात पर्यटन स्थल पर विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रांची ईस्ट डिवीजन, रांची वेस्ट डिवीजन एवं निदेशालय, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में रंजीता हेम्ब्रम, अभियान निदेशक, एसबीएमजी झारखंड के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जोन्हा जलप्रपात पर्यटन स्थल की विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता अभियान, 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण, स्वच्छता शपथ, सेल्फी पॉइंट्स के माध्यम से स्वच्छता संदेश का प्रसार तथा सिग्नेचर कैंपेन के जरिए जनभागीदारी सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर रंजीता हेम्ब्रम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता की शुरूआत अपने घर, मोहल्ले, गांव और पर्यटन स्थलों से करनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छ एवं सुंदर पर्यटन स्थलों के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में शशेन्द्र कुमार बड़ाईक, संयुक्त सचिव-सह-संयुक्त निदेशक; राजेश रंजन, कार्यपालक अभियंता, रांची ईस्ट डिवीजन; आनंद कुमार, कार्यपालक अभियंता, रांची वेस्ट डिवीजन सहित राज्य समन्वयक, जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक, पंचायती राज प्रतिनिधि, जल सहिया, स्वच्छाग्रही तथा अन्य संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## बीसीआई प्लेटिनम का 'पावर वन टू वन' कार्यक्रम आयोजित



**रांची :** बीसीआई प्लेटिनम की ओर से अमोन मार्केटिंग मॉड्यूलर किचन शोरूम, करमटोली रोड में 'पावर वन टू वन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमोन मार्केटिंग के निदेशक अमित कुमार पाठक ने प्रतिष्ठान में उपलब्ध कुचिना ब्रांड के मॉड्यूलर किचन की विशेषताओं, उपयोगिता, उपलब्धता और कीमतों की जानकारी दी। इस दौरान बीसीआई द्वारा रेफरल मार्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों और वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बीसीआई के निदेशक शिव कुमार सिंह, अजय कुमार, परामर्शी राजीव शर्मा, अध्यक्ष सुनील कालरा, उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता, सचिव सुबोध कुमार वर्मा, डॉ. अरविंद आर्या सहित करीब 40 सदस्य शामिल हुए।

## सीआरपीएफ-रोटरी क्लब ने मिल कर लगाये 1000 फलदार व छायादार पौधे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय (दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी), तिरिल परिसर में रोटरी क्लब ऑफ रांची के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के पहले चरण में 1000 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। शेष पौधों का रोपण आगामी दिनों में चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। कार्यक्रम में सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय के पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश कुमार सहाय और झारखंड सेक्टर के पुलिस उपमहानिरीक्षक के.के. पांडेय समेत वरिष्ठ अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने पौधारोपण में भाग लिया। रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष ललित त्रिपाठी ने कहा कि पौधा लगाना पहला कदम है, असली



जिम्मेदारी उसे पेड़ बनाना है। सीआरपीएफ जैसे अनुशासित संस्थान के साथ मिलकर लगाए गए पौधों के नियमित संरक्षण और देखभाल पर भी ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्य भंडारी लाल, हरमिंदर सिंह, दीपक श्रीवास्तव, भावना तनेजा, अतुल अग्रवाल, पवन जायसवाल, बिनोद कुमार और शीतल अग्रवाल मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के अभियान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और स्वच्छ वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एसबीयू में त्रिभाषीय भौतिकी शब्दावली निर्माण के लिए आयोजित पांच दिवसीय बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के भौतिकी विभाग द्वारा भौतिकी की त्रिभाषीय शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी-संथाली) के निर्माण के लिए आयोजित पांच दिवसीय बैठक का समापन हुआ। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग के प्रायोजन में आयोजित इस बैठक में विषय विशेषज्ञों, भाषा विशेषज्ञों एवं अनुवादकों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य भौतिकी विषय से संबंधित वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दों की अंग्रेजी, हिंदी एवं संथाली भाषाओं में मानकीकृत शब्दावली तैयार करना तथा भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक ज्ञान को अधिक सुलभ एवं व्यापक बनाना था। इस अवसर



पर संथाली भाषा एवं अनुवाद के क्षेत्र के विशेषज्ञ ठाकुर प्रसाद मुर्मू, डॉ. शर्मिला सोरेन, विलियम हांसदा, सुश्री मीनाक्षी. मुर्मू, विन्सेंट मरांडी एवं डॉ. आशा कुमारी सहित विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न तकनीकी एवं भाषाई पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान भौतिकी के वैज्ञानिक शब्दों के हिंदी एवं संथाली रूपांतरण, उनकी भाषाई उपयुक्तता तथा मानकीकरण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने कहा कि भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक शब्दावली का विकास महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा एवं भारतीय भाषाओं के माध्यम से जटिल वैज्ञानिक विषयों को समझने में सहायता मिलेगी तथा भारतीय भाषाओं में उच्च शिक्षा के विस्तार को गति मिलेगी। कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने कहा कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान को भारतीय भाषाओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग तथा सभी विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि त्रिभाषीय शब्दावली का निर्माण शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उपयोगी संसाधन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग के सहायक निदेशक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने आयोग की ओर से भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक शब्दावली के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय एवं भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक संसाधनों का निर्माण उच्च शिक्षा को अधिक समावेशी एवं सुलभ बनाने में सहायक होगा। बैठक में विषय विशेषज्ञों एवं भाषा विशेषज्ञों के बीच निरंतर संवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से भौतिकी की त्रिभाषीय शब्दावली को अधिक वैज्ञानिक, भाषाई रूप से उपयुक्त एवं उपयोगी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के आयोजन में प्रो वी के सिंह और डॉ नित्या गर्ग का विशेष योगदान रहा। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद सह निदेशक, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस अवसर पर शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## अध्यक्ष संतोष जैन के नेतृत्व में भगवान महावीर हॉस्पिटल संस्थान की वार्षिक आमसभा सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भगवान महावीर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर संस्थान रांची की वार्षिक आमसभा अध्यक्ष संतोष जैन के नेतृत्व रविवार को महावीर भवन बरियातू रांची में आयोजित की गई। अध्यक्ष संतोष जैन के वार्षिक आमसभा बैठक की शुरूआत की। संस्था के सचिव पंकज सेठी द्वारा सम्मिलित वार्षिक रिपोर्ट सदस्यगण के समक्ष प्रस्तुत की गई। उपाध्यक्ष गोविंद राम सरावगी, कमल विनाईक्या, सहसचिव रोहित जैन एवं अमित जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र छाबड़ा, पूरणमल जैन, दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष प्रदीप बाकलीवाल, डॉ वी के जैन व अन्य गणमान्य फाउंडर सदस्य उपस्थित रहे। ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन छाबड़ा ने वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा दिया। आमसभा में बीते एक वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में संस्था द्वारा किए गए कार्यों तथा आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। मीटिंग में भविष्य में जनकल्याण के लिए स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराने हेतु चर्चा की गई। जरूरत मंद लोगों के लिए संस्था की नयी डायलिसिस सेंटर, फिजियोथेरेपी, ब्लड बैंक एवं डेंटल केयर सुविधा लो कॉस्ट पर जनसामान्य को उपलब्ध कराने के हेतु चर्चा की गई।

## एक झलक

### आपसी सहमति से युवक-युवती ने किया प्रेम विवाह



**केरेडारी** : थाना क्षेत्र के बेंगवरी गांव निवासी जितेंद्र कुमार और कंडाबेर पंचायत निवासी छकन राणा की पुत्री रिया कुमारी ने आपसी रजामंदी से प्रेम विवाह कर लिया। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, युवक-युवती 22 सितंबर को अपने-अपने घर से निकलकर रांची पहुंचे। जहां दोनों ने आपसी सहमति से विवाह कर लिया। इसके बाद 27 सितंबर को दोनों ने केरेडारी थाना स्वम पहुंचकर पुलिस को अपने विवाह की जानकारी दी। केरेडारी पुलिस ने दोनों की उम्र सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की जांच-पड़ताल की। जांच के बाद दोनों के परिजनों को थाना बुलाया गया। परिजनों की सहमति के बाद युवती को युवक के घर भेज दिया गया।बताया गया कि दोनों पक्षों के परिजनों ने भी इस विवाह पर अपनी सहमति जताई है। युवक के पिता वीरेंद्र महतो और युवती के पिता छकन राणा ने आपसी सहमति से दोनों को साथ रहने की अनुमति दी।

### चूरामन की सड़क हादसे में मौत

**हजारीबाग** : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग स्थित ग्रहमुर्गी के समीप स्टेट हाइवे पर रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार 17 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविंदपुर खुर्द निवासी चूरामन कुमार (17), पिता वासुदेव साव के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चूरामन कुमार अपने एक साथी के साथ बाइक से कोनार डैम घूमने गया था। रविवार को दोनों डैम से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्रहमुर्गी के समीप बाइक तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे लोहे के खंभे से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में चूरामन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ बाइक पर सवार दूसरा युवक सुरक्षित बताया जा रहा है।

**हादसे के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण**

**दुर्घटना** के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। दुर्घटना के कारणों तथा घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है।

---

### तुलसी महतो की मौत के बाद मुआवजे को लेकर परिजनों का भड़का आक्रोश, आठ घंटे जाम रहा नरकी स्टेट हाइवे

# आठ घंटे थमी रही वाहनों की रफ्तार

■ दोपहर 3:30 से रात 11:30 बजे तक थमी रही वाहनों की रफ्तार एम्बुलेंस भी जाम में फंसी; मृतक की छह बेटियों के सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : नरकी और झंडी के बीच शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बोकारो के बेदकारो (गांधीनगर) निवासी तुलसी महतो (45 वर्ष) की मौत के बाद शनिवार को मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर देखने को मिला। मुआवजे को लेकर सहमति नहीं बनने पर नरकी मोड़ के समीप विष्णुगढ़-गोमिया स्टेट हाइवे को करीब आठ घंटे तक जाम रखा गया। दोपहर करीब 3:30 बजे शुरू हुआ सड़क जाम रात 11:30 बजे तक जारी रहा। इस दौरान विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग के साथ नरकी थर्मल पावर स्टेशन जाने वाली सड़क पर भी वाहनों का परिचालन प्रभावित रहा। बताया गया कि तुलसी महतो शुक्रवार को अपनी एक्टिवा स्कूटी से गांधीनगर, बोकारो से नरकी की ओर जा रहे थे। नरकी और झंडी के बीच विपरीत दिशा से आ रही एक स्कॉर्पियो से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान उनकी मौत हो गई।

**मुआवजे की राशि पर नहीं बनी सहमति**

**घटना** के बाद मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। बताया गया कि मृतक के परिजनों को एक लाख 60 हजार रुपये मुआवजा देने की बात सामने आई थी, लेकिन परिजन इस पर सहमत नहीं हुए। इसके बाद सड़क जाम जारी रहा। बताया गया कि करीब 50 महिलाएं और 20 पुरुष सड़क पर मौजूद रहे और आवागमन बाधित रहा। एंबुलेंस भी जाम में फंसी। हालांकि रात्रि साढ़े ग्यारह बजे के बाद पुलिस-प्रशासन किसी तरह मृतक के परिजनों और गुस्साए ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को हटाया। यात्री रहे परेशान करीब आठ घंटे तक सड़क जाम रहने से विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। छोटे-बड़े वाहनों के साथ यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान एंबुलेंस सेवा भी जाम में फंस गई, जिससे आपात स्थिति में आवागमन को लेकर चिंता बनी रही। कई यात्री निर्धारित समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। यात्रियों के देर से पहुंचने के कारण उनके परिजन भी परेशान रहे। लंबे समय तक सड़क जाम रहने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। करीब आठ घंटे तक मुख्य मार्ग पर परिचालन बाधित रहने को लेकर स्थानीय लोगों में प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना था कि इतने लंबे समय तक सड़क जाम रहना यातायात व्यवस्था संभालने और समय रहते समाधान निकालने की प्रशासनिक क्षमता पर सवाल खड़ा करता है।

---

## पदमा में नकली विदेशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी, दो गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पदमा** : पदमा ओपी पुलिस ने शनिवार रात वाहन जांच के दौरान बिहार ले जाई जा रही नकली विदेशी शराब की खेप पकड़ी। पुलिस ने ग्रे रंग की इनोवा (खल10ग-7960) से 33 पेटी नकली शराब बरामद करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। बरामद शराब पर उछअरखळ उछऊ लऋअइछळ हळकऋड का लेबल लगा था। पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर की रात करीब नौ बजे एसपी हजारीबाग को सूचना मिली थी कि उक्त वाहन से अवैध विदेशी शराब बिहार ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद एसडीपीओ बरही एवं बरही अंचल पुलिस निरीक्षक के निर्देश पर पदमा ओपी प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में ओपी गेट के पास वाहन जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने इनोवा को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने वाहन लेकर भागने की कोशिश की। पुलिस बल ने पीछा कर वाहन को रोक लिया और उसमें सवार दो लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान एस. बेंकटरमन मूर्ति (46), निवासी बैंक कॉलोनी करणडीह, थाना परसुडीह, पूर्वी सिंहभूम और गुड्डू आलम (24), निवासी मजुराहा, थाना बरियारपुर, मोतिहारी (बिहार) के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि शराब धनबाद के बरवाअड्डा निवासी मुकेश कुमार से लेकर बिहार ले जाई जा रही थी।

---

## निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने उठाये सवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR), मतदाता सूची में बदलाव और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने सवाल उठाए हैं। रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता जकाउल्ला और जिलाध्यक्ष जेपी पटेल ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर पार्टी का पक्ष रखा। मौके पर बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला और जिला कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर इन मुद्दों को लेकर देशभर में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जा रहा है। 28 सितंबर को जिला मुख्यालय से कलेक्ट्रेट तक विरोध मार्च आयोजित किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग की निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता और संस्थागत जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। नेताओं ने कहा कि रक्फ़ के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन की प्रक्रिया नागरिकों के मताधिकार से सीधे जुड़ी है। इसलिए इसमें निर्धारित कानूनी प्रक्रिया और पर्याप्त सार्वजनिक जांच जरूरी है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग की आईटी प्रणाली, डेटा प्रबंधन और केंद्रीकरण की प्रक्रिया की स्वतंत्र समीक्षा एवं ऑडिट कराने की मांग की।

---

## मतदाता अधिकारों की रक्षा और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर आज हजारीबाग में होगा आन्दोलन : मुन्ना सिंह



**दारू/हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित कांग्रेस की मांगों एवं मतदाता अधिकारों की रक्षा से जुड़े विषयों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 28 सितंबर को हजारीबाग में प्रस्तावित लोकतांत्रिक आंदोलन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोपरि है और प्रत्येक मतदाता के अधिकार की रक्षा होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है। इन मुद्दों को लेकर 28 सितंबर को हजारीबाग में लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन किया जाएगा। मुन्ना सिंह जी ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होकर आंदोलन को मजबूती देने का आह्वान किया।

---

## झारखंड आन्दोलन के जननायक स्व. टेकलाल महतो की 15वीं पुण्यतिथि मनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय में रविवार को झारखंड आंदोलन के जननायक गिरिडीह के पूर्व सांसद एवं मांडू के पूर्व विधायक टेकलाल बाबू की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई। अवसर पर विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय परिसर में स्थित टेकलाल बाबू की आदमकद प्रतिमा पर उनके पुत्र झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल एवं उनके परिजनों तथा प्रखंड कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस कार्यक्रम के पश्चात टेकलाल बाबू के पैतृक आवास चानो तथा बनासो स्थित दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बीएड कॉलेज बनासो में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### स्व. टेकलाल बाबू की आदमकद प्रतिमा पर उनकी पुत्रवधू डॉ. गीता मेहता, सुपौत्र गौरव पटेल ने माल्यार्पण कर किया नमन

**विष्णुगढ़** : रविवार को प्रखंड स्थित बीएड कॉलेज बनासो तथा उनके पैतृक गांव चानो में झारखंड आंदोलन के जननायक सह पूर्व सांसद व विधायक स्व. टेकलाल महतो की 15वी पुण्यतिथि मनाई गयी। सर्वप्रथम स्व० टेकलाल बाबू के आदमकद प्रतिमा पर उनके पुत्रवधु डॉ० गीता मेहता, सुपौत्र गौरव पटेल ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने भी उनके प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। झामुमो के केन्द्रीय समिति सदस्य सह जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हजारीबाग एवं स्व० टेकलाल बाबू के पौत्र गौरव पटेल ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन में टेकलाल बाबू ने अग्रणी भूमिका निभाई थी।



---

## विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर डीवीसी कोनार में स्वच्छता व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : दामोदर घाटी निगम, कोनार बांध परियोजना में स्वच्छता ही सेवा ( एस एच एस)2026 अभियान के अंतर्गत 27 सितंबर 2026 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कोनार डैम परिसर में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कोनार डैम परिसर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जलस्रोतों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कोनार डैम की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी रेखांकित किया। परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने दूरभाष के माध्यम से कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी और दैनिक जीवन का हिस्सा है। कोनार डैम जैसे प्राकृतिक एवं पर्यटन महत्व वाले स्थल को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाए रखने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ह्लस्वच्छ कोनारझ्रसुंदर कोनारह्व का संदेश देते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया ।

---

## चरही में मछली पालकों को प्रशिक्षण, फिश फीड वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : BAIYFY क्लस्टर कार्यालय, चरही में रविवार को मछली पालन से जुड़े लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं निःशुल्क फिश फीड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इअकऋ एवं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (उउछ) के संयुक्त सहयोग से कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (उरफ) के तहत संचालित समेकित सामुदायिक विकास परियोजना उत्थान के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण में परियोजना प्रभारी राजीव कुमार ने लाभार्थियों को वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन, तालाब प्रबंधन, मछलियों के पोषण, उचित आहार तथा इससे होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से मछली पालन अपनाकर किसान अपनी आय बढ़ाने के साथ आजीविका को मजबूत कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी संबंधित लाभार्थियों के बीच निःशुल्क फिश फीड का वितरण किया गया। परियोजना पदाधिकारी-सह-कृषि अधिकारी, इअकऋ कउऊढ चरही ने किसानों को इअकऋ एवं उउछ के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे कृषि एवं मत्स्य इनपुट के वैज्ञानिक उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में परियोजना क्षेत्र के किसानों द्वारा कुल 20 तालाबों में मछली पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 से उउछ के वित्तीय सहयोग से चरही क्षेत्र के नौ गांवों में किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनमें तकनीकी प्रशिक्षण, कृषि एवं आजीविका संबंधी इनपुट तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना शामिल है। कार्यक्रम में वसीमा खातून, मोनिका देवी, कुसुम देवी, वीणा कुमारी, समीना परवीन (उफढ) सहित परियोजना टीम के सदस्य एवं नौ गांवों से आए लाभार्थी और ग्रामीण मौजूद रहे।



---

## केन्द्र सरकार और बैंक यूनियनों के साथ 2024 में लिये गये फैसले को लागू करे सरकार : सीटू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : सी आई टी यू, हजारीबाग के सहायक सचिव ने बताया कि मार्च 2024 को बैंक कर्मचारियों के यूनियनों और बैंकों के प्रबंधन के साथ जो फैसला लिया गया था उसको लागू करने में बैंकों के प्रबंधन टाल मटोल कर रही है. इसलिए बैंकों के 7 यूनियनों ने मिल कर ₹ यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ₹ बनाया है और यही फोरम ने तीन दिन 28, 29 और 30 सितंबर को बैंकों में अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया है. हड़ताल को टालने के लिए चीफ लेबर कमिश्नर( केन्द्रीय ) श्रम मंत्रालय, भारत सरकार ने 22 सितंबर को यूनियन के प्रतिनिधियों और सभी बैंकों के प्रतिनिधि को दिल्ली बुलाकर समझौता करवाने का प्रयास किया पर समझौता नहीं हो सका. सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन ( सी आई टी यू ), हजारीबाग जिला कमेटी उनके हड़ताल को पूर्ण समर्थन करती है. इनका मुख्य मांग है सप्ताह में पाँच दिन का कार्य दिवस किया जाय. बैंकों में क्लर्क और सब स्टाफ की पर्याप्त नियुक्ति किया जाए, एनपीएस को समाप्त कर ओ पी एस लागू किया जाए, उपादान अधिनियम के तहत उपादान राशि की अधिकतम सीमा बढ़ाया जाए, पेंशन को अध्ययन किया जाए, पेंशन पर सामान डी ए लागू किया जाए, नवंबर 2022 से पहले के पेंशनरों को एक्स-ग्रेशिया में संशोधन किया जाए. इस हड़ताल में ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन, नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ बैंक एम्पलाई, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, बैंक एम्पलाई फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कांग्रेस और इंडियन नेशनल बैंक एंप्लॉय फेडरेशन शामिल रहेंगे।



---

## विभावि और रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची के संयुक्त तत्वावधान में होगी 'नया भारत गढ़ो' प्रतियोगिता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय और रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी, रांची के संयुक्त तत्वावधान में पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी 'नया भारत गढ़ो' (फ्रु४'क्लिर्ल) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रभावशाली समन्वय एवं कार्यान्वयन हेतु विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने एक तीन-सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति में हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार सिंह 'शिवगीत', योग केंद्र के निदेशक डॉ. राजकुमार चौबे तथा यूसेट के प्राध्यापक सह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. खेमलाल महतो को सदस्य बनाया गया है। समिति ने रवींद्रनाथ टैगोर कला भवन में इस प्रतियोगिता के जिला कार्यक्रम समन्वयक गजानन पाठक के साथ बैठक की। रविवार को इसकी जानकारी देते हुए डॉ. सुबोध, डॉ. राजकुमार एवं डॉ. खेमलाल ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन रामकृष्ण मिशन, रांची के तत्वावधान में आयोजित 56वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार, रामकृष्ण मिशन, रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा की प्रेरणा से इस आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। सदस्यों ने जानकारी दी कि इसके अंतर्गत निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर तथा स्नातक विभागों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का दायित्व समिति को दिया गया है। सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद द्वारा रचित पुस्तक 'भारत और उसकी समस्याएं' (क्लिर्ल & ली१ स्त्र१ड्ढ'ी२) पर आधारित होगी। निबंध लेखन के लिए 800 शब्द निर्धारित किए गए हैं, जिसमें प्रतिभागी को उक्त पुस्तक के अध्ययन के उपरांत उसके सार तत्वों को प्रस्तुत करना है।

---

## कल के विरोध प्रदर्शन को लेकर हुई बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी** : आगामी 29 सितंबर को प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण में चट्टीबरियातु दक्षिणी कोल परियोजना के विरोध में आहूत प्रदर्शन को लेकर रविवार को कराली गांव स्थित काली मंदिर के प्रांगण में एक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुखिया अशोक राम व संचालन भाकपा माले नेता पैरु प्रताप राम ने किया। बैठक में परियोजना से प्रभावित होने वाले ग्रामीणों ने अपनी जमीन बचाने व भविष्य को लेकर चिंता व विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि परियोजना के लिए किसी भी कीमत पर एक इंच जमीन नहीं दिया जाएगा। बैठक में केरेडारी प्रखंड बचाव संघर्ष समिति द्वारा आगामी 29 सितंबर को केरेडारी प्रखंड मुख्यालय में आहूत धरना-प्रदर्शन में हजारों की संख्या में भाग लेने व 28 सितंबर के शाम मशाल जुलूस निकालने का भी निर्णय लिया गया ।



---

## हजारीबाग ट्रैफिक थाना पैसा वसूलने में है व्यस्त : सुरजीत नागवाला

**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर आज के समय में पूरे जाम से बेहाल हो चुका है, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुरजीत नागवाला ने कहा है कि चाहे वह इंद्रपुरी चौक ,झंडा चौक, अन्नदा चौक , डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड या मेन रोड हो सभी रोड में लगातार जाम लगी हुई रहती है और ट्रैफिक के लोग केवल हफ्ता वसूली में लगे हुए हैं, एक तरफ तो आप अगर गाड़ी कहीं खड़ा करते हैं तो आपकी फाइन कटेगी लेकिन दूसरी तरफ अगर आपका ध्यान बस स्टैंड की तरफ जाए तो लगातार दर्जनों बस सड़क पर खड़ी करके पैसेंजर लेते रहते हैं खड़ी करके पैसेंजर बैठे हैं और लगातार रोड को जाम किए हुए रहते हैं, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड से डीडीसी आवास तक का इलाका पूरे बस और टैक्सियों से जाम रहता है,सड़क पर ही पैसेंजर चढ़ाने में व्यस्त रहते हैं, चतरा बस स्टैंड के तरफ जाएं तो वहां भी नजारा कुछ इसी तरह का रहता है ।



---

## पेलावल में बायोलैब सेंटर का भव्य शुभारम्भ अब किफायती दरों पर होगी विभिन्न जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी (हजारीबाग)** : हजारीबाग के पेलावल स्थित जामा मस्जिद के समीप रविवार को बायोलैब सेंटर जांच केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। पेलावल दक्षिणी पंचायत की मुखिया नूरजहां ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। सेंटर के शुरू होने से आसपास के लोगों को अब विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बायोलैब सेंटर में खून, पेशाब, स्टूल सहित विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजी जांच किफायती दरों पर उपलब्ध कराने की बात संचालक की ओर से कही गई है। खास बात यह है कि आम लोगों की सुविधा और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जांच की दरों को किफायती रखने का प्रयास किया गया है। सेंटर के संचालक सफीक अंसारी ने कहा कि पेलावल और आसपास के क्षेत्र में इस तरह की सुविधा की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी।

---

## स्व. सुदिव्य कुमार सोनू सत्ता पक्ष और विपक्ष ; दोनों के चहेते थे : विकास राणा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : परिसदन भवन हजारीबाग में झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज, जिला कमेटी, हजारीबाग द्वारा झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री स्व. सुदिव्य कुमार सोनू की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा उनके चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया ! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग में निवास करनेवाले प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखण्ड अध्यक्ष, प्रखण्ड सचिव, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य उपस्थित हुए !श्रद्धांजलि सभा के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए ! कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिवेणी राणा ने किया तथा मंच संचालन विश्वकर्मा समाज के जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया।

---

### केदारनाथ-बदरीनाथ पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, श्रद्धालु सुविधाओं की समीक्षा की

# पत्नी संग केदारनाथ-बदरीविशाल का किये दिव्य दर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : लोकसभा की प्राक्कलन समिति के अध्ययन दौरे के क्रम में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने 25 और 26 सितंबर को उत्तराखंड के केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम का दौरा किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल भी साथ रहीं। सांसद मनीष जायसवाल ने सपत्नीक दोनों धामों में दर्शन-पूजन कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। दौरे के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने केदारनाथ और बदरीनाथ श्राइन बोर्ड की समीक्षा बैठकों में हिस्सा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके बाद सांसद मनीष जायसवाल ने सपत्नी दोनों धामों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

### बरही की वर्षा का झारखंड महिला अंडर-19 टीम में चयन, बढ़ाया हजारीबाग का मान



**हजारीबाग** : अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के मौके पर हजारीबाग जिले की एक बेटी की उपलब्धि ने हजारीबाग जिले वासियों को खासा उत्साहित किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बरही प्रखंड की युवा महिला क्रिकेटर वर्षा कुमारी का चयन झारखंड महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम में हुआ है। वीरेंद्र कुमार की पुत्री वर्षा के चयन से हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) और जिले के क्रिकेट प्रेमियों में खुशी है। वर्षा के चयन पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद सह एचडीसीए चेयरमैन मनीष जायसवाल ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्षा ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। झारखंड टीम में हजारीबाग की बेटी का चयन जिले के लिए गर्व की बात है।

---

## अल-सुबह से शुरू, देर रात तक कथित नशे का कारोबार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड क्षेत्र में गांजा और देसी शराब की कथित खुलेआम बिक्री को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि चेकनाका क्षेत्र में सूर्योदय से पहले से लेकर देर रात तक नशीले पदार्थों की बिक्री का सिलसिला चलता है। नशे के कथित कारोबार से खासकर युवा पीढ़ी के प्रभावित होने की आशंका को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार, थाना से महज करीब 500 मीटर की दूरी पर कथित रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री होना गंभीर चिंता का विषय है। उनका कहना है कि यदि यह गतिविधि वास्तव में इतने लंबे समय से चल रही है, तो इसकी जांच और निगरानी जरूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।



**युवाओं के भविष्य को लेकर चिन्ता**

**ग्रामीणों** का कहना है कि नशे की आसान उपलब्धता का असर समाज और खासकर किशोरों व युवाओं पर पड़ सकता है। नशे की आदत से पढ़ाई, रोजगार और पारिवारिक जीवन प्रभावित होने की आशंका रहती है। लोगों का कहना है कि समय रहते नशे की बिक्री पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो आने वाली पीढ़ी पर इसका गंभीर सामाजिक प्रभाव पड़ सकता है।

## एक झलक

### चंद्रवंशी समाज को संगठन में भागीदारी देने की मांग

धनबाद/बलियापुर : चंद्रवंशी चेतना मंच के एक शिष्टमंडल ने रविवार को रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष को चंद्रवंशी समाज की सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों से अवगत कराया। शिष्टमंडल के सदस्यों ने कहा कि चंद्रवंशी समाज के अधिकांश लोग भाजपा के समर्थक हैं और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने संगठन में चंद्रवंशी समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने का आग्रह किया। सदस्यों का कहना था कि समाज के लोगों को संगठन में जिम्मेदारी मिलने से पार्टी के साथ उनका जुड़ाव और मजबूत होगा तथा संगठनात्मक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। इस दौरान समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी प्रदेश अध्यक्ष से चर्चा की गई। शिष्टमंडल में मंच के प्रदेश अध्यक्ष बालमुकुंद दिवाकर, धनबाद जिलाध्यक्ष विजय रवानी, गिरिडीह के सिंह चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, विजेंद्र चंद्रवंशी समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

### नशे के खिलाफ युवाओं ने उठायी आवाज, 100 की हुई स्वास्थ्य जांच

धनबाद : नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ रविवार को सदर अस्पताल परिसर में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब 100 युवाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके बाद युवाओं और आम लोगों के लिए जागरूकता कार्यशाला हुई। इसमें चिकित्सकों ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और नशामुक्त युवा ही मजबूत एवं विकसित भारत की नींव रख सकते हैं। एनसीडी सेल के तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता शुभंकर मैत्रा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य नुकसान बताए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। मौके पर चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मचारी, एनसीडी सेल के कर्मी और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### अपराध नियंत्रण को चला एंटी क्राइम अभियान, 20 वाहन जब्त

धनबाद : अपराध नियंत्रण, असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और फरार व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए रविवार को धनबाद पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की। इस दौरान राहगीरों और संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली गई। पुलिस टीमों ने विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर फरार व वांछित आरोपियों की तलाश की। साथ ही अवैध शराब, जुआ और लॉटरी जैसे अवैध कारोबार के खिलाफ भी कार्रवाई की गयी।

## विश्व पर्यटन दिवस पर तोपचांची झील में चला स्वच्छता अभियान

# पर्यटकों को दिया साफ-सफाई का संदेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद/तोपचांची : विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शनिवार को तोपचांची झील परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2, धनबाद के तत्वावधान में आयोजित अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची ने अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद अधिकारियों और ग्रामीणों ने हाथों में झाड़ू लेकर झील तट और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। इस दौरान पर्यटकों और स्थानीय लोगों से पर्यटन स्थल को स्वच्छ रखने तथा कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटन स्थलों की सुंदरता बनाए रखने में स्थानीय लोगों और पर्यटकों की भागीदारी जरूरी है। विश्व पर्यटन दिवस और स्वच्छता अभियान के तहत गोमो बालिका विद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को बीडीओ ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, जल सहियाओं और ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने एकल-उपयोग प्लास्टिक का बहिष्कार करने, जल स्रोतों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने का संकल्प लिया। अभियान में जिला परिषद सदस्य समेत नमामि गंगे परियोजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन के पदाधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण मौजूद रहे।



## एसआईआर के विरोध में आज कांग्रेस का पैदल मार्च



■ मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे और मतदाता सूची में पारदर्शिता की उठेगी मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर धनबाद जिला कांग्रेस सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर पैदल मार्च निकालेगी। पार्टी का मार्च सुबह 11 बजे पुराने कांग्रेस जिला मुख्यालय से शुरू होकर रणधीर वर्मा चौक तक जाएगा। आंदोलन की तैयारी को लेकर रविवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस मुख्यालय में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में एसआईआर की प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े पार्टी के सवालों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा जरूरी है। कांग्रेस की मांग है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटे और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से हो। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों की जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग भी उठाएगी। पार्टी कथित 'वोट चोरी' रोकने और एसआईआर को रद्द करने की मांग को प्रमुखता से रखेगी। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

## पांच साल से रोज 300 जरूरतमंदों को भोजन करा रहा फाउंडेशन




■ तीसरी वार्षिक आमसभा में नयी कार्यसमिति गठित, शिक्षा और सामाजिक सेवा का दायरा बढ़ाने पर जोर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : केयर एंड सर्व फाउंडेशन की तीसरी वार्षिक आमसभा रविवार को एट लेन स्थित लेमन चिली में हुई। संस्था ने 16 सितंबर को पांच वर्ष पूरे किए। आमसभा में पिछले पांच वर्षों के सेवा कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई और नई कार्यसमिति का गठन किया गया। फाउंडेशन की ओर से पिछले पांच वर्षों से पीएमसीएच मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रतिदिन करीब 300 जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें मरीजों के परिजन भी शामिल हैं। इसके अलावा गरीबों के बीच कंबल व वस्त्र वितरण, जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग समेत कई सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी संस्था सक्रिय है। सीएस-40 के माध्यम से गरीब व मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। पिछले दो वर्षों में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें बारहवीं विज्ञान वर्ग की राज्य टॉपर छात्रा भी शामिल रही। नई कार्यसमिति में अभय कुमार सिंह अध्यक्ष, राकेश कुमार सिंह सचिव, प्रभात रंजन कोषाध्यक्ष और दिलीप चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गए। संजय कुमार व दीपांकर बनर्जी उपाध्यक्ष तथा अखिलेश कुमार व रॉबिन चटर्जी संयुक्त सचिव चुने गए। पदाधिकारियों ने सेवा कार्यों को और विस्तार देने का संकल्प लिया।

## 45 वर्षों की शांति और मानवीय सेवा के लिए न्यू जर्सी में श्रीश्री रविशंकर सम्मानित



धनबाद : आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर को शांति-निर्माण, मानवीय मूल्यों और जनसेवा के क्षेत्र में 45 वर्षों के योगदान के लिए न्यू जर्सी में सम्मानित किया गया। न्यू जर्सी राज्य विधानमंडल के साथ एडिसन और फ्रैंकलिन टाउनशिप की ओर से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह सम्मान विभिन्न समुदायों और संस्कृतियों के बीच शांति, सौहार्द और मानवीय जुड़ाव को मजबूत करने के उनके प्रयासों की सार्वजनिक स्वीकृति है। उत्तरी अमेरिका में गुरुदेव को मिले नागरिक सम्मानों की श्रृंखला में यह एक और महत्वपूर्ण कड़ी है। संस्था के अनुसार, अमेरिका और कनाडा के 54 शहर अब तक उनके सम्मान में 'श्रीश्री रविशंकर दिवस' घोषित कर चुके हैं। 23 सितंबर को न्यूयॉर्क के सेंट जॉन द डिवाइन कैथेड्रल में आयोजित कार्यक्रम में गुरुदेव ने कहा कि अकेलापन लोगों की कमी नहीं, बल्कि उस आत्मीय उपस्थिति के अनुभव का अभाव है, जिसे हृदय महसूस कर सके। न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में अपने संवादों के दौरान उन्होंने आंतरिक शांति को सामूहिक कल्याण से जोड़ते हुए कहा कि शांत और संतुलित व्यक्ति से शांत परिवार तथा शांत परिवारों से शांतिपूर्ण समाज का निर्माण होता है।

## सलानपुर हरि मंदिर में लगा निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर

# 87 लोगों ने कराया परीक्षण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कतरास के सलानपुर स्थित हरि मंदिर प्रांगण में रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। शिविर का आयोजन शार्प साइट आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम एवं एपीएल पैथ लैब के सौजन्य से किया गया। नेत्र विशेषज्ञों ने लोगों की नेत्र की जांच कर उन्हें आवश्यक सावधानियों और उपचार के संबंध में परामर्श दिया। वहीं एपीएल पैथ लैब की टीम ने रक्त, मूत्र सहित विभिन्न सामान्य स्वास्थ्य जांच की। कतरास, रामकनाली, केशलपुर, पचगढ़ी बाजार और सलानपुर समेत आसपास के इलाकों से पहुंचे 87 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। जांच के दौरान लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने और बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी गई। शिविर को सफल बनाने में श्री फार्मा के धनंजय श्रीवास्तव तथा हरि मंदिर कमेटी के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चंचल दास, चंद्रशेखर दास, अनुप चक्रवर्ती, नयन चक्रवर्ती, विजय चक्रवर्ती, मंजीत दास, प्रदीप दास, विजय दास और समीर बनर्जी समेत कमेटी के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अपने घर के आसपास ही स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलती है।

## भुईयां समाज ने पार्षद निरूपमा देवी पर लगाये आरोप, कार्रवाई नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : वार्ड संख्या पांच की पूर्व पार्षद राजेंद्र प्रसाद भुईयां समेत भुईयां समाज के लोगों ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वर्तमान पार्षद निरूपमा देवी और उनके देवर चंदन पासवान पर कई आरोप लगाए। समाज के लोगों ने कहा कि पार्षद के देवर व उनके साथियों पर समाज की एक महिला के साथ कथित छेड़खानी करने का आरोप है। मामले को लेकर कतरास पुलिस से शिकायत की गई है। पूर्व पार्षद राजेंद्र प्रसाद भुईयां ने कहा कि शिकायत के बावजूद यदि पुलिस ने मामले में सख्त कार्रवाई नहीं की, तो समाज की बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पूरे धनबाद जिले में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई। उन्होंने सोशल मीडिया पर थाना प्रभारी के स्वागत को लेकर की जा रही कथित टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई। कहा कि समाज के लोगों ने सनातन परंपरा के तहत ह्यअतिथि देवो भवह्व की भावना से कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार का स्वागत किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पार्षद द्वारा थाना प्रभारी को गुलदस्ता देकर स्वागत करना उचित है, तो समाज के लोगों का स्वागत करना गलत कैसे हो गया। राजेंद्र प्रसाद भुईयां ने आरोप लगाया कि उनकी और अन्य लोगों की छवि खराब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर बयानबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि यह सिलसिला नहीं रुका तो मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## अवैध खनन और भू-धंसान के खिलाफ कतरास में सत्याग्रह

# पुलिस कार्रवाई पर भड़का आक्रोश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : अवैध कोयला खनन, लगातार हो रहे भू-धंसान और पुलिस की कथित कार्यशैली के खिलाफ रविवार को कतरास कोयलांचल में लोगों का आक्रोश सड़क पर दिखा। कतरास थाना चौक स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समीप 'कतरास कोयलांचल बचाओ समिति' के बैनर तले एकदिवसीय सत्याग्रह किया गया। इसमें समाजसेवी, पार्षद, पूर्व पार्षद, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व महिलाएं शामिल हुईं। सत्याग्रह में वार्ड पांच की पार्षद निरुपमा देवी के साथ कथित दुर्व्यवहार और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व पार्षद कथित कोयला तस्करों द्वारा मारपीट व गाली-गलौज की शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंची थीं। आरोप है कि उनकी शिकायत पर कार्रवाई के बजाय पुलिस ने उन पर ही अवैध खनन स्थल पर जाकर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने थाना चौक पर सड़क जाम कर दिया था। आंदोलनकारियों के अनुसार, इसके बाद पार्षद निरुपमा देवी, कांग्रेस नेता अशोक लाल समेत कई लोगों के खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। सत्याग्रह में इसे लेकर पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि कतरास में अवैध खनन और भू-धंसान ने लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे, भूमिगत खदानों में बालू भराई, सुरक्षित खनन पद्धति अपनाने और ई-मेगा परियोजनाओं पर रोक की मांग की गई। साथ ही बीसीसीएल प्रबंधन व प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग उठी।

## हाईवे पर अवैध पार्किंग के खिलाफ चला अभियान, 45 वाहनों से वसूला तीन लाख जुर्माना



■ दुर्घटनाओं की रोकथाम को परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और एनएचएआई की संयुक्त कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और जाम की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर शनिवार को नेशनल हाईवे टास्क फोर्स ने जिले में विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान हाईवे पर अवैध और अनधिकृत रूप से वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन खड़ा करने वाले 45 वाहनों का चालान काटा गया। इन वाहन चालकों से कुल तीन लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। अधिकारियों ने चालकों को बताया कि हाईवे पर सड़क किनारे खड़े वाहन विशेषकर रात में और तेज रफ्तार यातायात के दौरान गंभीर हादसों का कारण बन सकते हैं। अचानक खड़े वाहनों से कई बार चालकों को रास्ता बदलना पड़ता है, जिससे टक्कर और जाम की स्थिति पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है। वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही इस्तेमाल करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

## राजनीति में युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी : विधायक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद/बलियापुर : धनबाद सर्किट हाउस में रविवार को इंकलाबी नौजवान सभा की महत्वपूर्ण बैठक जिला संयोजक सोनू शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो और संगठन के राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। देश को सही दिशा में आगे ले जाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने की रणनीति पर विचार किया गया। आगामी सम्मेलन की रूपरेखा और तैयारियों की भी समीक्षा की गई। धनबाद जिले में संगठन के विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। विभिन्न क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में राजीव मुखर्जी, शीतल दत्ता, बिमल रवानी, सम्राट चौधरी, विजय रजक, मंटू कुमार, राजू कुमार रजक, मोहम्मद हसन अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिन्दरी चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू के चाचा शत्रुघ्न प्रसाद का निधन

सिन्दरी (धनबाद) : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू के चाचा एवं पीडीआईएल के सेवानिवृत्त अभियंता शत्रुघ्न प्रसाद का रविवार दोपहर करीब 12 बजे 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले करीब एक माह से उम्र संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर से सिंदरी में शोक की लहर दौड़ गई। शत्रुघ्न प्रसाद निःसंतान थे। उनकी पत्नी मंजू देवी का निधन कई वर्ष पूर्व ही हो चुका था। बताया गया कि बचपन से ही उनका लालन-पालन और शिक्षा-दीक्षा दीपक कुमार दीपू के पिता स्व. डीडी प्रसाद ने कराई थी। सेवानिवृत्ति के बाद वे सिंदरी में ही रह रहे थे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर आज कांग्रेस का पुतला दहन

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव और जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 28 सितंबर को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन और पुतला दहन की घोषणा की है। रांची में चुनाव आयोग कार्यालय के समक्ष भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रही है। पार्टी ने एसआईआर की प्रक्रिया की समय-सीमा बढ़ाकर 30 नवंबर 2026 करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के तहत बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं, जिससे गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग के लोगों के मताधिकार पर असर पड़ने की आशंका है। शाहदेव ने निर्वाचन आयोग से प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनावों की निष्पक्षता और मतदाता सूची की शुचिता लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है और इसी के विरोध में पार्टी देशभर में आंदोलन कर रही है। प्रेस वार्ता में रमेश जिंदल, मनोज यादव, शाहिद कमर, योगेंद्र सिंह योगी, कालीचरण यादव, दिनेश यादव, संतोष चौधरी, महेंद्र दुबे, बाबू अंसारी, जहीर अंसारी, मृत्युंजय कुमार सिंह, आशीष सिंह, अरविंद कुमार सैनी, रमेश राय, अजय पांडे, शाहबाज खान और मधुसूदन सिंह चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।

## क्षमावाणी पर्व पर गूंजा क्षमा और सद्भाव का संदेश

### जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, एक-दूसरे से क्षमा मांग कर दिया भाईचारे का संदेश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कतरास में रविवार को दिगंबर जैन समाज की ओर से क्षमावाणी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर पूरे समाज में क्षमा, प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश गूंजा। सुबह दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक पूजा, प्रक्षाल और शांतिधारा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पुरुष केसरिया कुर्ता-पायजामा में भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जबकि महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं। जैन मंदिर से निकली शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः मंदिर पहुंची। रास्ते में रानी सती दादी मंदिर, एसएस ज्वेलर्स, पप्पू राजगढ़िया समेत अन्य लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इसके बाद राजस्थानी समाज भवन में वात्सल्य भोजन का आयोजन हुआ। रात में महिलाओं और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे से क्षमा मांगते हुए वर्षभर में जाने-अनजाने हुई गलतियों के लिए क्षमायाचना की। कार्यक्रम ने आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। मौके पर अनिल कुमार जैन, जय कुमार जैन, प्रदीप सेठी, प्रदीप पटौदी, रिंकू रारा, प्रदीप रारा, स्वरूप पहाड़िया, कमल पहाड़िया, आनंद काला, विजय काला, अमर सेठी, जीनू रारा, लक्की काला, जोनी पहाड़िया, विवेक पटौदी समेत समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

# अरुण मंदिर की तर्ज पर सजेगा कतरास, 150 फीट ऊंचा पंडाल बनेगा आकर्षण

रोशन हजारी

बाघमारा (धनबाद) : दुर्गापूजा को लेकर कतरास में इस वर्ष भव्य आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। जीएनएम हाई स्कूल मैदान में थाईलैंड के बैंकॉक स्थित प्रसिद्ध अरुण मंदिर की तर्ज पर 150 फीट ऊंचा और 140 फीट लंबा पूजा पंडाल तैयार किया जा रहा है। विशाल पंडाल और आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ पूजा परिसर को भव्य रूप देने की तैयारी है। रविवार को पूजा समिति ने प्रेसवार्ता कर आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। समिति के सचिव अमन जायसवाल ने बताया कि पिछले वर्ष भव्यता के मामले में समिति को धनबाद जिले में दूसरा स्थान मिला था और राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस बार समिति ने पूरे झारखंड में प्रथम स्थान हासिल करने के लक्ष्य के साथ तैयारी की है। पंडाल निर्माण पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के प्रसिद्ध भूनिया डेकोरेटर द्वारा कराया जा रहा है। इसकी सजावट में समुद्र से प्राप्त प्राकृतिक शंख, कौड़ी और सीप का इस्तेमाल किया जाएगा।

### आकर्षक रोशनी और भव्य प्रतिमा बनेगी केन्द्र

मेदिनीपुर के मनोज लाइट द्वारा पंडाल की विद्युत सज्जा की जाएगी। मूर्ति निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार सजल जी कर रहे हैं। पूजा-अर्चना पुरुलिया के आचार्य पंडित गौतम चक्रवर्ती के निर्देशन में होगी। आयोजकों का कहना है कि पंडाल की बनावट और सजावट श्रद्धालुओं को अलग अनुभव देने वाली होगी।



■ जीएनएम हाई स्कूल मैदान में दुर्गा पूजा की भव्य तैयारी, लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद

■ सुरक्षा के भी होंगे पुख्ता इंतजाम

### मेले में झूले और मीना बाजार का आकर्षण

पूजा के साथ यहां विशाल मेला भी लगाया जाएगा। मीना बाजार के अलावा ब्रेक डांस, तारामाची समेत कई तरह के झूले लगाए जाएंगे। इस बार ग्रैविटी झूला विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। समिति के अनुसार मेला 26 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### भीड़ को लेकर सुरक्षा की विशेष तैयारी

लाखों की संभावित भीड़ को देखते हुए समिति ने सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने की बात कही है। पंडाल परिसर के आसपास पार्किंग की व्यवस्था, महिला शौचालय और पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। वॉकी-टॉकी से लैस स्वयंसेवक तैनात रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। समिति ने कहा कि आयोजन में स्थानीय प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा और सभी सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में अध्यक्ष पंकज सिन्हा, सचिव अमन जायसवाल, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत कुमार समेत समिति के बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## विजयादशमी पर सिन्दरी में 65 फीट के रावण का होगा दहन

सिन्दरी (धनबाद) : शहरपुरा शिव मंदिर परिसर में विजयादशमी के अवसर पर 20 अक्टूबर को भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर रावण दहन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी सिलसिले में रविवार को राजबिहारी सिंह की अध्यक्षता में मंदिर समिति कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। शिव मंदिर समिति के सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस वर्ष पुतला 65 फीट ऊंचा और 40 फीट चौड़ा बनाया जाएगा। पुतला निर्माण की जिम्मेदारी कलाकार राज नारायण तिवारी को सौंपी गई है।

## जनवरी में सभी जिलों में होगा धरना सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन की झारखंड प्रदेश औद्योगिक इकाई एवं अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को विश्वकर्मा भवन में हुई। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ पंडित ने की, जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री धर्मजीत चौधरी ने किया। बैठक में 12 जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पिछले तीन माह के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। सदस्यता अभियान, बैंक खाता, श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं और बीओसी कार्ड से संबंधित कार्यों की जानकारी दी गई। श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और संगठन से अधिक से अधिक मजदूरों को जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनवरी 2027 में झारखंड के सभी जिलों में श्रम अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसी माह प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग भी आयोजित होगा। बीओसी कार्ड के लाभ, नियम और प्रक्रिया की जानकारी प्रशिक्षक सहदेव ने दी।

## सम्पादकीय.....

## ग्रामीण उद्यमिता से बदलती तस्वीर

**गांवों** में उद्यमिता की नयी राह, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के दस वर्ष पूरे होना ग्रामीण भारत में उद्यमिता के विस्तार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वर्ष 2016 में शुरू किए गए इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांवों में रहने वाले लोगों को केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें अपना छोटा कारोबार शुरू करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण देना रहा है। दस वर्षों के दौरान इस पहल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की संभावनाओं को मजबूत किया है और अनेक परिवारों को आय का नया साधन उपलब्ध कराया है। इस कार्यक्रम की सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण केरल है, जहां देश में सर्वाधिक 62,166 उद्यम शुरू हुए हैं। पूरे देश में जून 2026 तक 4.32 लाख से अधिक उद्यमों को इस योजना के माध्यम से मदद मिली है। केरल के बाद बिहार में 35,899 और झारखंड में 34,481 उद्यम शुरू हुए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे कारोबार को बढ़ावा देने वाली योजनाएं अब अलग-अलग राज्यों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का आधार बन रही हैं। केरल में इस कार्यक्रम को लागू करने की जिम्मेदारी कुटुंबश्री ने संभाली। इसका परिणाम केवल उद्यमों की संख्या में वृद्धि के रूप में नहीं आया, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के जीवन में भी बदलाव दिखाई दिया। कुटुंबश्री से सहायता प्राप्त उद्यमों से 84,538 लोग जुड़े हैं और इनमें 90 प्रतिशत से अधिक उद्यम महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। लगभग आधे उद्यम मुनाफे में चल रहे हैं, जबकि करीब 12.5 प्रतिशत उद्यमों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश लोगों की मासिक आय 10 हजार रुपये से अधिक बताई गई है। कल्लीयूर की क्रिस्टल बाई इसका उदाहरण हैं। वे पहले कपड़े के थैले सिलती थीं, लेकिन बाजार और कारोबार का अनुभव सीमित था। कुटुंबश्री से जुड़ने के बाद उन्हें उद्यम शुरू करने और आगे बढ़ाने में सहायता मिली। उन्होंने चैतन्य क्लॉथ बैग नाम से अपना कारोबार खड़ा किया और अब उनकी मासिक आय तीन से चार लाख रुपये तक पहुंच गई है। यह उदाहरण बताता है कि किसी व्यक्ति में हुनर पहले से मौजूद हो तो उचित मार्गदर्शन और बाजार से जोड़ने की व्यवस्था उसे छोटे काम से सफल उद्यम तक पहुंचा सकती है। ग्रामीण उद्यमिता का सामाजिक लाभ केवल आमदनी बढ़ने तक सीमित नहीं रहता। जब किसी परिवार का एक सदस्य अपना कारोबार शुरू करता है तो परिवार की आर्थिक सुरक्षा बढ़ती है। स्थानीय स्तर पर वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता बढ़ती है और गांव के लोगों को छोटी जरूरतों के लिए दूर के बाजारों पर निर्भरता कम होती है। स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से परिवहन, कच्चे माल, पैकेजिंग, बिक्री और दूसरी सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए भी काम के अवसर पैदा होते हैं। महिलाओं के लिए इसका प्रभाव और व्यापक है। जब महिलाएं अपनी आय अर्जित करती हैं तो परिवार के आर्थिक फैसलों में उनकी भागीदारी बढ़ती है। कारोबार चलाने के दौरान उन्हें ग्राहकों से संपर्क, बाजार की समझ, पैसों का प्रबंधन और निर्णय लेने का अनुभव मिलता है। इससे आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। कई महिलाएं समूह बनाकर सरस जैसे नामों से सामूहिक उद्यम भी चला रही हैं। समूह आधारित कारोबार महिलाओं को अकेले जोखिम उठाने के बजाय मिलकर काम करने का अवसर देता है। एसवीईपी की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि ग्रामीण व्यक्ति को केवल धन उपलब्ध कराकर छोड़ नहीं दिया जाता। माइक्रो एंटरप्राइज कंसल्टेंट यह तय करने में सहायता करते हैं कि कौन सा कारोबार शुरू किया जा सकता है, उसके लिए पूंजी कहां से आएगी, मशीनरी और कच्चा माल कहां से मिलेगा तथा बाजार तक उत्पाद कैसे पहुंचाया जाएगा। इस प्रकार विचार से लेकर कारोबार खड़ा करने तक मार्गदर्शन मिलने से नए उद्यमियों के सामने आने वाली शुरुआती कठिनाइयां कम होती हैं।

## ● किसने क्या कहा



अशोक सिंघल का जीवन त्याग और संघर्ष का प्रतीक

अमित शाह
केन्द्रीय गृह मंत्री

उत्तर प्रदेश ने विकास की नयी यात्रा तय की



पीयूष गोयल
केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

# नयी औद्योगिक क्रांति के पथ पर भारत

विशेष | प्रह्लाद सबनानी



**वैश्विक** स्तर पर डाटा सेंटर अब एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। साथ ही, भारत में सेमीकंडक्टर उत्पादन इकाइयों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए 1,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि निर्धारित की गयी है। इसका परिणाम यह है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए भारत में 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जा चुका है और यह निवेश आगे भी जारी रहने की सम्भावना है। भारत आज उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जिनके पास अंतरिक्ष क्षेत्र से सम्बन्धित नवीनतम तकनीक उपलब्ध है। भारत में स्पेस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक पांच गुना तक बढ़ सकती है।

**भारत** में आज एक नई औद्योगिक क्रांति प्रारम्भ हो चुकी है। यह विचार अमेरिका की जानी-मानी निवेश बैंकिंग संस्था जेफरीज ने व्यक्त किया है। भारत में विशेष रूप से डाटा सेंटर स्थापित करने के उद्देश्य से करोड़ों अमेरिकी डॉलर का निवेश होता दिखाई दे रहा है। डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से टैक्स में भारी छूट भी प्रदान की जा रही है। ऐसे में भारत में डाटा सेंटर स्थापित करने की होड़ दिखाई दे रही है। पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में डाटा सेंटरों की क्षमता दोगुनी हो चुकी है और आने वाले पांच वर्षों में इसके बढ़कर 10 जीडब्ल्यू तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वैश्विक स्तर पर डाटा सेंटर अब एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। साथ ही, भारत में सेमीकंडक्टर उत्पादन इकाइयों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए 1,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि निर्धारित की गई है। इसका परिणाम यह है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए भारत में 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जा चुका है और यह निवेश आगे भी जारी रहने की संभावना है। भारत आज उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जिनके पास अंतरिक्ष क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीक उपलब्ध है। भारत में स्पेस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक पांच गुना तक बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर एयरोस्पेस क्षेत्र में मांग और आपूर्ति के बीच असंतुलन के चलते भारत लाभ की स्थिति में पहुंच गया है। कम लागत और कुशल इंजीनियरिंग टैलेंट भारत की महत्वपूर्ण ताकत बनकर उभरा है। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत अब केवल पुर्जों को जोड़कर उत्पाद तैयार करने तक सीमित नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में उच्चस्तरीय उत्पादों का निर्माण भी करने लगा है। अगले छह वर्षों में मोबाइल कंपोनेंट्स में घरेलू वैल्यू एडिशन लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सोलर क्षेत्र में भारत आज वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा सोलर पीवी उत्पादक देश बन गया है। इसका परिणाम यह है कि वर्तमान में भारत में 35 GW की सोलर क्षमता चालू है, जबकि 100 जीडब्ल्यू की क्षमता पर निर्माण कार्य चल रहा है। एशिया की सबसे बड़ी 100 कंपनियों की सूची में आज भारत की 34 कंपनियां शामिल हो चुकी हैं। कुल मिलाकर, पहले भारत फार्मा, टेक्सटाइल, चमड़ा उत्पाद, कृषि उत्पाद, मसाले, स्टील, ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर उत्पादों का निर्यात करने में सफल हो रहा था। अब परिस्थितियां बदल रही हैं। डाटा सेंटर, सेमीकंडक्टर उत्पादन, स्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी भारत तेजी से वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रहा है। भारत में उपलब्ध प्रतिभा और श्रमशक्ति के भरोसे विश्व की कई बड़ी कंपनियों के बीच भारत में विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित करने की होड़ दिखाई दे रही है। ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने चेन्नई में एक विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किया है। बैंक ऑफ अमेरिका ने अपना सबसे बड़ा बैक-ऑफिस कार्यालय पुणे में स्थापित किया है। इस बैंक के दुनियाभर के बैक-ऑफिस संचालन में कार्यरत 11,000 कर्मचारी इस केंद्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अमेरिका के सबसे पुराने वित्तीय संस्थानों में से एक बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलॉन ने पुणे और चेन्नई में वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाली बोस्टन की एक कंपनी ने फरवरी 2026 में हैदराबाद में बड़े स्तर पर अपना अंतरराष्ट्रीय कार्यालय स्थापित किया है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे में आज 1,700 से अधिक वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन केंद्रों में 19 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। भारत अब आउटसोर्सिंग हब से आगे बढ़कर उच्चस्तरीय टैलेंट सेंटर के रूप में स्थापित हो रहा है। भारत में स्थापित कुल वैश्विक योग्यता केंद्रों में लगभग 65 प्रतिशत केंद्र अमेरिकी कंपनियों द्वारा स्थापित किए गए हैं। इन कंपनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे अनुसंधान का कार्य इन केंद्रों में सम्पन्न हो रहा है। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए उत्पादों का विकास भी इन्हीं केंद्रों में किया जा रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत अमेरिका की कंपनी टूब्रिज ने भी फरवरी 2026 में मुंबई में वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र का आने वाले समय में और विस्तार किया जाना है। इसी प्रकार बीमा, बैंकिंग, स्वास्थ्य, साइबर सिक्योरिटी, फार्मा और सुरक्षा के क्षेत्रों में कार्यरत अनेक कंपनियां भारत में अपने वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित कर रही हैं। एक समय अमेरिका और अन्य विकसित देशों की ओर भारत से बड़े पैमाने पर ब्रेन ड्रेन हुआ करता था। अब परिस्थितियों में बदलाव दिखाई दे रहा है और भारत रिवर्स ब्रेन ड्रेन की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। विशेष रूप से अमेरिका की नीतियों के कारण अन्य देशों से अमेरिका जाने वाले टैलेंट के लिए वहां लंबे समय तक रहना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश का सरेंडर

गौरतलब | सनत जैन



फार्म 6 में जो बदलाव किये गये थे, तार्किक विसंगति के नाम पर जो अधिकार चुनाव आयोग के पास थे ही नहीं। ज्ञानेश कुमार ने बिना दोनों आयुक्तों की सहमति के, मनमर्जी से लागू किया था।

**केन्द्रीय** चुनाव आयोग के कामकाज पर जो सवाल उठे हैं, चुनाव आयोग के दो आयुक्तों ने जिस तरह से अपनी नाराजी जताई थी। इसका असर अब दिखने लगा है। एसआईआर के माध्यम से अभी तक विभिन्न राज्यों में 13.37 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए थे। इसको लेकर बड़ा विवाद शुरू हो गया है। फार्म 6 में जो बदलाव किए गए थे तार्किक विसंगति के नाम पर जो अधिकार चुनाव आयोग के पास थे ही नहीं। ज्ञानेश कुमार ने बिना दोनों आयुक्तों की सहमति के, मनमर्जी से लागू किया था। 2024 के बाद से 18 साल की उम्र पूरी कर चुके मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़े जा रहे थे। इसको लेकर देश भर में बवाल मच गया है। मतदाता सूची तैयार करने का काम केंद्रीय चुनाव आयोग और संविधान के अनुसार, बीएलओ और चुनाव अधिकारी जो एसडीएम स्तर के होते हैं। जो जिले स्तर पर तैनात रहते हैं। उनके पास मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार था। उन्हीं का निर्णय अंतिम माना जाता था। पिछले कुछ समय से चुनाव आयोग ने, जो केंद्रीय के पोर्टल तैयार किया। उसमें बीएलओ और रीजनल चुनाव अधिकारियों के अधिकार अघोषित रूप से छीन लिए गए थे। सारे निर्णय दिल्ली में बैठे हुए अधिकारी ले रहे थे, वही नोटिस जारी कर रहे थे। पोर्टल में जो सॉफ्टवेयर डाले गए थे, उसके बारे में दो अन्य चुनाव आयुक्तों को भी नहीं बताया गया था। आईटी हेड और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ही सारे निर्णय ले रहे थे। जब यह मामला खुला, और सारे देश में बवाल मचा, लोग सड़कों पर उतरने लगे। उसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नींद खुली। लगभग 4 महीने के बाद केंद्रीय चुनाव आयोग के तीन सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त सुखवीर सिंह और विवेक जोशी भी शामिल हुए। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है, जिनके नाम मतदाता सूची से हटे हैं। उनके फार्म इकट्ठा करने के लिए अब बीएलओ उनके घरों में जाएंगे। वहां से जानकारी एकत्रित करने और सत्यापित करने के बाद पोर्टल में उनके नाम को दुरुस्त करेंगे। एसडीएम स्तर के अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में उनकी पुष्टि करने का काम करेंगे। पोर्टल में अब उन्हें लॉगिन पासवर्ड का अधिकार मिलेगा, ताकि वह अपना काम पूरे अधिकार के साथ कर पाएं। अभी जो नोटिस भेजे जा रहे थे, वह कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जा रहे थे।

## आज का इतिहास

- अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह द्वितीय ने 1837 में दिल्ली का शासन सम्भाला।
- चीन के ह्वांग-हो नदी में 1887 में आयी बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे।
- इथोपिया ने 1923 में राष्ट्र संघ की सदस्यता छोड़ी।
- अमेरिका ने 1928 में चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई-शेक की सरकार को मान्यता दी।
- इंडोनेशिया 1950 में संयुक्त राष्ट्र का 60 वां सदस्य बना।
- फ्रांस में 1958 में संविधान लागू हुआ।
- एतोमिया के जल पोत के 1994 में तुर्क सागर में डूब जाने से 800 लोगों की मृत्यु।
- अमेरिकी अंतरिक्ष शटल 1997 में अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र मीर से जुड़ा।
- सिडनी ओलम्पिक में साल 2000 में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का खिताब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता।
- अमेरिका व ब्रिटिश सेना एवं सहयोगियों ने 2001 में ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम प्रारम्भ किया।
- यान 2003 में रूस की धरती पर सुरक्षित उतरा।
- विश्व बैंक ने 2004 में भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहा।
- जापान के नव निर्वाचित एवं 90वें प्रधानमंत्री के रूप में शिंजो एबे ने 2006 में शपथ ली।
- तालिबान ने 2006 में लादेन के जीवित होने की घोषणा की।
- फ्रांस की चिकित्सा टीम ने 2006 में लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण में एक व्यक्ति का सफल आपरेशन किया।
- मेक्सिको के तटीय क्षेत्रों में 2007 में आये चक्रवर्ती तूफान लोरेंजो ने भारी तबाही मचायी।
- नेशनल एयरोनॉटिक्स स्पेस एडमिनिशस्ट्रशन (नासा) ने 2007 में विशेष यान डॉन का प्रक्षेपण किया।

## सुविचार

नीच की नम्रता अत्यन्त दुखदायी है। अंकुश, धनुष, सांप और बिल्ली झुक कर वार करते हैं।

**महर्षि वाल्मीकि**

यदि दूसरों से अपने प्रतिकूल नहीं चाहते हो, तो अपने मन को दूसरों के प्रतिकूल कामों से हटा लो।

**अज्ञात**

## अंकजाल - 8403

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



अंकजाल 8402 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सतोगुण और तमोगुण का फर्क

**सतोगुण** में ज्ञान के विकास से मनुष्य यह जान सकता है कि कौन क्या है, लेकिन तमोगुण तो इसके सर्वथा विपरीत होता है. जो भी तमोगुण के फेर में पड़ता है, वह पागल हो जाता है और पागल पुरुष यह नहीं समझ पाता कि कौन क्या है! वह प्रगति करने के बजाय अधोगति को प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य में तमोगुण की परिभाषा दी गई है कि अज्ञान के वशीभूत होने पर कोई मनुष्य किसी वस्तु को यथारूप नहीं समझ पाता। उदाहरणार्थ, प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि मनुष्य मत्र्य है और मृत्यु ध्रुव है। फिर भी लोग पागल होकर धन संग्रह करते हैं और नित्य आत्मा की चिन्ता किये बिना अहर्निश कठोर श्रम करते हैं। अपने पागलपन में वे आध्यात्मिक ज्ञान में कोई उन्नति नहीं कर पाते। ऐसे लोग आलसी होते हैं। जब उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान में सम्मिलित होने के लिए आमन्त्रित किया जाता है, तो वे अधिक रुचि नहीं दिखाते। वे रजोगुणी व्यक्ति की तरह भी सक्रिय नहीं रहते। तमोगुण में लिप्त व्यक्ति का एक अन्य गुण यह भी है कि वह आवश्यकता से अधिक सोता है। ऐसा व्यक्ति सदैव निराश प्रतीत होता है और भौतिक द्रव्यों तथा निद्रा के प्रति व्यसनी बन जाता है। इसके विपरीत सतोगुणी पुरुष अपने कर्म या बौद्धिक वृत्ति से उसी तरह सन्तुष्ट रहता है, जिस प्रकार दार्शनिक, वैज्ञानिक या शिक्षक अपनी-अपनी विधाओं में निरत रह कर सन्तुष्ट रहते हैं।

# भगत सिंह की जयन्ती आज : शहादत की मिट्टी से महकता रहेगा वतन



योगेश कुमार गोयल

**भारत** को ब्रिटिश शासन की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए स्वतंत्रता संग्राम में अनेक क्रांतिकारियों ने अपना जीवन बलिदान कर दिया था। भारत के ऐसे ही सबसे महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक हैं शहीद-ए-आजम भगत सिंह, जो केवल 23 वर्ष की अल्पायु में ही भारत को आजाद कराने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे। भगत सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और विचारधारा से देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने न केवल अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया बल्कि लोगों में स्वतंत्रता और समानता का संदेश भी फैलाया। बहुत कम उम्र में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भगत सिंह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए। उनके बलिदान और साहस ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया। उन्होंने एक ओर जहां अपनी देशभक्ति से विदेशी हुकूमत को घुटनों पर लाने का काम किया, वहीं दूसरी ओर अपने क्रांतिकारी विचारों से स्वतंत्रता संघर्ष में अलग-अलग बंटे भारत को एक करने का महत्वपूर्ण कार्य भी किया। उनके प्रेरणादायी विचारों से पूरे भारत में स्वाधीनता की लहर और तेज हो गयी थी। 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह की 119वीं जयंती मनाई जा रही है। 28 सितंबर 1907 को पंजाब के लायपुर जिले में जन्मे भगत सिंह ने महज 11 वर्ष की आयु में ही स्वतंत्रता संग्राम में कूदने का निश्चय कर लिया था। दरअसल 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में सभा के दौरान जो नरसंहार हुआ था, उसका भगत सिंह के दिलोदिमाग पर इतना गहरा असर पड़ा था कि उन्होंने तभी ठान लिया था कि वे अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आजादी की लड़ाई लड़ेंगे। उसके बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना की और देश को आजादी दिलाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया। फांसी के फंदे पर चढ़ने से पहले भगत सिंह ने नारा लगाया था 'इंकलाब जिंदाबाद', जो आज भी भारत में स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्ष का प्रतीक है। इस नारे ने उनकी शहादत के बाद लोगों में क्रांतिकारी भावनाओं को जगाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। अपने अंतिम क्षणों में भगत सिंह ने अपने साथियों को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अपने देश के लिए मरने के लिए तैयार हैं और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। वह प्रायः एक शेर गुनगुनाया करते थे :

जब से सुना है मरने का नाम जिंदगी है,
सर पे कफन लपेटे कातिल को ढूंढ़ते हैं।

भगत सिंह जब पांच साल के थे, तब एक दिन अपने पिता के साथ खेत में गए और वहां कुछ तिनके चुनकर जमीन में गाड़ने लगे। पिता ने उनसे पूछा कि यह क्या कर रहे हो तो मासूमियत से भगत सिंह ने जवाब दिया कि मैं खेत में बंदूकें बो रहा हूं। जब ये उगकर बहुत सारी बंदूकें बन जाएंगी, तब इनका उपयोग अंग्रेजों के खिलाफ करेंगे। भगत सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद से अपनी पहली मुलाकात के समय ही जलती मोमबती की लौ पर हाथ रखकर कसम खाई थी कि उनका समस्त जीवन वतन पर ही कुर्बान होगा। भगत सिंह ने राजगुरु और सुखदेव के साथ मिलकर काकोरी कांड को अंजाम दिया। उसके बाद उन्होंने 17 दिसंबर 1928 को राजगुरु के साथ मिलकर चंद्रशेखर आजाद की मदद से लाहौर में सहायक पुलिस अधीक्षक रहे जेपी सांडर्स को मार डाला।

# तर्पण, पितृस्मरण, आध्यात्मिक अनुभूति के अद्भुत संगम हैं नर्मदा तट

गौरतलब | डॉ. मयंक चतुर्वेदी

पितृ तर्पण मनुष्य को यह बोध कराता है कि उसका वर्तमान अकेला नहीं है। उसके पीछे माता-पिता, पूर्वजों, गुरुजनों, ऋषियों और असंख्य पीढ़ियों की स्मृतियां विद्यमान हैं। पितृपक्ष में तर्पण की परम्परा इसी भाव को विशेष गहरायी देती है। जल, तिल और कुश के माध्यम से पितरों का स्मरण करते समय व्यक्ति अपने वंश की स्मृति को जीवित रखता है।

**भारतीय** सनातन परम्परा में नदी जीवन है, संस्कृति है, मातृत्व है, तप है और लोकमंगल की निरंतर प्रवाहित चेतना है। इसी परंपरा में मां नर्मदा का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। नर्मदा तट पर किया गया तर्पण मनुष्य को अपने पितरों से जोड़ता है और जीवन की उस अखंड परंपरा के प्रति कृतज्ञ बनाता है, जिसके कारण वर्तमान पीढ़ी अस्तित्व में आई। अमरकंटक में मां नर्मदा के उद्गम का दर्शन, तट पर श्राद्ध और तर्पण, शिवस्वरूप नर्मदेश्वर का पूजन तथा नर्मदा परिक्रमा मिलकर ऐसा आध्यात्मिक संसार रचते हैं, जहां जल श्रद्धा बन जाता है, तिल स्मृति का प्रतीक बन जाता है और नदी स्वयं सनातन जीवनधारा का रूप धारण कर लेती है। वस्तुतः 'तर्पण' शब्द का मूल भाव तृप्ति से जुड़ा है। सनातन संस्कार परंपरा में जल अर्पित करते हुए देवताओं, ऋषियों और पितरों का स्मरण किया जाता है। पितृ तर्पण मनुष्य को यह बोध कराता है कि उसका वर्तमान अकेला नहीं है। उसके पीछे माता-पिता, पूर्वजों, गुरुजनों, ऋषियों और असंख्य पीढ़ियों की स्मृतियां विद्यमान हैं। पितृपक्ष में तर्पण की परंपरा इसी भाव को विशेष गहराई देती है। जल, तिल और कुश के माध्यम से पितरों का स्मरण करते समय व्यक्ति अपने वंश की स्मृति को जीवित रखता है। यह संस्कार मनुष्य को अपनी जड़ों से जोड़ता है और जीवन के प्रति कृतज्ञता का भाव उत्पन्न करता है। नर्मदा के तट पर यही तर्पण धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व ग्रहण कर लेता है। पद्म पुराण के नर्मदा-अमरकंटक प्रसंग में नर्मदा में देवताओं और पितरों के तर्पण का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय विधि से श्राद्ध तथा तिल और जल से पितरों एवं देवताओं का तर्पण करने की बात कही गई है। स्कंद पुराण के रेवाखंड में नर्मदा माहात्म्य का वर्णन अत्यंत प्रभावशाली ढंग से हुआ है। पहले नर्मदा को ग्राम और वन, हर स्थान पर पुण्यदायिनी बताया गया है। उसके बाद प्रसिद्ध श्लोक आता है :

त्रिभि : सारस्वतं तोयं सप्ताहेन तु यामुनम।
सद्य : पुनाति गाङ्गेयं दर्शनादेव नार्मदम॥

अर्थात सरस्वती का जल तीन दिनों में, यमुना का जल एक सप्ताह में और गंगा का जल तत्काल पवित्र करने वाला माना गया है; नर्मदा का दर्शन मात्र पवित्रकारी बताया गया है।(श्रीस्कन्दमहापुराण, अवन्तीखण्ड, रेवाखण्ड, अध्याय 21, श्लोक 6। परंपरागत रूप से महर्षि वेदव्यास प्रणीत पुराण)। यहां दर्शन का आध्यात्मिक अर्थ भी महत्वपूर्ण है। भारतीय परंपरा में दर्शन आंखों से किसी दृश्य को देखने तक सीमित न होकर व्यापक परिप्रेक्ष्य में आया है। दर्शन में श्रद्धा, भाव, समर्पण और आत्मानुभूति का समावेश है, इसलिए नर्मदा दर्शन को मन की शुद्धि और आत्मचिंतन से जोड़कर देखा गया है। उसी रेवाखंड के अगले श्लोकों में अमरकंटक को पुण्य और सिद्धि से जुड़ा क्षेत्र बताया गया है। देवता, गंधर्व और तपस्वी ऋषियों के यहां तपस्या करने का वर्णन आता है। अमरकंटक को ह्लसिद्धिक्षेत्रह्व कहा गया है और इसे देवताओं तथा ऋषियों से संबंधित पवित्र पर्वत के रूप में चित्रित किया गया है।

## राशिफल

**मेष** – किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपकी योजनाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। मुश्किल माहौल में भी आत्मविश्वास बना रहेगा।

**तुला** – ग्रह स्थिति अनुकूल है। खासतौर पर महिलाओं के लिए समय अच्छा रहेगा। घर के किसी वरिष्ठ व्यक्ति की सलाह आपके लिए फायदेमन्द साबित हो सकती है।

**वृष** – परिवार के किसी सदस्य के भविष्य को लेकर की गयी मेहनत का अच्छा नतीजा मिल सकता है। नयी चीजों और गुप्त विद्याओं में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – व्यवस्थित रूटीन और मेहनत से अच्छे नतीजे मिलेंगे। विद्यार्थी और युवा पढ़ाई तथा करियर में की गयी मेहनत का फायदा देख सकते हैं।

**मिथुन** – परिवार से जुड़े किसी महत्त्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी। घर के अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता आ सकता है।

**धनु** – गैरजरूरी कामों में समय खराब करने के बजाय अपने लक्ष्य और विकास पर ध्यान दें। अपनी प्रतिभा और स्किल बेहतर करने के लिए समय अच्छा है।

**कर्क** – समय अनुकूल है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। लक्ष्य पर पूरा ध्यान रखेंगे तो सफलता मिल सकती है।

**मकर** – रोज की उलझनों से कुछ राहत मिलेगी। एकांत या आध्यात्मिक जगह पर समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी और सोच ज्यादा संतुलित होगी।

**सिंह** – लम्बे समय से रुका कोई काम पूरा हो सकता है। करीबी दोस्त या रिश्तेदार की सलाह उपयोगी रहेगी। समय ठीक है।

**कुंभ** – पिछले कुछ समय से चल रही समस्या दूर हो सकती है। अपनी योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए समय अच्छा है।

**कन्या** – किसी सहयोगी की मदद से पुरानी समस्या हल होगी। इससे मानसिक राहत मिलेगी और महत्त्वपूर्ण विषयों पर बेहतर तरीके से सोच पायेंगे।

**मीन** – रुका हुआ पैसा मांगने पर कुछ हिस्सों में मिल सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। सामाजिक गतिविधियों में आपकी भूमिका बढ़ेगी और सम्मान मिल सकता है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

विश्व पर्यटन दिवस पर जिले के प्रमुख पर्यटन व धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान, जैव विविधता पार्क में हुआ वृक्षारोपण

# लोगों को पर्यटन स्थलों की स्वच्छता बनाये रखने के लिए किया प्रेरित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यटन स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ आमजनों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जिम्मेदार पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर,जनभागीदारी के माध्यम से साफ-सफाई की गई तथा लोगों को पर्यटन स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान अंजम धाम, गुमला; मरदा मंदिर, रायडीह; बाघमुंडा जलप्रपात,



बसिया; टांगीनाथ धाम, डुमरी; गोबरसिली, पालकोट; मरसा डैम, भरनो; बालाघाट, कामडारा एवं नवरतन किला, सिसई सहित अन्य स्थलों पर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी क्रम में पर्यटन विभाग, गुमला द्वारा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल बायोडायवर्सिटी पार्क में विशेष वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। पार्क परिसर में पौधारोपण के साथ साफ-सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छ एवं हरित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों एवं प्रतिभागियों ने पर्यटन स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई कि जिले के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता एवं स्वच्छता बनाये रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### विश्व पर्यटन दिवस पर पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल ने भेड़ी फार्म डैम व पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

**चतरा** : 27 सितंबर दिन रविवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चतरा की अध्यक्षता में चतरा प्रखंड अंतर्गत पंचायत जांगी के ग्राम लक्ष्मणपुर स्थित पर्यटन स्थल भेड़ी फार्म डैम एवं पार्क में 'स्वच्छता में सहभाग-स्वच्छ भारत, विकसित भारत' थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा 2026 कार्यक्रम के तहत वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पर्यटन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक रूप से साफ-सफाई करते हुए स्वच्छ एवं सुंदर पर्यटन स्थल के निर्माण तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चतरा के सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला एवं प्रखंड समन्वयक, पंचायत के मुखिया, विभिन्न पंचायतों की जलसहिया दीदी, वार्ड सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### विश्व पर्यटन दिवस पर अधिकारियों ने किया श्रमदान, पर्यटकों से प्लास्टिक नहीं फैलाने की अपील



**लातेहार** : विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर रविवार को जिले के पर्यटन स्थलों और प्राकृतिक जलाशय क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत आयोजित अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जल सहिया, स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं और युवाओं ने हिस्सा लिया। जलाशय क्षेत्र में अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर आसपास बिखरे प्लास्टिक और दूसरे कचरे को हटाया। इस दौरान जलस्रोतों के आसपास सफाई कर लोगों को पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पर्यटन स्थलों की सुंदरता और पर्यावरण को बनाए रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों की भागीदारी भी जरूरी है। लोगों से खुले में कचरा नहीं फेंकने और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने की अपील की गई। कार्यक्रम में शामिल लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। अभियान के जरिए 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' का संदेश दिया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो, डीएलटीएस अभिजीत कुमार, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) शैलेंद्र कुमार समेत विभागीय अधिकारी, कर्मी, जल सहिया और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## एक झलक

### पतकी जंगल में किशोर को लगी गोली, रिम्स रेफर

**लातेहार** : सदर थाना क्षेत्र के पतकी जंगल में रविवार को गोली लगने से 15 वर्षीय किशोर आशीष कुमार पासवान घायल हो गया। गोली चलने की घटना में घायल आशीष को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। आशीष परसही गांव निवासी श्याम किशोर पासवान का पुत्र है। बताया गया कि वह बाइक से लातेहार स्थित अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पतकी जंगल के पास गोली चलने से वह घायल हो गया। गोली किस ओर से चली और घटना के पीछे क्या कारण था, यह अभी स्पष्ट नहीं है। सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी अशोक कुमार पासवान, एसआई राहुल सिन्हा, एसआई कामता कुमार समेत पुलिस बल अस्पताल पहुंचा। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस गोली चलाने वाले व्यक्ति और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, अमित यादव, रंजीत यादव, उपेंद्र भुइयां, आफताब आलम और गुलशन यादव समेत अन्य लोगों ने भी अस्पताल पहुंच कर परिजनों से जानकारी ली।

### केवरकी पुल के अप्रोच में दरार, हादसे से पहले कार्रवाई की मांग

**महुआडांड़ (लातेहार)** : केवरकी पुल के अप्रोच पथ में दरार पड़ने से लोगों में चिंता बढ़ गई है। बारिश के बीच क्षतिग्रस्त अप्रोच से लगातार भारी वाहनों की आवाजाही जारी रहने से सड़क की मजबूती को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।लोगों का कहना है कि अप्रोच में दिखाई दे रही दरार को समय रहते ठीक नहीं किया गया तो बारिश और भारी वाहनों के दबाव के कारण स्थिति और बिगड़ सकती है। सड़क का हिस्सा धंसने या दरार बढ़ने की स्थिति में आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटना का खतरा भी पैदा हो सकता है।ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर अप्रोच की तकनीकी जांच कराएं, दरार के कारणों का पता लगाएं और आवश्यकतानुसार स्थायी मरम्मत कराएं।

### युवती से मिलने पहुंचे युवकों की हुई पिटाई

**चतरा** : हंटरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार देर रात युवती से मिलने पहुंचे तीन युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उनके साथ मारपीट की। घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीसरा मौके से भाग निकला। घायलों की पहचान बिहार के गया जिले के बांके बाजार थाना क्षेत्र के जोंधी गांव निवासी रंजन कुमार (18) और रंजीत कुमार (18) के रूप में हुई है। दोनों का इलाज हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। रंजन कुमार के अनुसार, करीब 20 दिन पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी युवती से दोस्ती हुई थी। गुरुवार रात युवती के बुलाने पर वह अपने दो दोस्तों के साथ उससे मिलने गांव पहुंचा था। वहां युवती के परिजनों और कुछ ग्रामीणों ने तीनों को पकड़ लिया और मारपीट की।

## ट्रेन ठहराव नहीं होने से ग्रामीणों और पर्यटकों की बढ़ रही परेशानी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार** : केचकी रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से आसपास के ग्रामीणों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए दूसरे स्टेशनों पर जाना पड़ रहा है। वहीं, बेतला नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों को भी आवागमन में परेशानी होती है। वर्षों पुरानी इस मांग को लेकर रविवार को कुटमु स्थित पुराने पंचायत भवन परिसर में एक्सप्रेस ठहराव संघर्ष समिति की बैठक हुई। समिति ने 15 दिनों के भीतर पहल नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया। फौजदार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आंदोलन की आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि केचकी में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग लगातार उठाई जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। ट्रेन नहीं रुकने से ग्रामीणों को दूसरे स्टेशनों तक जाने में अतिरिक्त समय और पैसा खर्च करना पड़ता है। समिति के सचिव सलाम अंसारी ने बताया कि केचकी स्टेशन से बेतला नेशनल पार्क की दूरी करीब सात किलोमीटर है। एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से पर्यटकों के लिए बेतला पहुंचना आसान होगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के साथ स्थानीय कारोबार और रोजगार को भी बढ़ावा मिल सकता है। केंद्रीय सचिव सह समिति के प्रवक्ता अली हसन अंसारी ने कहा कि यह मांग केवल यात्री सुविधा से जुड़ी नहीं है।

आठ माह बाद भी खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं

## अपात्रों के राशन उठाव का आरोप



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**डंडई (गढ़वा)** : प्रखंड में स्थायी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी की पोस्टिंग हुए करीब अब आठ माह बीत चुके हैं, लेकिन खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में अब तक अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। वहीं, पात्र और अपात्र राशन कार्डधारियों की पहचान भी नहीं की जा सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि अपात्र लोग भी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों से नियमित रूप से खाद्यान्न का उठाव कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, नौकरी-पेशा से जुड़े कुछ लोग, जिनमें पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका और कांस्टेबल समेत अन्य लोग शामिल हैं, भी राशन का उठाव कर रहे हैं। इससे खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र गरीब लाभुकों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि डंडई में प्रखंड कार्यालय का संचालन शुरू हुए करीब 30 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन लंबे समय तक स्थायी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की पदस्थापना नहीं हुई थी। स्थायी पदाधिकारी की पोस्टिंग के बाद लोगों को उम्मीद थी कि राशन वितरण व्यवस्था में सुधार होगा और पात्र-अपात्र लाभुकों की पहचान की जाएगी। हालांकि, आठ माह बीतने के बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा है। ग्रामीणों ने खाद्य आपूर्ति विभाग से अपात्र राशन कार्डधारियों की जांच कर कार्रवाई करने तथा पात्र लाभुकों तक खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ सुनिश्चित करने की मांग की है। मामले पर सामाजिक कार्यकर्ता विवेकानंद कुशवाहा और आकाशदीप भारती ने कहा कि खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच और आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। इससे योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सकेगा।

## गलत बिजली बिल और जले ट्रांसफार्मर की शिकायतों का होगा समाधान, प्रखंडों में लगेंगे कैम्प



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार** : जिले में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत विभाग की ओर से प्रखंडवार कैंप का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में खासकर गलत बिजली बिल और जले ट्रांसफार्मर से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। विभाग ने इसके लिए सभी प्रखंडों की तिथि निर्धारित कर दी है। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, लातेहार के कार्यपालक अभियंता की ओर से जारी पत्र के अनुसार कैंप की शुरुआत 28 सितंबर को बालूमाथ से होगी। इसके बाद 29 सितंबर को लातेहार, 30 सितंबर को मनिका, 1 अक्टूबर को हेरहंज और 3 अक्टूबर को बरियातू प्रखंड कार्यालय में शिविर लगाया जायेगा। वहीं, 05 अक्टूबर को बरवाडीह, 7 अक्टूबर को गारू, 8 अक्टूबर को सरयू, 9 अक्टूबर को महुआडांड़ और 10 अक्टूबर को चंदवा में कैंप आयोजित होगा। सभी प्रखंडों में शिविर का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कैंप में उपभोक्ता अपने बिजली बिल में गड़बड़ी, अधिक बिल आने अथवा जले ट्रांसफार्मर से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे। विभागीय स्तर पर शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग का यह अभियान प्रखंड स्तर पर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनने और उनके समाधान की प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

चतरा सांसद कालीचरण सिंह की अनुशंसा पर लगे सोलर सिस्टम हुए कबाड़

## कृषि योजना पर उठे सवाल

- गेल इंडिया के सीएसआर मद से प्रतापपुर की पंचायतों में लगाये गये थे सिस्टम
- अधिकांश जगह पैनल समेत उपकरण गायब; रख-रखाव और निगरानी पर सवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा** : चतरा जिले में किसानों को सिंचाई और कृषि कार्यों के लिए बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गेल इंडिया कंपनी के सीएसआर मद से लगाए गए सोलर सिस्टम बदहाल हो गए हैं। सांसद कालीचरण सिंह की अनुशंसा पर प्रतापपुर प्रखंड की लगभग सभी पंचायतों में कृषि उपयोग के लिए लगाए गए इन सोलर सिस्टम में से कई अब बंद पड़े हैं। वहीं, कई स्थानों पर सोलर पैनल, समरसेबल तार और अन्य महत्वपूर्ण उपकरण गायब होने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, योजना के तहत किसानों को सिंचाई सहित खेती-किसानी से जुड़े कार्यों के लिए सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई थी। सिस्टम लगने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सिंचाई के लिए बिजली की समस्या काफी हद तक दूर होगी। लेकिन समय बीतने के साथ उचित रखरखाव, सुरक्षा और निगरानी के अभाव में कई सिस्टम उपयोगहीन होते चले गए। ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि सांसद की अनुशंसा के आधार पर प्रतापपुर प्रखंड के कई पंचायतों में योजना का लाभ मुखिया एवं उनके करीबी लोगों से जुड़े स्थानों तक पहुंचा था। ऐसे में यह भी सवाल उठ रहा है कि जिन स्थानों पर सिस्टम लगाए गए, वहां उसकी सुरक्षा और नियमित संचालन की जिम्मेदारी किसकी थी।

### सड़क पर कीचड़ से स्कूली बच्चे समेत राहगीर परेशान, पुल निर्माण के बाद सड़क पर छोड़ी गयी मिट्टी बनी मुसीबत

**चतरा** : हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर हंटरगंज-बढ़ीबीघा मुख्य पथ पर खुटीकेवाल खुर्द में नहर के समीप पुल के सामने सड़क की स्थिति बारिश के बाद बदहाल हो गई है। सड़क पर पड़ी मिट्टी पानी के साथ मिलकर कीचड़ में तब्दील हो गई है। इससे स्कूली बच्चों समेत राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार तुलसीपुर से गोसाईडीह तक नहर का निर्माण कराया गया है। इसी क्रम में संवेदक द्वारा पुराने पुल को तोड़कर नया पुल बनाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल निर्माण के बाद सड़क पर सिर्फ कुछ मात्रा में स्टोन डस्ट डाला गया, जबकि नहर से निकली मिट्टी को सड़क पर ही छोड़ दिया गया। बारिश होने के बाद यही मिट्टी कीचड़ में बदल गई है। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को इस रास्ते से गुजरने में परेशानी हो रही है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भी फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## डंडई में बीएसएनएल टावर लगाने की मांग, ग्रामीणों को बेहतर नेटवर्क की उम्मीद





फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**डंडई (गढ़वा)** : डंडई प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न निजी टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क टावर स्थापित होने के बावजूद सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल का टावर अब तक नहीं लग पाया है। इससे बीएसएनएल की सेवा का इंतजार कर रहे ग्रामीणों में निराशा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रखंड के कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की समस्या बनी रहती है। खासकर सुदूरवर्ती इलाकों में नेटवर्क कमजोर होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में क्षेत्र में बीएसएनएल का टावर स्थापित होने से दूरसंचार सेवाओं का विस्तार होने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट आज विद्यार्थियों, व्यवसायियों, किसानों समेत आम लोगों की जरूरत बन चुके हैं। बेहतर नेटवर्क नहीं होने से ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल सेवाओं और आवश्यक संचार में परेशानी होती है। ग्रामीण विवेकानंद कुशवाहा, आकाशदीप भारती, नंदू यादव, मनी पटवा, आफताब आलम, सनी कुमार, विजय राम, रामचंद्र सिंह और करीम सिंह समेत अन्य लोगों ने संबंधित विभाग और बीएसएनएल अधिकारियों से डंडई प्रखंड क्षेत्र में नेटवर्क टावर स्थापित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां बेहतर दूरसंचार सेवा की आवश्यकता है। बीएसएनएल टावर लगने से लोगों को नेटवर्क के अतिरिक्त एक और विकल्प उपलब्ध होगा और संचार व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है।

## चतरा आवास पर सांसद ने आमजनों और जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा** : चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को चतरा स्थित अपने आवास पर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पहुंचे आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, जनसुविधाओं की कमी और विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों को सांसद के समक्ष रखा। आमजनों ने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत स्थानीय स्तर की कई समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। वहीं, जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया। सांसद ने सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। सांसद कालीचरण सिंह ने संबंधित मामलों पर आवश्यक पहल करने तथा समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

## नेतरहाट पहुंचे पूर्ववर्ती छात्र, विद्यार्थियों को दी सफलता की सीख



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)** : नेतरहाट आवासीय विद्यालय का परिसर उस समय पुरानी यादों से भर उठा, जब 1975-82 बैच के पूर्ववर्ती छात्र वर्षों बाद अपने पुराने विद्यालय पहुंचे। परिचित गलियारों और परिसर के बीच पहुंचते ही उनके छात्र जीवन की यादें ताजा हो गईं। इस दौरान कई पूर्व छात्र अपने पुराने दिनों को याद करते नजर आए। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य संतोष कुमार ने पूर्ववर्ती छात्रों का स्वागत किया। इसके बाद वर्तमान विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम हुआ। पूर्व छात्रों ने अपने समय के विद्यालयी जीवन, पढ़ाई के माहौल और यहां बिताए वर्षों से जुड़े अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि नेतरहाट में मिली शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कारों ने उनके जीवन की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने अनुभवों से उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय करने के बाद उसके लिए लगातार मेहनत करना जरूरी है। छात्र जीवन में अनुशासन, समय का महत्व और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना आगे की राह आसान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय में मिलने वाले अवसरों का भरपूर लाभ उठाने और पढ़ाई के साथ अपने व्यक्तित्व के विकास पर भी ध्यान देने को कहा। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने भी पूर्व छात्रों से उनके समय के विद्यालय और उस दौर की गतिविधियों के बारे में सवाल किए। पूर्व छात्रों ने सहज अंदाज में उनके सवालों के जवाब दिए और अपने अनुभव सुनाए। बातचीत के दौरान कई ऐसे प्रसंग भी सामने आए, जिन्हें सुनकर विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों ने विद्यालय की गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई ट्रॉफियां भी भेंट कीं। ट्रॉफियां मिलने पर विद्यार्थियों में खुशी और उत्साह दिखा। पूर्व छात्रों ने कहा कि विद्यालय से उनका जुड़ाव आज भी कायम है और वे आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों से अपना अनुभव साझा करते रहेंगे। लंबे समय बाद अपने पुराने विद्यालय में लौटे पूर्व छात्रों के लिए यह मुलाकात सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि बीते छात्र जीवन से दोबारा जुड़ने का मौका रही।

## बारिश से कई इलाकों में घर गिरे, मलबे में दबे परिवार को ग्रामीणों ने बचाया



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : लगातार हो रही बारिश के बीच जिले के विभिन्न प्रखंडों में घर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। घाघरा प्रखंड के गोया गांव में देर रात रफीक खान के घर की दीवार गिर गई। वहीं, पास ही जियाउल खान के घर की दीवार गिरने से परिवार के सदस्य मलबे में दब गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना में जियाउल खान को गंभीर चोट लगी है। उन्हें तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, गुमला लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मजदूर संघ सीएफटीयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष जुम्मन खान ने अस्पताल पहुंचकर घायल जियाउल खान और रफीक खान के परिवार की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि दोनों परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। ऐसे में घर क्षतिग्रस्त होने से उनके सामने रहने और भोजन समेत कई समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। जुम्मन खान ने जिला प्रशासन से प्रभावित परिवारों को जल्द राहत और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की है।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व इलाज के दौरान मृत्यु के मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हुआ डालसा

## डालसा टीम ने गांव पहुंच कर परिजनों से की मुलाकात, 50 किलो अनाज कराया उपलब्ध

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : पालकोट प्रखंड के तपकरा पंचायत अंतर्गत उरांव टोला में लगभग 13 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म एवं इलाज के दौरान रांची में उसकी मृत्यु के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), गुमला ने पीड़ित परिवार को हरसंभव विधिक एवं मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की पहल की है। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला श्री अजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला की टीम पीड़ित परिवार से मिलने एवं उनकी समस्याओं की जानकारी लेने के लिए तपकरा पंचायत के उरांव टोला पहुंची। डालसा प्रभारी सचिव ने मृतक बालिका के परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली तथा परिवार की वर्तमान स्थिति एवं उनकी आवश्यकताओं को समझा। उन्होंने पीएलवीयो को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा परिवार को उपलब्ध विधिक एवं सरकारी सहायता योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगातार संपर्क में रहकर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। परिवार की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए डालसा, गुमला द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से मृतका के परिवार को 50 किलो अनाज उपलब्ध कराया गया। डालसा की ओर से स्पष्ट किया गया कि परिवार को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें दीर्घकालिक सहायता दिलाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### निःशुल्क विधिक सहायता के लिए पैनल अधिवक्ता नियुक्त

**मामले** में पीड़ित परिवार को प्रभावी एवं निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डालसा द्वारा पैनल अधिवक्ता श्री सुधीर कुमार पांडेय को नियुक्त किया गया है। वे पीड़ित परिवार को विधिक सलाह एवं आवश्यक कानूनी सहायता निःशुल्क प्रदान करेंगे तथा मामले से संबंधित विधिक प्रक्रिया में परिवार को उचित सहयोग देंगे।इसके अतिरिक्त, पीड़ित परिवार की आवश्यकताओं एवं समस्याओं में सहयोग तथा उन्हें संबंधित सेवाओं से जोड़ने के लिए सपोर्ट पर्सन के रूप में जयासेन गुप्ता को भी नियुक्त किया गया है। सपोर्ट पर्सन परिवार के संपर्क में रहकर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करेंगे तथा आवश्यकतानुसार संबंधित विभागों एवं प्राधिकार के समक्ष उनकी समस्याओं को रखने में सहयोग करेंगे। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने बताया कि मृतका के परिवार को नियमानुसार पीड़ित प्रतिकर दिलाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज एवं संबंधित प्रक्रिया को पूरा कराने में परिवार को सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा संचालित सभी पात्र कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया जाएगा।डालसा की टीम ने परिवार को भरोसा दिलाया कि विधिक सेवा प्राधिकार पीड़ित परिवार के साथ है और उन्हें न्यायिक एवं प्रशासनिक प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, परिवार को किसी प्रकार की कानूनी परेशानी या सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल डालसा से संपर्क करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डालसा के पीएलवी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। डालसा द्वारा पीड़ित परिवार के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा उनकी स्थिति की नियमित जानकारी लेने की बात भी कही गई।

### कुलगड़ा में 81वीं दुर्गा पूजा के लिए समिति का गठन, पवन कुमार को अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**लातेहार** : सदर प्रखंड के कुलगड़ा गांव में इस वर्ष होने वाली 81वीं दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में पूजा आयोजन को लेकर चर्चा के बाद नई पूजा समिति का गठन किया गया। सदस्यों ने पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम करने पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से पवन कुमार को अध्यक्ष और संजय प्रसाद भगत को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में संजय कुमार साहू, मुरली सिंह, राकेश कुमार, रमेश भुइयां, प्रयाग गंझु, आनंद सिंह और सुनील भगत को जिम्मेदारी दी गई। सचिव मंडल में विनोद सिंह, विलास यादव, राजदेव प्रसाद, सीताराम सिंह, रोशन कुमार, संजू भुइयां, दिलीप उरांव और राजेश भगत को शामिल किया गया। अजय कुमार सिंह को महासचिव और नंदलाल कुमार प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। राजेश प्रसाद भगत को मुख्य संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गयी। समिति में मिथुन साहू, रविंद्र साहू, गुड्डू भुइयां, त्रिभुवन भुइयां और राजेश्वर यादव समेत अन्य ग्रामीणों को सदस्य बनाया गया। बैठक में पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आवश्यक व्यवस्था करने, साफ-सफाई पर ध्यान देने और आयोजन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर चर्चा हुई।

## दिव्यांगों के जीवन में उम्मीद की किरण बना रोटरी क्लब कोडरमा, नि:शुल्क कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन

# 70 से अधिक दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा जिले में उम्मीद की किरण बन कर रोटरी क्लब कोडरमा ने जरूरतमंदों 70 से अधिक निशक्त करते हाथ पांव के जरूरतमंद लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान कर उनके चेहरे पर मुस्कान और खुशी को लाने का काम किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत सरकार की कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी थी रोटरी पदाधिकारी के रूप में धनबाद से लिंब्स प्रोजेक्ट के जिला चेयर विकास शर्मा और उनके धर्मपत्नी रिद्धि शर्मा मौजूद थी। अतिथि के रूप में अध्यक्ष उमेश वर्मा पार्षद पिंकी जैन

■ जिन्हें पैर मिले, वे खुद चल कर जा रहे, इससे बड़ी सेवा कोई नहीं : केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी



समाजसेवी किशोर जैन समाज संयुक्त मंत्री राज छाबड़ा मौजूद थे। मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी के हाथों से बहुत से लाभुक को उनके हाथों से कृत्रिम अंग प्रदान किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने रोटरी कोडरमा के इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि रोटरी कोडरमा जिले में सेवा समर्पण का अच्छा कार्य कर रही है जिनके पैर नहीं है, वह चल कर जा रहे हैं इससे बड़ी सच्ची सेवा कुछ भी नहीं हो सकती सर्वप्रथम आज कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई मंच संचालन रोटेरियन प्रवीण मोदी ने किया और कहा कि रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा जरूरतमंदों के लिए जादू का काम किया गया मुख्य अतिथि एवं मंचासीन सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित किया अध्यक्ष के द्वारा मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी को पुष्प गुच्छ भेंट किया आए हुए सभी अतिथियों को रोटरी कोडरमा के द्वारा पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया रोटरी अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया और आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नवीन जैन ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा को बताया एवं कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद दिया असिस्टेंट गवर्नर अमित कुमार एवं प्रोग्राम की कोऑर्डिनेटर संगीता शर्मा ने भी लोगो को संबोधित किया और कहा की मानवता की इस सच्ची सेवा में जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग देकर बहुत खुशी हो रही है सुकून मिल रहा है इस नेक कार्य में जैन समाज द्वारा संचालित मूलचंद छाबड़ा फाउंडेशन ने भी सहयोग प्रदान किया किशोर जैन सुशील छाबड़ा आदि लोगों के द्वारा लाभुकों को व्हीलचेयर बैसाखी वॉकर आदि प्रदान किया गया मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट अध्यक्ष नवीन आर्य के द्वारा दिया किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले सभी दानदाता को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया रोटरी पदाधिकारी सदस्यों के द्वारा डॉक्टर सूर्यनारायण पांडे सहित सभी टेक्नीशियन टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया रोटरी अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को शिविर के अपार सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि आप सभी सदस्यों ने दिन-रात मेहनत कर रोटरी के मान सम्मान को आगे बढ़ाया है। सचिव मोहक सुल्तानिया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष जय कुमार गंगवाल सुरेश जैन कैलाश चौधरी महेश दारूका जयकुमार गंगवाल कमल सेठी सुरेश सेठी मनीष पेड़ीवाल, विपुल बगड़िया धर्मेंद्र प्रसाद अश्विनी राजगढ़िया आशीष छाबड़ा शैलेश दारूका रोट्रैक क्लब अध्यक्ष शुभम कुमार आयुष केसरी क्लब के सदस्यमारवाड़ी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संजय शर्मा, कृष्ण भारतपुरिया आदि लोग उपस्थित

## एक झलक

### परहाटोली पंचायत में करम मिलन की धूम

**महुआडांड़ (लातेहार) :** परहाटोली पंचायत के पचोरा में रविवार को ग्राम सभा संगठन समिति की ओर से करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुए समारोह में करम पर्व की पारंपरिक संस्कृति, गीत-संगीत और लोकनृत्य की मनमोहक छटा देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य विशिष्ट अतिथि अजय राज खलखो और अतिथि अजित पाल कुजूर मौजूद रहे। अध्यक्षता फुलजेन्स कुजूर ने की। समारोह में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में डुम्बरडीह ने प्रथम, कुरोकला एवं बेलटोली ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बोड़ाकोना ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को अतिथि अजित पाल कुजूर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। करम मिलन समारोह में विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे शामिल हुए। मांदर की थाप और करम गीतों के बीच पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंगा रहा। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गांवों के लोगों ने एक साथ पारंपरिक नृत्य किया और आपसी एकता, भाईचारे व सांस्कृतिक परंपरा के साथ करम पर्व की खुशियां साझा कीं। मौके पर सचिव ज्योति प्रकाश मिंज, उप सचिव मोरिश खलखो, मुखिया रीता खलखो, पंचायत समिति सदस्य निर्मला टोप्पो, विनोद टोप्पो, चोन्हस मिंज, अशोक टोप्पो, अमल राज खलखो, भूषण खलखो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### टंडवा एनटीपीसी प्लांट में बिजली उत्पादन आधा

**चतरा :** टंडवा स्थित एनटीपीसी के नॉर्थ करनपुरा पावर प्लांट में बिजली उत्पादन निर्धारित क्षमता से काफी कम होने और फ्लाई ऐश से डेक के भर जाने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। बताया जा रहा है कि परियोजना की स्थिति को लेकर केंद्रीय स्तर पर अधिकारियों की ओर से लगातार सख्त संदेश दिए जा रहे हैं। पिछले दिनों एचओपी आलोक त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद परियोजना की स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई गई थी। हालांकि अधिकारियों के स्थानांतरण और नए पदस्थापन के बावजूद परियोजना में अपेक्षित सुधार नहीं होने की बात सामने आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नॉर्थ करनपुरा परियोजना की तीनों इकाइयों की कुल निर्धारित क्षमता 1980 मेगावाट है, जबकि वर्तमान में करीब 1000 मेगावाट ही बिजली उत्पादन होने का दावा किया जा रहा है। इससे परियोजना की उत्पादन क्षमता को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतियोगिता में ग्रिजली स्कूल प्रथम

# सतत् प्रयास ही सफलता की कुंजी : अन्नपूर्णा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** भारत विकास परिषद झुमरीतिलैया के तत्वाधान में रविवार को शिव वाटिका झुमरी तिलैया में जिला स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रुप में केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम ग्रिजली स्कूल तिलैया डैम, द्वितीय डीएवी पब्लिक स्कूल एवं तृतीय चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के बच्चे रहे। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जहां बच्चों में



देशभक्ति की भावना जागृत होती है, वही बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी प्राप्त होता है । वही बच्चों को जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के प्रतियोगिताओं में भाग लेने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सतत प्रयास से ही सफलता मिलती है। यही बच्चे विकसित भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे । सभी विजेताओं को मौके पर ही शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी महिला एवं बाल विकास द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके द्वारा गाये देशभक्ति गीतों से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडे ने परिषद के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बताया। वहीं, क्षेत्रीय महिला एवं बाल विकास संयोजक जयंती सेठ ने भारत विकास परिषद के प्रमुख आयाम पर विस्तार से जानकारी दी। परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा प्रतियोगिता में प्रथम आए बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने जाएंगे । प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भरना है। वहीं कार्यक्रम के संस्कार प्रमुख माधोराम भार्गव ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हार -जीत तो लगी रहती है, हार से घबराने के बजाय सीख लेते हुए और मेहनत कर आगे बढने की जरूरत है। वहीं, निर्णायक की भूमिका डॉ भूपेंद्र ठाकुर , डॉ लूना मित्रा एवं राकेश राजपूत, थे।

# लोहरदगा की जर्जर सड़कों और क्षतिग्रस्त पुलों के लिए विशेष पुनरुद्धार योजना की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के गांवों, पंचायतों और दूरस्थ टोलों को जोड़ने वाली जर्जर सड़कों तथा क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों की समस्या को लेकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिन्देश्वर उरांव ने केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री को आवेदन भेजा है। आवेदन की प्रतिलिपि झारखंड के मुख्यमंत्री, संबंधित केन्द्रीय एवं राज्य मंत्रियों तथा जिला प्रशासन को भी दी गयी है। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार से 'लोहरदगा ग्रामीण सड़क पुनरुद्धार विशेष योजना' स्वीकृत करने की मांग की है। आवेदन में लोहरदगा सदर एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ सेनहा, भंडरा, कुडू, कैरो, पेशरार और किस्को प्रखंड की सड़कों का उल्लेख किया गया है। इनमें कई मार्गों पर बड़े गड्ढे, कीचड़ और जलजमाव की समस्या दर्ज है। कुछ स्थानों पर पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त या अधूरे बताए गए हैं। श्री उरांव ने कहा कि बरसात में ऐसी सड़कों से मरीजों को अस्पताल पहुंचाना और बच्चों को विद्यालय भेजना कठिन हो जाता है। किसानों, व्यापारियों और आम ग्रामीणों का आवागमन भी प्रभावित होता है। उन्होंने विशेष रूप से भंडरा-भंवरो-बेदाल-मसमानो, उगरा-मेढ़ो-



जोगना, पेशरार-चैनपुर तथा कचहरी मोड़-कुटमू-भंडरीहा जैसे मार्गों की स्थिति पर ध्यान दिलाया। आवेदन में कुजरा-होंदगा क्षेत्र के पुल और कैरो क्षेत्र में कोयल नदी पर क्षतिग्रस्त पुल से जुड़ी समस्याएं भी उठायी गयी हैं। श्री उरांव ने कहा कि इन सभी स्थानों की वर्तमान स्थिति का स्थल निरीक्षण और तकनीकी जांच कराकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। आवेदन में मांग की गयी है कि जिले की जर्जर सड़कों का 30 दिनों के भीतर संयुक्त तकनीकी एवं भौतिक सर्वेक्षण कराया जाये। बरसात में आवागमन रोकने वाले मार्गों, टूटे पुल-पुलियों और कटावग्रस्त हिस्सों की आपदा एवं आपात मद से तुरंत मरम्मत हो। इसके बाद गांवों को प्रखंड मुख्यालय, अस्पताल, विद्यालय और बाजार से जोड़ने वाली सड़कों के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर चरणबद्ध स्थायी निर्माण कराया जाये। श्री उरांव ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांच, परियोजनाओं की समय-सीमा सार्वजनिक करने और लंबित कार्यों की जवाबदेही तय करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा, 'सुरक्षित सड़क सम्पर्क गांव के लोगों की रोजमर्रा की जरूरत है। किसी मरीज को इलाज से, बच्चे को पढ़ाई से या किसान को बाजार से खराब सड़क के कारण वंचित नहीं होना चाहिए।'

# पलामू प्रमंडल की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को प्रदीप चौबे ने भेजा 'आखिरी निवेदन'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के प्रदेश महामंत्री सह विभाग प्रभारी प्रदीप कुमार चौबे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर पलामू प्रमंडल की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है। पत्र में उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए ह्यआखिरी निवेदनह्ण बताते हुए बेरोजगारी, पलायन, खनिज संपदा और रेल सुविधा सहित कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। चौबे ने पत्र में कहा है कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों ने वर्ष 1991 से वर्तमान समय तक सात बार करीब 35 वर्षों तक भाजपा के सांसदों को चुनकर भेजा है। इसके बावजूद क्षेत्र में बेरोजगारी और पलायन की समस्या बनी हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय को पूर्व में भेजे गए 25 सितंबर 2024 और 15 मई 2026 के पत्रों का भी उल्लेख किया। उन्होंने पलामू प्रमंडल में खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की। पत्र में पोठरा खनिज की निविदा, झारखंड में सेंट्रल यूनिवर्सिटी अथवा अन्य शैक्षणिक संस्थान की स्थापना तथा मेराल से भवनाथपुर, खरौंधी, कोन, कमलिया धाम, चंदौली होते हुए वाराणसी तक रेलवे लाइन और ट्रेन परिचालन की मांग भी उठाई गई है। पत्र के अनुसार, क्षेत्र में पाए जाने वाले खनिजों के उत्खनन के लिए पहले भी पहल की मांग की गई थी। चौबे ने कहा कि यदि मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो उन्हें जनहित में आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## लुगुबुरु महोत्सव की तैयारियों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** ललपनिया स्थित श्यामली गेस्ट हाउस में उपायुक्त अजय नाथ झा ने लुगुबुरु घंटाबाड़ी राजकीय महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, आयोजन समिति और टीटीपीएस प्रबंधन के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पिछले वर्ष की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को हुई परेशानियों की समीक्षा कर इस बार बेहतर इंतजाम करने को लेकर निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि लुगुबुरु घंटाबाड़ी धर्म महासम्मेलन संथाल समाज की आस्था, संस्कृति और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। आगामी 22, 23 और 24 नवंबर को होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने महोत्सव परिसर और आसपास साफ-सफाई, रंग-रोगन, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा। पहाड़ी मार्गों पर अतिरिक्त रोशनी, दुर्घटना संभावित स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग और खराब सोलर लाइटों की मरम्मत कराने का



निर्देश दिया गया। यातायात और पार्किंग व्यवस्था को लेकर मुख्य एवं वैकल्पिक पार्किंग स्थल तैयार करने, प्रवेश-निकास के अलग मार्ग निर्धारित करने और प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल एवं वॉलंटियर्स की तैनाती का निर्देश दिये गये। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से महोत्सव स्थल तक श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था करने को भी कहा गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर मेडिकल कैम्प, एंबुलेंस, स्ट्रेचर, दवाइयां और चिकित्सकीय टीम उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। दुकानदारों के लिए अग्निशमन यंत्र अनिवार्य करने तथा अग्निशमन विभाग को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रखने को कहा गया। महोत्सव के दौरान सीसीटीवी, ड्रोन कैमरा, एलईडी स्क्रीन, साउंड सिस्टम और संचार उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ खराब उपकरणों की समय पर मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों और आयोजन समिति को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पिछले वर्ष की कमियों को दूर करने के निर्देश दिया।

# कठोतिया में फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज

## जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने किया उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के मदगड़ा पंचायत अंतर्गत कठोतिया गांव में आयोजित भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी ने विधिवत रूप से किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला हेसाग बनाम डाढ़ा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। मैच से पूर्व युवाओं और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा, सभी युवा साथियों को खेल के प्रति सक्रियता और समाज में समरसता बनाए रखने के लिए हृदय से शुभकामनाएं। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास



के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आपसी भाईचारे और अनुशासन को भी बढ़ावा देता है।उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए आगे कहा कि युवा इसी प्रकार सकारात्मक ऊर्जा के साथ चतरा को सुंदर एवं समृद्ध बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें। अंत में उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया योगेश यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# मुर्गी फार्म में चोरी कांड का पुलिस ने किया खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र में मुर्गी फार्म से हुए मुर्गी दाना चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सदर थाना क्षेत्र के डहुरा गांव निवासी अरविंद कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके निशानदेही पर मुर्गी फार्म से चोरी किया गया 50-50 किलो का 21 बोरा मुर्गी दाना बरामद किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त स्मार्टफोन भी जब्त किया है। गिद्धौर थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमरिया के प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सन्नी वर्धन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के सलिमपुर मोड़ के पास पेक्सा गांव जाने



वाली सड़क के किनारे आमतारी स्थित मुर्गी फार्म से चोरी हुआ मुर्गी दाना सदर थाना क्षेत्र में छुपाकर रखा गया है। उन्होंने बताया कि सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए पुलिस निरीक्षक, सदर अंचल, वीरेंद्र हांसदा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम में गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, सहायक अवर निरीक्षक रंजय कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। प्रभारी एसडीपीओ ने बताया कि टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र के तुराग गांव में छापेमारी कर संदिग्ध अरविंद कुमार यादव को हिरासत में लिया। जिसके बाद पूछताछ के आधार पर उसके निशानदेही पर चोरी का पूरा 21 बोरा मुर्गी दाना बरामद कर लिया गया।

# क्षमावाणी पर्व पर मुनिश्री ने दिया क्षमा का संदेश



**झुमरी तिलैया :** जैन समाज की ओर से दसलक्षण पर्व के समापन अवसर पर क्षमावाणी महापर्व जैन मंदिर परिसर में मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में मनाया गया। समाज के महिला-पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए और एक-दूसरे से क्षमा मांगकर पर्व मनाया। मुनिश्री सुयश सागर जी ने कहा कि क्षमा वीरों का आभूषण है। गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन गलती के लिए क्षमा मांगना और दूसरों को क्षमा करना श्रेष्ठ भाव है। उन्होंने कहा कि क्रोध से किसी को नहीं जीता जा सकता, जबकि क्षमा के माध्यम से मन में परिवर्तन लाया जा सकता है। क्षमा परिवार और समाज को टूटने से बचाने के साथ आपसी प्रेम और शांति का वातावरण कायम करती है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के क्षमावाणी पर्व को विश्व मैत्री दिवस के रूप में अपनाया जाना चाहिए, ताकि समाज में प्रेम, वात्सल्य और शांति की भावना मजबूत हो। कार्यक्रम के दौरान रत्नत्रय व्रत धारण करने वाले व्रतियों का सम्मान किया गया। मुनिश्री ने कहा कि रत्नत्रय व्रत मुक्ति के मार्ग को प्रशस्त करने वाला कठिन व्रत है। इस अवसर पर 10 वर्षीय हितांश जैन द्वारा तीन दिवसीय रत्नत्रय व्रत धारण करने पर विशेष रूप से आशीर्वाद दिया गया।

# मतदाता सूची से नाम हटाने के विरोध में एआईएमआईएम ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर की प्राथमिकी की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने का आरोप लगाते हुए एआईएमआईएम ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। इस मांग को लेकर पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शहबाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर के निर्देश पर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में लातेहार विधानसभा प्रभारी श्रवण पासवान, जिला महासचिव, जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव, प्रखंड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। ज्ञापन में कहा गया है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पार्टी का आरोप है कि कई पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इससे उनके मतदान के अधिकार पर असर पड़ने की बात कही गई



है। एआईएमआईएम ने पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय करने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना प्रत्येक पात्र नागरिक के लिए मतदान के अधिकार से जुड़ा है। ऐसे में किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से हटने की शिकायत सामने आती है तो उसकी जांच कर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।लातेहार विधानसभा प्रभारी श्रवण पासवान ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यदि पुनरीक्षण के दौरान पात्र लोगों के नाम हटाए गए हैं तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से आग्रह किया कि ज्ञापन को उचित माध्यम से राज्य सरकार और निर्वाचन से जुड़े वरीय अधिकारियों तक भेजा जाए, ताकि मामले पर आवश्यक कार्रवाई हो सके। पार्टी ने मतदाता सूची में नाम हटाए जाने की शिकायतों की जांच कराने की भी मांग दोहराई।

# जलमीनार के नाम पर सरकारी खजाने पर बोझ! घटिया निर्माण के आरोपों से मचा हड़कम्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड में ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए संचालित जलमीनार योजनाएं अब सवालों के घेरे में हैं। ग्रामीणों ने नए जलमीनारों के निर्माण में कथित तौर पर घटिया सामग्री के इस्तेमाल और निर्धारित मानकों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपों ने सरकारी राशि के इस्तेमाल से लेकर निर्माण की निगरानी तक पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ पुराने जलमीनार महीनों से खराब पड़े हैं और दूसरी तरफ नए जलमीनारों के निर्माण के नाम पर सरकारी राशि खर्च की जा रही है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब पुराने जलमीनारों को मरम्मत कर चालू किया जा सकता है, तो नए निर्माण को प्राथमिकता क्यों दी जा रही है ?

**नयी जलमीनार की नींव से ही गुणवत्ता पर सवाल!**

**ग्रामीणों** के अनुसार, कई स्थानों पर निर्माण में इस्तेमाल हो रहे पाइप, टंकी, लोहे के स्ट्रक्चर समेत अन्य सामग्री की गुणवत्ता संदेह के घेरे में है। कुछ स्थानों पर जलमीनार की ऊंचाई और निर्माण की मजबूती को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्माण में मानकों से समझौता किया गया तो

■ पुराने जलमीनार पड़े ठप, फिर नये निर्माण पर लाखों की कवायद; ग्रामीणों का सवाल...मरम्मत छोड़ नये निर्माण की जरूरत क्यों

■ पाइप, टंकी और स्ट्रक्चर की गुणवत्ता पर सवाल, मानकों की अनदेखी का आरोप; तकनीकी जांच और कार्रवाई की मांग



आज खड़ा किया जा रहा जलमीनार कल फिर सरकारी पैसे से मरम्मत मांग सकता है। यानी पैसा खर्च होगा, ढांचा खड़ा होगा, लेकिन ग्रामीणों की प्यास जस की तस रह सकती है।

**पुरानी जलमीनार बनी कबाड़, नये निर्माण की जल्दी क्यों?**

**सबसे** बड़ा सवाल उन जलमीनारों को लेकर है जो पहले से गांवों में मौजूद हैं, लेकिन लंबे समय से खराब पड़े हैं। ग्रामीणों के मुताबिक कई जगह मोटर, पाइपलाइन अथवा अन्य तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति बंद है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि खराब जलमीनारों को दुरुस्त करने के बजाय उसी क्षेत्र में नया जलमीनार बनाया जा रहा है, तो इसकी जरूरत, स्वीकृति और खर्च की प्राथमिकता सार्वजनिक की जानी चाहिए।

**जहां जरूरत, वहां पानी नहीं; जहां निर्माण, वहां सवाल**

**ग्रामीणों** ने यह भी सवाल उठाया है कि जिन इलाकों में वास्तव में पेयजल संकट गंभीर है, वहां अब भी लोग पानी के लिए परेशान हैं। दूसरी ओर कुछ स्थानों पर नए जलमीनारों का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन उन्हीं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों की मांग है कि विभाग सिर्फ कागजों पर योजना पूरी होने की रिपोर्ट तैयार करने के बजाय जमीन पर जाकर हकीकत देखे।

# कुंडहित में भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के तहत रविवार को कुंडहित मंडल में भाजपा कार्यकतोओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का श्रवण किया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों तथा देशहित, विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर दिए गए संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यकतोओं ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे कार्यों, सामाजिक पहल और जनकल्याण से जुड़े विषयों की जानकारी मिलती है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए संदेशों एवं विचारों को कार्यकताओं ने समाज के बीच पहुंचाने की बात कही।इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहने तथा समाज के लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



देशहित और जनकल्याण से जुड़े संदेशों को कार्यकर्ताओं ने सुना, समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का लिया संकल्प

## एक झलक

### संयुक्त श्रम भवन में जॉब कैम्प का आज होगा आयोजन

**अररिया :** अररिया में बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने को लेकर सोमवार को जिला नियोजन कार्यालय और संयुक्त श्रम भवन परिसर में जॉब कैंप आयोजित किया जाएगा। बेंगलुरु की इजी ट्री सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी 50 पदों पर युवाओं का चयन करेगी। कंपनी की ओर से आयरन डिलीवरी ड्राइवर और हेल्पर के पदों पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 20 हजार से 30 हजार रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। जॉब कैंप में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का कम से कम 10वीं पास होना जरूरी है। उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। यह भर्ती सिर्फ पुरुष उम्मीदवारों के लिए है। अभ्यर्थियों को कैंप में आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, निबंधन फॉर्म और सभी मूल प्रमाण-पत्रों की फोटोकॉपी लेकर पहुंचना होगा। जॉब कैंप में शामिल होने के लिए किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी सोमवार सुबह साढ़े दस बजे जिला नियोजन कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन पहुंचकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### तीन दिनों की बैंक हड़ताल को लेकर सभी राष्ट्रीयकृत बैंक रहे खुले

**अररिया :** सोमवार से बुधवार तक यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर सभी राष्ट्रीयकृत बैंक बंद रहेंगे। जिसको लेकर आज रविवार को सभी बैंक आम दिनों की तरह खुला रहा और ग्राहकों ने तीन दिन बैंक बंद रहने के कारण अपने सभी जरूरी काम का निबटारा किया। बैंक प्रबंधकों के मुताबिक, तीन दिन तक शाखाएं बंद रहने से नकद निकासी, जमा, चेक से जुड़े काम और बैंक खाते से संबंधित कई सेवाएं रुक सकती हैं। डिजिटल बैंकिंग और एटीएम की सुविधा बैंक की व्यवस्था पर निर्भर करेगी हजारों ग्राहकों को परेशानी से बचाने के लिए बैंक कर्मियों ने उपभोक्ताओं से सहयोग करने और जरूरी लेन-देन समय पर पूरा करने को लेकर आज बैंक को रविवार रहने के बावजूद खुला रखा।

### ग्रामीणों की समस्याओं पर हुई चर्चा, विकास में भागीदारी पर जोर

**सुपौल :** जिले के पिपरा प्रखंड की पथरा दक्षिण पंचायत में रविवार को ह्याविकसित भारत-समृद्ध बिहारह्न पंचायत विकास दिवस मनाया गया। मुखिया सुभाष यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत के विकास, स्वच्छता और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में विभिन्न वार्डों से पहुंचे ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों के समक्ष सड़क, स्वच्छता, पेयजल, नाली सहित अन्य समस्याएं रखीं। पंचायत कर्मियों ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मुखिया सुभाष यादव ने कहा कि पंचायत के समग्र विकास के लिए ग्रामीणों की भागीदारी जरूरी है। योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और पंचायत को स्वच्छ एवं विकसित बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

### गंडक में बढ़ा जलस्राव, शाम तक पांच लाख क्यूसेक पहुंचने की सम्भावना, विभाग अलर्ट

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को कहा कि नेपाल में गंडक नदी के जल अधिग्रहण क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान सामान्य से काफी अधिक वर्षा हुई है। इसके कारण वाल्मीकिनगर बराज पर गंडक नदी का जलस्राव बढ़ रहा है। 27 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक बराज पर 4.24 लाख क्यूसेक जलस्राव दर्ज किया गया, जिसकी प्रवृत्ति बढ़ने की है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में विजय कुमार चौधरी ने बताया कि वाल्मीकिनगर बराज से करीब 80 किलोमीटर ऊपर नेपाल के देवघाट गेज स्थल पर दर्ज जलस्तर के आधार पर शाम तक बराज पर करीब पांच लाख क्यूसेक या उससे अधिक जलस्राव पहुंचने की संभावना है।

---

**पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

# अंतरजिला चोरी गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना कांड सं0-315/2026 का उद्भेदन, अंतरजिला गृहभेदन एवं चोरी गिरोह के 05 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया वही चोरी के सोना-चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त औजार बरामद किये गये। दिनांक-28.08.2026 को वादी प्रेमजीत कुमार सिंह, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता- बिरोधी सिंह, सा०- सदुना, गायत्री मंदिर रोड, निचर ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, पलामू द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर शहर थाना कांड सं0-315/2026, दिनांक-28.08.2026, धारा-305/331(4)/334(ए) बी०एन०एस० के तहत अज्ञात चोरों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। कांड के त्वरित उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक, पलामू श्री कपिल चौधरी (भा०पु०से०) के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम द्वारा सी०सी०टी०वी० फुटेज, तकनीकी शाखा एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से लगातार विभिन्न स्थानों पर छापामारी एवं अनुसंधान की कार्रवाई की गई। अनुसंधान के क्रम में रायरंगपुर, मयूरभंज, ओडिशा से 03 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ हेतु लाया गया। पूछताछ में इनके द्वारा पलामू एवं गढ़वा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दिन के समय बंद घरों की रेकी करने तथा रात्रि में रेकी किए गए घरों को निशाना बनाकर नगद राशि एवं आभूषण चोरी करने की बात बताई गई। पूछताछ में यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि चोरी किए गए आभूषणों को डेहरी स्थित डालमियानगर, रोहतास के प्रमोद ज्वेलर्स में बेचा जाता था। इसके बाद डालमियानगर, डेहरी से दो अन्य व्यक्तियों को लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ एवं स्वीकारोक्ति के आधार पर अभियुक्तों द्वारा शहर थाना क्षेत्र में विभिन्न तिथियों में अलग-अलग घरों में चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई। अभियुक्तों की निशानदेही पर प्रमोद ज्वेलर्स से चोरी के आभूषणों में से लगभग 45 ग्राम सोना, माला सहित लगभग 80 ग्राम सोना जैसा आभूषण तथा लगभग 7.8 किलोग्राम चाँदी जैसा आभूषण बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त दरवाजा एवं खिड़की काटने/तोड़ने में प्रयुक्त विभिन्न औजार भी बरामद किए गए हैं।



**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम व पते**

1. लक्ष्मण मोदी उर्फ लक्ष्मण खेरवार, उम्र करीब 49 वर्ष, पिता- मिठू मोदी, सा०- बड़ा अमदा, थाना- खरसावाँ, जिला- सरायकेला-खरसावाँ, वर्तमान पता- ग्राम मोहनिया बिगहा, डालमियानगर, थाना- डेहरी (डालमियानगर ओ०पी०), जिला- रोहतास (बिहार)।
2. प्रमोद सोनी, उम्र करीब 33 वर्ष, पति- स्व० सुरेश प्रसाद सोनी, सा०- डालमियानगर, थाना- डेहरी (डालमियानगर ओ०पी०), जिला- रोहतास (बिहार)।
3. अरविन्द खेरवार, पिता- डाली खेरवार, सा०- नहर पर, मथुरापुर, थाना- डेहरी (डालमियानगर ओ०पी०), जिला- रोहतास (बिहार)।
4. राजू कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता- नरसिंह खेरवार, सा०- रोमी, थाना- पेलावल, जिला- हजारीबाग।
5. राज कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता- नरसिंह खेरवार, सा०- रोमी, थाना- पेलावल

### एसपी ने बैंकों के सुरक्षा ऑडिट व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**मेदिनीनगर :** पुलिस अधीक्षक, पलामू श्री कपिल चौधरी (भा०पु०से०) के निर्देशानुसार रविवार को पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संचालित बैंकों का सुरक्षा ऑडिट किया गया। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा बैंक परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच की गई।



**ऑडिट के दौरान इन बिन्दुओं की हुई जांच**

**पुलिस** टीमों ने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं रिकॉर्डिंग व्यवस्था, सायरन, फायर अलार्म, आपातकालीन बटन, सुरक्षा गार्ड की तैनाती तथा बैंक के प्रवेश एवं निकास द्वार की सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही बैंक परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी गई।

**बैंक प्रबंधकों को दिये गये आवश्यक निर्देश**

**सुरक्षा** ऑडिट के दौरान बैंक प्रबंधकों एवं कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया। सभी सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू रखने, उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को देने को कहा गया।

---

### पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त

**पटना :** बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने दिसंबर में सेवानिवृत्त होने से पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। आनन-फानन में उन्हें राज्य का नया मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है। बिहार गृह विभाग की शनिवार देररात जारी अधिसूचना के अनुसार, 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी कुमार ने हाल में स्वास्थ्य कारणों से छुट्टी लेने के बाद 25 सितंबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) के लिए आवेदन किया। सरकार ने उनके आवेदन को मंजूर कर लिया। अधिसूचना के अनुसार, कुमार को तीन महीने का नोटिस देने संबंधी नियमों में छूट देते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग की एक अन्य अधिसूचना के अनुसार, कुमार को कार्यभार संभालने की तारीख से मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) नियुक्त किया गया है।

### ममता देवी ने जर्जर सड़क की अपने निजी खर्च से कराई मरम्मती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड के सोसो से पतरातु गाँव तक की सड़क भारी बारिश के कारण जगह-जगह जर्जर हो गई थी। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और जलजमाव के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विगत दिनों पतरातु गाँव की सैकड़ों महिलाओं ने स्थानीय विधायक ममता देवी से मुलाकात कर सड़क की जर्जर स्थिति से अवगत कराया था। विधायक ममता देवी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त से बातचीत कर सड़क के स्थायी निर्माण को लेकर पहल की। उपायुक्त ने विभागीय स्तर पर जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। वहीं, सड़क की स्थायी मरम्मती होने तक ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए तत्काल गड्ढों को भरने और सड़क को आवागमन योग्य बनाने का आग्रह ग्रामीणों ने विधायक से किया था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक ममता देवी ने अपने निजी खर्च से सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों को भरने एवं तत्काल मरम्मती का कार्य शुरू करा दिया। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक द्वारा तत्काल पहल किए जाने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए ममता देवी के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी पहल की सराहना की।



### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सुना मन की बात, प्रधानमंत्री के संदेश को बताया प्रेरणादायी



**एजेंसी**

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक सेवक आवास स्थित नेक संवाद सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ह्यमन की बात के 138वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुना। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के देशवासियों के साथ संवाद और विभिन्न सामाजिक विषयों पर दिए गए संदेशों को सुना। मन की बात के प्रसारण के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम लगातार देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे सकारात्मक और प्रेरणादायी कार्यों को सामने लाते हैं। उनके विचारों से बिहार सहित पूरे देश के लोगों को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उठाए गए सामाजिक सरोकारों से लोगों को अपने स्तर पर देश और समाज के विकास में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की 10वीं वर्षगांठ, श्रद्धेय अशोक सिंहल की जन्म शताब्दी, जनगणना में जनभागीदारी, विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने नशामुक्त युवा अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, आंवला आधारित रोजगार, महिला सशक्तीकरण और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर भी देशवासियों से संवाद किया।

---

### गरीब महिला को इलाज व पीएम आवास या अबुआ आवास दिया जाये : बिनू कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत रायपुरा गाँव में गरीब परिवार पर रविवार को आफत टूट पड़ा। चंद्रदीप महतो का कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के दौरान घर में मौजूद सोहरी देवी मलबे की चपेट में आ गईं। उनके पैर में दो जगह फ्रैक्चर हो गया। घायल सोहरी देवी का इलाज बीएम सेवा सदन डभातू गोला में चल रहा है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बसपा पूर्व प्रत्याशी सह आरटीआई कार्यकर्ता बिनू कुमार महतो ने कहा कि चंद्रदीप महतो मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पेट पालते हैं। घटना के समय घर में देवनारायण महतो, उनकी पत्नी सोहरी देवी और देवचरण महतो की बहन सुकरी देवी मौजूद थीं। मकान गिरने से घर का सामान भी मलबे में दब गया। हादसे के बाद परिवार के सामने सिर छिपाने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।



**आवास योजना पर उठे सवाल**

**घटना** की सूचना मिलने पर रामगढ़ विधानसभा पूर्व बसपा प्रत्याशी सह आरटीआई कार्यकर्ता बिनू कुमार महतो मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि चंद्रदीप महतो मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

### विश्व पर्यटन दिवस पर सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर पर्यटन क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत रविवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रख्यात सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर पर्यटन क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यटन स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ आम लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देना रहा। अभियान में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सीएसआर अधिकारी आशीष झा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उनके साथ रजरप्पा क्षेत्र से विकास राय एवं रितिक कुमार ने भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान 25 से अधिक सफाई सैनिकों ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के पर्यटन क्षेत्र की साफ-सफाई की। अभियान में सेवा फाउंडेशन की ओर से सुमन एवं उनके वालंटियर्स ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर रजरप्पा क्षेत्र के सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने कहा, ह्यरजरप्पा मंदिर न केवल हमारी आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि झारखंड के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों में भी इसकी विशेष पहचान है। ऐसे स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता ही सेवा 2026 के माध्यम से हमारा प्रयास है कि स्वच्छता को केवल एक अभियान न मानकर इसे हमारी आदत और सामुदायिक जिम्मेदारी बनाया जाए।

### चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने उठाये सवाल, 28 सितम्बर को प्रतिवाद मार्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मतदाता सूची में किए जा रहे बदलाव तथा निर्वाचन आयोग की कथित कार्यप्रणाली और डेटा प्रबंधन को लेकर कांग्रेस ने कोडरमा में प्रेस वार्ता कर गंभीर सवाल उठाए। प्रेस वार्ता को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट मनीष राज एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने संबोधित किया। प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश की एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है और उसकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बेहद जरूरी है। SIR के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन की प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी भी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित न हो।

---

### आरक्षण व सामाजिक न्याय के मुद्दे पर केन्द्र सरकार को घेरा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** राष्ट्रीय नाई महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.के. ठाकुर एवं उनकी पत्नी नारी शक्ति डॉ. उर्मिला शर्मा के रविवार को भवनाथपुर आगमन पर समाज के लोगों ने कर्पूरी चौक पर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला परिषद सदस्य सह राष्ट्रीय सचिव रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने दोनों अतिथियों को पुष्पमाला एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान लोगों ने ह्यजननायक कर्पूरी ठाकुर अमर रहेंह्न, ह्यडॉ. सी.के. ठाकुर जिंदाबादह्न और ह्यडॉ. उर्मिला शर्मा जिंदाबादह्न के नारे लगाए। स्वागत समारोह के बाद डॉ. सी.के. ठाकुर एवं डॉ. उर्मिला शर्मा ने कर्पूरी चौक स्थित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.के. ठाकुर ने आरक्षण और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि नाई समाज आज भी अपने हक और अधिकार से वंचित है। सरकारों द्वारा समाज का इस्तेमाल वोट बैंक के रूप में किए जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आरक्षण, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में समाज को अपेक्षित अधिकार नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय का जो सपना देखा था, उसे पूरा करने के लिए समाज को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि वे कर्पूरी ठाकुर के विचारों और सामाजिक न्याय के संदेश को लेकर पूरे झारखंड में समाज के लोगों को संगठित करने के उद्देश्य से दौरा कर रहे हैं। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट और संगठित रहने की अपील की। इस दौरान झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर, पंसस संघ अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर, समाजसेवी राजमोहन ठाकुर, उपाध्यक्ष बुधन ठाकुर, सचिव धनंजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुनील ठाकुर, युवा समाजसेवी शशि भूषण ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, दिनेश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



### करोड़ों की लागत से बनी मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन उद्घाटन से पहले दरकी

**भागलपुर :** जिले से गुजरने वाली और क्षेत्र की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन सड़क उद्घाटन से पहले ही विवादों में घिर गई है। लगभग 4000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बन रही इस हाई-टेक सड़क के कुछ हिस्सों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। सड़क दरकने की इस घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता और ठेकेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आला अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया है। एनएचएआई की एक विशेष तकनीकी टीम ने प्रभावित स्थल का दौरा कर दरारें पड़ने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**कोडरमा जिला संवेदक संघ की बैठक सम्पन्न**

### संवेदकों के हित में कार्य करेगा जिला संवेदक संघ : विमल मोदी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** रविवार को झुमरी तिलैया स्थित रॉयल सेलिब्रेशन में जिला संवेदक संघ की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता ठाकुर यशवंत सिंह ने किया एवं संचालन संघ महासचिव विमल मोदी ने किया। बैठक में कई संवेदकों ने अपनी अपनी बातों को रखा। विमल मोदी ने कहा कि संघ के चुनाव में काफी वर्ष बीत गए हैं इसलिए नई कमिटी का गठन होना जरूरी है तभी नयी ऊर्जा के साथ संवेदक हित में लोग कार्य करेंगे साथ ही समस्याओं को उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखेंगे। सभी उपस्थित संवेदकों ने पुनः नए कमिटी गठन पर समर्थन जताया। इसके मजबूती के लिए भी आवाज उठाने की बात कही गई। बैठक में पंद्रह सदस्यीय चुनाव संचालन कमिटी बनाई गई। जिसमें मुख्यतः विमल मोदी, प्रदीप कुमार पांडे, सौरभ यादव, उमेश यादव, अशोक पांडे, संजीव यादव, अज्जू सिंह, राजकुमार पांडे, दीपनारायण सिंह, संतोष यादव, संदीप पांडे, मुनेश यादव, सनोज कुमार, अजय सिंह, कौशलेश मेहता को चुना गया। पुनः आगे संचालन कमिटी की बैठक पांच अक्टूबर को रखा गया एवं पुनः नए कमिटी का गठन आने वाले पच्चीस अक्टूबर को इसी रॉयल सेलिब्रेशन में ही संपन्न करने का लिया गया। लोगों ने संवेदकों को कार्यालयों में, स्थलों में, बिल भुगतानों में, रॉयल्टी के नए नियम के कारण भुगतान पर रोक हो जाने एवं तीन वर्ष पूर्व के पुराने रेट के एस्टीमेट पर टेंडर किये जाने जैसी कई परेशानियों पर चर्चा की गई। इस पर सभी एकजुट होकर अधिकार के लिए संवैधानिक लड़ाई लड़ने की बात कही। बैठक में सैकड़ों की संख्या में जिला के विभिन्न प्रखंडों से संवेदकों ने भाग लिया था।



---

# पंकज उरांव हत्याकांड का उद्भेदन, 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पुलिस अधीक्षक, पलामू श्री कपिल चौधरी (भा०पु०से०) के निर्देशानुसार लेस्लीगंज थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पंकज उराँव हत्याकांड का सफल उद्भेदन कर घटना में शामिल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक-23.09.2026 को प्रातः करीब 06:00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम एकता जंगल में एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए सशस्त्र बल के साथ पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुँची, जहाँ एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव की पहचान एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु इसकी सूचना पलामू जिला के सभी थानों को दी गई। इसी क्रम में जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम बंजारी, थाना पाटन निवासी बिरजू उराँव, पिता-अकल उराँव द्वारा दिनांक-19.09.2026 को पंकज उराँव के गुमशुदगी के संबंध में आवेदन दिया गया था। सूचना के आधार पर बिरजू उराँव को शव की पहचान हेतु एकता जंगल लाया गया, जहाँ उन्होंने शव की पहचान अपने पुत्र पंकज उराँव के रूप में की। मृतक के पिता द्वारा मृतक की पत्नी अनिमा कुमारी एवं उसके मायके पक्ष के लोगों पर पंकज उराँव की हत्या कर शव को जंगल में फेंकने का आरोप लगाया गया। इस संबंध में लेस्लीगंज थाना कांड संख्या-137/2026, दिनांक-23.09.2026, धारा-103(1)/238(') बी०एन०एस० के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।



**अनुसंधान के क्रम में हत्या की साजिश का खुलासा**

**कांड** के अनुसंधान के क्रम में पुलिस को जानकारी मिली कि अनिमा कुमारी द्वारा अपने पिता के साथ मिलकर अपने पति पंकज उराँव की हत्या कराने के लिए खामडीह निवासी तेतरी देवी एवं पिन्टू कुमार को कथित रूप से 10 लाख रुपये दिए गए थे। अनुसंधान के दौरान तेतरी देवी के बैंक खाते में लगभग 08 लाख रुपये की राशि होने की जानकारी भी सामने आई। जांच में यह भी प्रकाश में आया कि अभियुक्तों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से रिंकी देवी के माध्यम से पंकज उराँव से फोन पर बातचीत कराई गई तथा उसे मिलने के लिए सतबरवा बुलाया गया। इसके बाद अभियुक्तों द्वारा पंकज उराँव की हत्या कर उसके शव को एकता जंगल में फेंक दिया गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा हत्या की साजिश एवं घटना में संलिप्त कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम**

1. अनिमा कुमारी पति-मृतक पंकज उराँव
2. पिंटू कुमार, पिता-स्व०-सरयु पासवान।
3. तेतरी देवी, पति-पिंटू कुमार दोनों ग्राम-खामडीह थाना-सतबरवा।
4. जितेन्द्र उराँव, पिता-स्व०-बुधन उराँव ग्राम-किसैनी थाना-पाटन जिला-पलामू।
5. रिंकी देवी, पति-फुलेश्वर भुईयाँ ग्राम-नावागढ़, थाना पांकी।
6. रामजनम उराँव, पिता- स्व० रामवृक्ष उराँव ग्राम-चियाँकी थाना-सदर।
7. दिलेश्वर सिंह, पिता-स्व०-रामदास सिंह ग्राम-एकता थाना-लेस्लीगंज सभी जिला-पलामू। सभी अभियुक्त जिला-पलामू के निवासी हैं।

**बरामदगी**

मृतक पंकज उराँव का POCO कंपनी का मोबाइल, क्टएक ठछ्ठ. 86253105805054। पिन्टू कुमार के पास से स्क्वड कंपनी का मोबाइल एवं 4,800/- नकद। जितेन्द्र उराँव के पास से ढढडड कंपनी का मोबाइल, ?8,050/- नकद एवं रवेवडक कंपनी की छ6 कार, रजिस्ट्रेशन संख्या खह्व0 1एअ03911। रामजनम उराँव के पास से अडए कंपनी का पैड मोबाइल, ह्यक्वैंक का पासबुक, खाता संख्या 31024055408 एवं चेकबुक। तेतरी देवी के पास से ढढडड कंपनी का मोबाइल एवं ह्यक्वैंक का पासबुक, खाता संख्या 35503880805।

**छापामारी दल**

1. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज (पांकी) 2. थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, लेस्लीगंज थाना। 3. स०अ०नि० बाबूलाल यादव, लेस्लीगंज थाना। 4. लेस्लीगंज रिजर्व गार्ड। 5. तकनीकी शाखा, पलामू साहित्य उपस्थित थे।

## एक झलक

### एशियन गेम्स में भारत को दो और पदक, सरवेश को रजत और पारुल को कांस्य

**नागोया** : एशियन गेम्स-2026 में भारत के लिए रविवार का दिन एथलेटिक्स में शानदार रहा। मिज़ुहो पार्क एथलेटिक्स स्टेडियम में सरवेश कुशारे ने पुरुषों की हाई जंप में रजत पदक जीता, जबकि पारुल चौधरी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में कांस्य पदक अपने नाम किया। सरवेश ने 2.25 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर रजत पदक हासिल किया। चीनी ताइपे के चाओ हसुआन-फू ने भी 2.25 मीटर की ऊंचाई पार की, लेकिन उन्होंने यह ऊंचाई पहली कोशिश में हासिल की, जबकि सरवेश को दो प्रयास करने पड़े। इस आधार पर चाओ को स्वर्ण मिला। दक्षिण कोरिया के सांगह्योक वू ने 2.22 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता। सरवेश ने प्रतियोगिता की शुरूआत 2.10 मीटर की ऊंचाई पहली कोशिश में पार करके की। इसके बाद उन्होंने 2.14, 2.18 और 2.22 मीटर की ऊंचाई भी पहले प्रयास में पार की। 2.25 मीटर के बाद मुकाबला 2.28 मीटर तक पहुंचा, लेकिन दोनों खिलाड़ी तीन प्रयासों में यह ऊंचाई पार नहीं कर सके।

#### पारुल ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता कांस्य

**महिलाओं** की 3000 मीटर स्टीपलचेज में पारुल चौधरी ने 9:08.67 सेकेंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया और इस स्पर्धा में 09 मिनट 10 सेकेंड से कम समय निकालने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। पारुल शुरूआत से ही शीर्ष खिलाड़ियों के साथ बनी रहीं और दौड़ के मध्य तक रजत की दौड़ में शामिल थीं। हालांकि, बाद में वह अपनी स्थिति बरकरार नहीं रख सकीं। कजाखस्तान की नोरा तनुई ने 9:06.82 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि बहरीन की यावी विनफ्रेड ने 9:04.36 के गेम्स रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत की दूसरी धाविका अंकिता 9:19.24 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। यह एशियन गेम्स में पारुल का तीसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 के हांगझोउ एशियन गेम्स में 5000 मीटर में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था।

### लम्बी कूद में एन्सी सोजन को रजत, आखिरी पलों में स्वर्ण पदक से चूकीं

**आइची-नागोया** : जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियाई खेलों में भारत की एथलीट एन्सी सोजन ने महिलाओं की लंबी कूद में रजत पदक जीता है। फाइनल में शुरूआती समय पहले स्थान पर रहने के बाद आखिरी पल में हुए उलटफेर से एन्सी सोजन स्वर्ण पदक से चूक गईं। मुकाबले के दौरान एन्सी सोजन ने अपने पहले ही प्रयास में 6.49 मीटर की छलांग लगाई। फिर उन्होंने पांचवें प्रयास में 6.53 मीटर की शानदार छलांग लगाई और स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुच गईं। इस बीच शुरूआत में पीछे चल रहीं चीन की हुआंग यिंगयिंग ने अपने पांचवें प्रयास में 6.49 मीटर की छलांग लगाई। हालांकि, शीर्ष पर चल रहीं एन्सी सोजन को तब झटका लगा, जब चीनी खिलाड़ी ने अपने आखिरी और अंतिम प्रयास में 6.55 मीटर की छलांग लगाकर बाजी पलट दी।

# स्क्वैश में भारत को दो रजत, अभय और अनाहत ने जीते पदक

एजेंसी

**आइची-नागोया (जापान)** : जापान के आइची-नागोया में जारी एशियाई खेलों में भारत ने रविवार को स्क्वैश में दो रजत पदक जीते। पुरुष एकल में अभय सिंह के बाद महिला एकल में युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने भी रजत पदक अपने नाम किया। हालांकि, दोनों खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। स्क्वैश में पुरुष एकल के फाइनल में भारत के अभय सिंह को मलेशिया के ऐन यो एनजी के खिलाफ 9-11, 5-11, 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में अभय मलेशियाई खिलाड़ी ऐन यो के सामने तीनों गेम में संघर्ष करते नजर आए। ऐन यो ने पहला गेम 11-9 से जीतकर बढ़त बनाई। इसके बाद उन्होंने दूसरे गेम में भी अभय को वापसी का मौका नहीं दिया और 11-5 से गेम अपने नाम कर लिया। तीसरे गेम में अभय ने अच्छी शुरूआत करने की कोशिश की लेकिन मलेशियाई खिलाड़ी ने मुकाबले पर नियंत्रण बना लिया और 11-5 से गेम जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। ऐन यो ने इस जीत के साथ लगातार दूसरे एशियाई खेलों में पुरुष एकल का खिताब बरकरार रखा। वहीं, अभय को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

एशियाई खेल

अभय ने इससे पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान को 11-3, 12-10, 11-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। अनाहत सिंह भी स्वर्ण से चूकींमहिला एकल के फाइनल में भारत की 18 वर्षीय अनाहत सिंह को मलेशिया की सिवसांगरी सुब्रमण्यम ने 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। इस तरह अनाहत को रजत पदक मिला, जबकि सिवसांगरी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। करीब 27 मिनट तक चले मुकाबले में अनाहत शुरूआत से अपनी लय हासिल नहीं कर सकीं। मलेशियाई खिलाड़ी ने पहले दोनों गेम 11-4 से जीतकर मजबूत बढ़त बना ली। तीसरे गेम में अनाहत ने थोड़ी चुनौती पेश की और स्कोर को करीब रखने की कोशिश की लेकिन सिवसांगरी ने 11-7 से गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अनाहत ने फाइनल में पहुंचने से पहले सेमीफाइनल में जापान की सातोमी वातानाबे को रोमांचक मुकाबले में 9-11, 11-13, 12-10, 11-6, 11-3 से हराया था। भारत के पदकों की संख्या 32 हुईअभय सिंह और अनाहत सिंह के रजत पदकों के साथ एशियाई खेलों 2026 में भारत की पदक संख्या 32 हो गई है। भारत के खाते में अब तक 4 स्वर्ण, 14 रजत और 14 कांस्य पदक हैं।



### हरिता भद्रा ने 200 मीटर फाइनल में जीता कांस्य




**आइची-नागोया** : जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियाई खेलों में रविवार को महिलाओं की 200 मीटर दौड़ के फाइनल में भारत की हरिता भद्रा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। हरिता ने 23.20 सेकेंड में दौड़ फिनिश कर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने जापान की अबिगीरुफुका इडो को महज 0.01 सेकेंड से पीछे छोड़ा। इडो ने 23.21 सेकेंड का समय दर्ज किया। फाइनल में शुरूआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। सिंगापुर की शांति परेरा ने 22.78 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन की चेन युजी ने 22.93 सेकंड के साथ रजत पदक हासिल किया। तीसरे स्थान के लिए हरिता और इडो के बीच आखिरी क्षण तक मुकाबला बेहद करीबी रहा, लेकिन अंत में हरिता के तीसरे स्थान पर रहने की पुष्टि हुई। इस तरह उन्होंने 23.20 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। हरिता ने प्रतियोगिता के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा के पहले दौर की हीट में 23.31 सेकेंड का शानदार समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया था और सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। भारत की एक अन्य धाविका उन्नाथी अयप्पा ने फाइनल में 23.46 सेकेंड का समय निकालकर छठा स्थान हासिल किया।

## पीवी सिंधु क्वार्टर फाइनल में हारीं बैडमिंटन में भारत का सफर खत्म



**आइची-नागोया** : जापान के आइची-नागोया में खेले जा रहे एशियाई खेलों में रविवार को भारत को बैडमिंटन में निराशा हाथ लगी। महिला एकल में दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधु कड़े मुकाबले में हार गईं, जबकि युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को भी महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल और मिश्रित युगल में भी भारत को हार मिली। बैडमिंटन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु चीन की चेन यू फेई से कड़े मुकाबले में 21-11, 18-21, 10-21 से हार गईं। मुकाबले में सिंधु ने शानदार शुरूआत की और पहला गेम 21-11 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे गेम में चेन यू फेई ने जोरदार वापसी की। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने 21-18 से गेम जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में चेन ने शुरूआत से ही बढ़त बनाए रखी और 21-10 से गेम जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधु ने एशियाई खेलों के इस संस्करण में राउंड ऑफ 32 में चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान को 21-19, 21-14 से हराया था। इसके बाद उन्होंने राउंड ऑफ 16 में जापान की टोमोका मियाजाकी को 21-9, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। सिंधु ने एशियाई खेलों में अब तक दो पदक जीते हैं, लेकिन इस बार उनका तीसरा पदक जीतने का सपना क्वार्टर फाइनल में टूट गया। उन्नति ने यामागुची को दी कड़ी चुनौतीमहिला एकल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में 19 वर्षीय उन्नति हुड्डा को जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ 16-21, 21-14, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। उन्नति ने दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल यामागुची को कड़ी चुनौती दी, लेकिन निर्णायक गेम में जापानी खिलाड़ी ने बाजी मार ली। उन्नति ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 में मलेशिया की लिंग चिंग वोंग को 21-14, 20-22, 21-19 से हराया था। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया की कुसुमा वदार्नी को 21-19, 21-13 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला और मिश्रित युगल में भी मिली हारइससे पहले भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की थिनाह मुरलीथरन और पर्ली टैन ने 21-18, 21-9 से हराया।

## मुरली श्रीशंकर और डेविड सोलोमन लम्बी कूद स्पर्द्धा के फाइनल में

■ महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में भी भारत को मिली सफलता




**आइची-नागोया** : भारतीय एथलीट मुरली श्रीशंकर और डेविड पट्टराज सोलोमन ने रविवार को आइची-नागोया में जारी एशियाई खेलों में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली है। श्रीशंकर ने क्वालिफिकेशन राउंड ग्रुप बी में 7.84 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि डेविड सोलोमन क्वालिफिकेशन ग्रुप ए में 7.62 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फाइनल कल यानी 28 सितंबर को खेला जाएगा। श्रीशंकर ने पहले प्रयास में 7.67 मीटर की छलांग लगाई थी और तीसरे प्रयास में 7.08 मीटर की छलांग लगाई। उनकी दूसरे प्रयास में लगाई गई 7.84 मीटर की छलांग सर्वश्रेष्ठ रही, जिसके चलते उन्होंने फाइनल में जगह बनाई। डेविड ने पहले प्रयास में 7.61 मीटर की छलांग लगाई थी। उनकी दूसरे प्रयास में 7.62 मीटर की छलांग सर्वश्रेष्ठ रही। इसके अलावा महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में भी भारत को सफलता मिली। भारतीय खिलाड़ी विथ्या रामराज और अनु राघवन ने अपनी-अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। विथ्या ने 55.73 सेकंड का सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जबकि अनु ने 55.84 सेकंड के साथ अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। फाइनल कल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत के संतोष कुमार तमिलरासन ने अपनी हीट में 49.61 सेकेंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया और पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## भारतीय पुरुष और महिला कम्पाउंड तीरंदाजी टीमें सेमीफाइनल में

**आइची-नागोया (जापान)** : भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने रविवार को जारी एशियन गेम्स 2026 में अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पुरुष टीम में साहिल जाधव, गणेश मणिरत्नम और कुशल दलाल की तिकड़ी ने भूटान को बेहद करीबी मुकाबले में 235-232 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में सामना दक्षिण कोरिया से होगा। महिला टीम में चिकिता तनीपार्थी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और पृथिका प्रदीप ने कजाकिस्तान को 233-230 से हराया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना दक्षिण कोरिया से होगा। क्वार्टर फाइनल में भारतीय महिला टीम छह तीरों के पहले सेट के बाद पीछे चल रही थी, लेकिन खिलाड़ियों ने शानदार वापसी करते हुए कजाकिस्तान को तीन अंकों के मामूली अंतर से मात दी।




## तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में जीता कांस्य पदक, कुल 7,934 अंक हासिल किये



**तेजस्विन का सफर**

100 मीटर: 10.98 सेकंड- लंबी कूद: 7.53 मीटर- शॉट पुट: 13.16 मीटर- ऊंची कूद: 2.18 मीटर- 400 मीटर: 48.59 सेकंड- 110 मीटर बाधा दौड़: 14.33 सेकंड- डिस्कस थ्रो: 36.77 मीटर- पोल वॉल्ट: 4.30 मीटर- भाला फेंक: 53.37 मीटर- 1500 मीटर: 4:33.09 समय

एजेंसी

**आइची-नागोया** : भारत के तेजस्विन शंकर ने एशियन गेम्स-2026 में रविवार को पुरुषों के डेकाथलॉन में कांस्य पदक जीता। तेजस्विन ने 10 स्पधाओं में कुल 7,934 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 10 स्पधाओं तक चले मुकाबले में तेजस्विन ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी इवेंट 1500 मीटर में किया। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ 4:33.09 के समय के साथ जीती और कांस्य पदक के साथ पेडियम फिनिश किया। जापान के मरुयामा ने 8,123 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन के चेन जिंगहुआ ने 8,012 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। तेजस्विन 7,934 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। तेजस्विन ने लगातार दूसरे एशियन गेम्स में पदक जीता है। उन्होंने हांगझोऊ एशियन गेम्स में रजत पदक हासिल किया था। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने तेजस्विन शंकर की जीत पर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, तेजस्विन शंकर एक बार फिर एशियन गेम्स मेडलिस्ट बन गए हैं। उन्होंने एशियन गेम्स 2026 में पुरुषों के डेकाथलॉन में 7,934 अंक के साथ कांस्य पदक जीता है। दो दिनों में 10 स्पधाएं हुई और उन्होंने आखिरी मीटर तक अपना सब कुछ झोंक दिया। उन्होंने आखिरी स्पर्धा 1500 मीटर की दौड़ 4:33.09 समय के साथ जीती।

## घोड़दौड़ में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन पूर्व मंत्री ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**चतरा** : चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के घोड़दौड़ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में रविवार को भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर एवं फुटबॉल को किक मारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मैच समाप्ति के बाद उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संदेश दिया। उनके नाम पर आयोजित यह टूनार्मेंट आदिवासी अस्मिता और युवाओं के जोश का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और युवाओं में टीम भावना विकसित होती है। युवा खेल के मैदान में पसीना बहाएंगे तो नशे और गलत संगत से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि चतरा के प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान और युवाओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल गरीब, किसान, मजदूर और युवा खिलाड़ियों के हक की लड़ाई जारी रखेगा। कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव, जिला प्रवक्ता मुरारी साहू, प्रखंड अध्यक्ष देवलाल यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, मुखिया ललिता देवी, उपमुखिया सुदेश कुमार यादव, पूर्व मुखिया रमेश भुईयां, अम्बिका सिंह भोगता, सरयू भोगता, उपेंद्र प्रसाद दांगी, अंग्रेज भोगता, पंकज राम, आशीष यादव, कृष्णा ठाकुर, रामबरद यादव, संजय यादव एवं मिथलेश यादव सहित हजारों खेलप्रेमी मौजूद रहे।

सत्यानंद भोगता ने कहा... 'खेल युवाओं को नशे और गलत संगत से दूर रखने का बेहतर माध्यम'

## विराट के सबसे तेज 15 हजार रन, भारत की शानदार जीत

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम** : भारत ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में वेस्टइंडीज ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 295 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 41.4 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ भारत ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत की जीत के हीरो विराट कोहली और कप्तान शुभमन गिल रहे। विराट कोहली ने नाबाद 139 रन की पारी खेली। उन्होंने वनडे में 55वां और इंटरनेशनल क्रिकेट में 86वां शतक लगाया। वे वनडे में सबसे तेज 15 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने 303 पारियों में यह कारनामा किया। कोहली ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन ने 2007 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 377 पारियों में 15 हजार वनडे रन पूरे किए थे। कप्तान शुभमन गिल ने वनडे करियर का 10वां शतक लगाया। उन्होंने 110 रन की पारी खेली। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बैटिंग की। जस्टिन ग्रीव्स ने 108 गेंदों पर 101 रन की पारी खेली। जॉन कैंपबेल ने 62 रन बनाए, जबकि आमिर जंगू 58 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा को 2 और नीतीश रेड्डी को एक विकेट मिला। कोहली ने चौका लगाकर 15 हजार रन पूरे किए।



## एशियाई खेल में मुक्केबाज अंकुश का पदक पक्का, सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी

**आइची-नागोया (जापान)** : भारतीय मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने मुक्केबाजी में देश के लिए एक पदक पक्का कर लिया है। पंघाल ने आइची-नागोया 2026 एशियाई खेलों में पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने रविवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ताजिकिस्तान के नेक्रुज सलिमोव को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हरा दिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि 'एशियाई खेल बॉक्सिंग (पुरुषों का 80 किग्रा - क्वार्टर फाइनल) में अंकुश ने ताजिकिस्तान के नेक्रुज सलिमोव को 5-0 (सर्वसम्मत फैसले) से हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे भारत के लिए एक पदक पक्का हो गया। अंकुश का सेमीफाइनल मुकाबला 29 सितंबर को सुबह 11 बजे (भारतीय समयानुसार) होगा। हरियाणा के अंकुश ने मुकाबले की शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और सलिमोव पर लगातार दबाव बनाए रखा। ताजिकिस्तानी मुक्केबाज ने जवाबी हमले की कोशिश की, लेकिन अंकुश की गति और सटीक पंचों के सामने वह प्रभावी नहीं दिखे। पहले राउंड में पांचों जजों ने अंकुश के पक्ष में फैसला दिया। दूसरे राउंड में भी अंकुश ने अपनी तेज-तर्रार शैली जारी रखी। उन्होंने लगातार आक्रमण करते हुए सलिमोव को कई प्रभावी पंच लगाए और यह राउंड भी अपने नाम किया। तीसरे और अंतिम राउंड में ताजिकिस्तान के मुक्केबाज ने अपनी गति बढ़ाई और कुछ पंच लगाए।




## राउरकेला सुपरस्टार्स ने भुवनेश्वर टाइगर्स को तीन विकेट से हराया

एजेंसी

**कटक** : अभिषेक यादव की दबाव में खेली गई नाबाद 61 रन की शानदार पारी की बदौलत राउरकेला सुपरस्टार्स ने ओडिशा टी20 लीग सीएम ट्रॉफी में भुवनेश्वर टाइगर्स को तीन विकेट से हरा दिया। बाराबती स्टेडियम में शनिवार खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भुवनेश्वर टाइगर्स की पूरी टीम 149 रन पर सिमट गई। टाइगर्स ने शुरूआती 20 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद संबित बेजा और श्रेयांश भारद्वाज ने पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। संबित बेजा ने 19 गेंदों में 25 रन बनाए, जबकि श्रेयांश भारद्वाज ने 28 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। हालांकि, राउरकेला के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट हासिल करते हुए भुवनेश्वर को बड़ी साझेदारी बनाने से रोके रखा। रुद्र प्रसाद मलिक ने एक छोर संभाले रखा और 35 गेंदों में 47 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। राउरकेला की ओर से पापू रॉय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राउरकेला सुपरस्टार्स की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने आठ ओवर के भीतर 49 रन पर चार विकेट गंवा दिए। लगातार विकेट गिरने से मुकाबला रोमांचक हो गया, लेकिन अभिषेक यादव ने एक छोर संभाले रखा। अभिषेक ने 38 गेंदों में नाबाद 61 रन की पारी खेली, जौंसिसे टीम ने 18.4 ओवर में सात विकेट पर 153 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। मैच विजयी पारी के बाद अभिषेक यादव ने कहा कि टीम की जीत में योगदान देकर बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर ऐसी स्थिति में जब हमने शुरूआती दौर में कुछ विकेट गंवा दिए थे। उन्होंने कहा कि मेरा ध्यान क्रीज पर टिके रहने, पारी को संभालने और मैच को ज्यादा से ज्यादा गहराई तक ले जाने पर था। मुझे खुशी है कि जब टीम को मेरी जरूरत थी, तब मैं रन बना सका और टीम को जीत दिलाने में मदद की।



ओडिशा टी20 लीग

## हजारीधमना फुटबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न, विजेता व उपविजेता को विधायक ने किया समान्नित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण** : हिन्दुस्तान क्लब हजारीधमना द्वारा आयोजित टीपी मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का रविवार को समापन हो गया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में देवचंदा की टीम ने मेजबान हजारीधमना को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।मुकाबले का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व गेंद को किक मारकर किया। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी व चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देवचंदा के राहुल टूडू को मैन ऑफ द मैच और हजारीधमना के आकाश यादव को प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुखिया संतोष सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि नौशाद खानज आयोजन समिति अध्यक्ष सुजीत सिंह, उपाध्यक्ष सुनील यादव, सचिव अनुज सिंह, सह सचिव पंकज राणा, कोषाध्यक्ष शंकर यादव, उप कोषाध्यक्ष जितेंद्र राणा, संयोजक राजेंद्र राम, अमित गुप्ता, विकास सिंह, धीरेंद्र सिंह, पवन सिंह, दयानंद सिंह, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह, कप्तान छोटू भुइयां और उप कप्तान सूरज भुइयां की सराहनीय भूमिका रही।



## एक झलक

### भीम ऐप पर एआई सहायक 'माययूपीआई' शुरू, भुगतान से लेकर सुरक्षा तक कई सुविधाएं एक जगह

**धनबाद :** एनपीसीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने भीम पेमेंट्स ऐप पर संवादात्मक एआई-संचालित सहायक 'माययूपीआई' शुरू किया है। यह उपयोगकर्ताओं को लेन-देन देखने, शिकायत दर्ज कर उसका स्टेटस ट्रैक करने, यूपीआई ऑटोपे मैंडेट प्रबंधित करने, भुगतान से पहले प्राप्तकर्ता का नाम सत्यापित करने और धोखाधड़ी से बचाव संबंधी सहायता जैसी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध कराता है। माययूपीआई फिलहाल अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, तमिल और बंगाली में 24 घंटे सहायता देता है तथा आगे और क्षेत्रीय भाषाओं को जोड़ने की योजना है।
उपयोगकर्ता ऑटोपे मैंडेट को रोक, दोबारा शुरू या रद्द कर सकते हैं और जरूरत पड़ने पर लिंक किए गए बैंक खाते को ब्लॉक कर आगे के लेन-देन रोक सकते हैं। पहले किए गए पात्र यूपीआई भुगतानों को दोबारा शुरू करने और मोबाइल नंबर से जुड़े यूपीआई नंबर को अलग करने की सुविधा भी इसमें दी गई है। एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललिथा नटराज ने कहा कि माययूपीआई उपयोगकताओं को जानकारी हासिल करने, समस्याओं का समाधान करने और आवश्यक कार्रवाई के लिए सरल, संवादात्मक तथा बहुभाषी सहायता उपलब्ध कराता है।
माययूपीआई में संदिग्ध संदेशों और आम यूपीआई धोखाधड़ी के तरीकों से बचाव की जानकारी भी मिलती है। भुगतान से जुड़ी कार्रवाइयों के लिए उपयोगकर्ता का यूपीआई पिन के माध्यम से प्रमाणीकरण जरूरी रहेगा।

### घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी के भाव में सांकेतिक तेजी

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को सोने के भाव में मामूली गिरावट का रुख बना रहा और चांदी की कीमत में सांकेतिक तेजी दर्ज की गई। भाव में आए बदलाव के कारण आज चेन्नई के अलावा ज्यादातर दूसरे सरार्फा बाजार सोना 160 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चेन्नई में सोना 110 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 120 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया।
कीमत में हुए इस परिवर्तन की वजह से देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,680 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,39,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी का रुख बनने के कारण सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 3,160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक फिसल गया। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 2,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया।

# बैंकों की आज से 03 दिवसीय देशव्यापी हड़ताल, सेवाओं पर पड़ेगा असर

**▪ पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे बैंककर्मी**




**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की यूनियनों की सोमवार से 3 दिवसीय देशव्यापी हड़ताल शुरू होगी, जिसके चलते चेक क्लीयरेंस, नकद निकासी और जमा सहित बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। बैंक यूनियनों ने इस हड़ताल का आह्वान 5 दिवसीय कार्य सप्ताह और अन्य लंबित मांगों को लेकर किया है।
यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर तीन दिन की बैंक हड़ताल 28 सितंबर को शुरू हो रही है, जो 30 सितंबर तक चलेगी। यह हड़ताल हफ़्ते में पांच दिन काम करने जैसी मांगों को लेकर की जा रही है। हड़ताल का मुख्य असर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, पुरानी पीढ़ी के निजी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में देखने को मिल सकता है। बैंक यूनियनों की इस हड़ताल के दौरान डिजिटल बैंकिंग और अन्य ऑनलाइन सेवाओं के सामान्य रूप से चालू रहने की संभावना है। आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसे निजी बैंकों की शाखाएं इन तीन दिनों के दौरान खुली रहेंगी। सार्वजनिक क्षेत्र के ज्यादातर बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों ने अपने ग्राहकों को हड़ताल और उससे होने वाली संभावित असुविधा के बारे में पहले ही बता दिया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने ग्राहकों को जारी परामर्श में कहा कि बैंक शाखाओं और कार्यालयों में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने की हर कोशिश की जाएगी, फिर भी हड़ताल के दौरान कुछ सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।
बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के सात संगठनों के शीर्ष निकाय यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। यूनियन नेताओं के अनुसार मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हाल में हुई सुलह बैठकों के दौरान सरकार ने पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने पर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया।
इस बीच, वित्त मंत्रालय ने इस हफ्ते की शुरूआत में बैंक कर्मचारियों से हड़ताल का रास्ता न अपनाने और बातचीत के जरिए बाकी मांगों को सुलझाने की अपील की थी। मंत्रालय ने कहा था कि यूनियनों की ज्यादातर चिंताओं का पहले ही काफी हद तक समाधान किया जा चुका है। मंत्रालय ने यह भी कहा था कि प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को वापस लेने की मांग पर विस्तृत चर्चा के बाद इस महीने की शुरूआत में ही इसे स्थगित कर दिया गया था।
पांच दिवसीय बैंकिंग के अलावा यूनियनें कई अन्य मुद्दों के समाधान की भी मांग कर रही हैं। इनमें पेंशन लाभों को सुधारना, सभी पेंशनभोगियों के लिए एक समान महंगाई भत्ता (डीए) फॉमूर्ला लागू करना और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत आने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) में लौटने का विकल्प देना भी शामिल है।

## प्राइमरी मार्केट के लिए धमाकेदार रहेगा अगला सप्ताह

**नयी दिल्ली :** सोमवार यानी 28 सितंबर से शुरू हो रहा कारोबारी सप्ताह आईपीओ के लिहाज से काफी धमाकेदार रहने वाला है। सोमवार से गुरुवार तक के सिर्फ चार दिन के इस नए कारोबारी सप्ताह में 20 कंपनियां अपने पब्लिक इश्यू लॉन्च करने जा रही हैं। इनमें से चार मेनबोर्ड सेगमेंट से हैं। जबकि शेष 16 कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह 24 और 25 सितंबर को सब्स्क्रिप्शन के लिए खुले 18 आईपीओ में भी इस सप्ताह 28 और 29 सितंबर तक पैसे लगाने का मौका रहेगा। कल से शुरू हो रहे नए सप्ताह में 20 कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के जरिये स्टॉक मार्केट में अपनी शुरूआत करने वाले हैं। इनमें से सात कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं। जबकि शेष 13 कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। शुक्रवार को गांधी जयंती होने की वजह से स्टॉक मार्केट में छुट्टी रहेगी।
सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 28 सितंबर को एसआरआईटी इंडिया का 218.40 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 30 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 123 रुपये प्रति शेयर से लेकर 130 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 115 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद छह अक्टूबर को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।
इसी दिन शाह इन्वेस्टर्स का 90.17 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 30 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 159 रुपये प्रति शेयर से लेकर 167 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 85 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद छह अक्टूबर को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। 28 सितंबर को ही पिंड हॉस्पिटलिटी का 17.82 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 30 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 93 रुपये प्रति शेयर से लेकर 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद छह अक्टूबर को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।

## खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती का बड़ा असर, दाम में गिरावट

**नयी दिल्ली :** आगामी त्योहारों से पहले उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बीते सप्ताह सरकार ने खाद्य तेलों पर आयात शुल्क घटाने का बड़ा फैसला लिया। इस कदम का व्यापक असर बाजार पर दिखा, जिससे अधिकांश प्रमुख तेल-तिलहनों की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। सरकार के शुल्क कटौती के बाद मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, पाम-पामोलीन और बिनौला की कीमतों में गिरावट देखी गई। हालांकि, सरसों तेल-तिलहन इस प्रवृत्ति से अछूता रहा। इसकी सीमित आवक और निरंतर मांग के चलते बीते सप्ताह इसके दामों में सुधार दर्ज हुआ, क्योंकि इसका कोई सीधा विकल्प बाजार में उपलब्ध नहीं है। सोयाबीन डीगम तेल में एक दिलचस्प स्थिति दिखी; गिरावट के बावजूद इसमें सुधार का आभास हुआ।

## केन्द्र-राज्य समन्वय और कृषि उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर होगा मंथन




**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार रबी अभियान की तैयारियों और कृषि उत्पादन, उत्पादकता, टिकाऊपन तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए समन्वित रणनीति तैयार करने को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार से यहां शुरू करेगी। सम्मेलन में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और खेत स्तर पर परिणाम सुनिश्चित करने पर विशेष जोर रहेगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से 28 और 29 सितंबर को पूसा स्थित एनएएससी परिसर के भारत रत्न सी सुब्रमण्यम सभागार में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इसमें राज्यों के कृषि मंत्री, केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) तथा अन्य संबंधित पक्ष शामिल होंगे। सम्मेलन में आगामी रबी मौसम की प्राथमिकताओं और तैयारियों पर चर्चा होगी। दो दिवसीय सम्मेलन में केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने और कृषि उत्पादन, उत्पादकता, टिकाऊपन तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए समन्वित एवं परिणामोन्मुखी रणनीति तैयार करने पर चर्चा होगी।
इसमें हाल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों से मिले अनुभवों और परिणामों को भी आधार बनाया जाएगा। सम्मेलन के पहले दिन तीन व्यापक विषयों पर समानांतर समूह चर्चाओं के तीन दौर होंगे। इनमें आत्मनिर्भरता, विविधीकरण और उत्पादन वृद्धि; टिकाऊ एवं जलवायु अनुकूल कृषि; तथा डिजिटल कृषि, बुनियादी ढांचा, वित्तपोषण और जोखिम प्रबंधन शामिल हैं। चर्चा में दलहन, तिलहन और ऑयल पाम में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन, बागवानी, कपास, बीज की उपलब्धता और बीज मूल्य श्रृंखला में सुधार, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, कृषि मशीनीकरण, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के वित्तपोषण एवं बुनियादी ढांचे, विपणन सुधार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे को बढ़ाने, डिजिटल कृषि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पौध संरक्षण और कृषि सांख्यिकी जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा। विषयगत चर्चाओं का उद्देश्य रबी मौसम के दौरान क्रियान्वयन की प्रमुख चुनौतियों, राज्यों की प्राथमिकताओं और ठोस रणनीतियों की पहचान करना है।

## अनिल कपूर ने अपने गेम शो पर खोला कपूर परिवार का राज ; कहा 'खाने से ज्यादा मजा खिलाने में है'



**कपूर** परिवार हमेशा से ही खाने के प्रति अपने प्यार और दूसरों को दिल से खाना खिलाने की खुशी के लिए जाना जाता है। कुछ ऐसा ही भाव 'इंडिया के टॉप 1% - द अनिल कपूर शो' में भी देखने को मिला, जब कंटेस्टेंट निशांत ने बताया कि अगर वह 1 करोड़ जीतते हैं, तो वह उसका क्या करेंगे। निशांत ने बताया कि वह सबसे पहले अपना होम लोन चुकाएंगे और उसके बाद एक रेस्टोरेंट खोलेंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे खाना बनाना नहीं आता, लेकिन मुझे लोगों को खिलाना बहुत पसंद है।'निशांत की इस बात ने अनिल कपूर को तुरंत कृष्णा कपूर, श्री राज कपूर की पत्नी और उनके लिए मां समान रहीं कृष्णा आंटी की याद दिला दी। उनकी गर्मजोशी और मेहमाननवाजी को याद करते हुए अनिल ने बताया कि कैसे वह डाइनिंग टेबल पर बैठे हर व्यक्ति का बेहद प्यार से ख्याल रखती थीं। वह बार-बार पूछती थीं कि सभी ने पर्याप्त खाना खाया या नहीं और अलग-अलग पकवान चखने के लिए भी प्रोत्साहित करती थीं। कृष्णा कपूर को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, कृष्णा आंटी मेरी मम्मी की बेस्ट फ्रेंड थीं, ऋषि और रणधीर कपूर जी की मदर थीं और मेरे लिए मां समान थीं। मैंने अपनी ज़िंदगी में उनसे बेहतर होस्ट नहीं देखा। वह बड़े दिल और प्यार से सबको खाना खिलाती थीं। खिलाने में जो मजा है ना, मुझे लगता है वह खाने में भी नहीं है। इसीलिए कहते हैं, दिल का रास्ता पेट से होकर जाता है। अनिल की यह बात उस पल को खाने, परिवार और किसी को अपनेपन से खाना खिलाने में छिपे प्यार की एक भावुक याद में बदल देती है। निशांत के सपने से शुरू हुई यह बातचीत जल्द ही परिवार, खाने और लोगों को अपनेपन का एहसास कराने वाली गर्मजोशी भरी यादों में बदल गई।

## एसबीआई का लक्ष्य 2030 तक 200 लाख करोड़ का कारोबार

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बैंक की वृद्धि यात्रा का मूल मंत्र डिजिटल फर्स्ट, कस्टमर फर्स्ट, नेशन ऑलवेज बताते हुए कहा कि बैंक का लक्ष्य 2030 तक अपना कुल कारोबार दोगुना कर 200 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकी के विस्तार के साथ ग्राहकों के हितों की रक्षा और देश की अर्थव्यवस्था में भूमिका को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में, बैंक ने पूंजी आधार मजबूत करने, वित्तीय क्षेत्र में अपनी भूमिका गहरी करने और डिजिटल-ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग व्यवस्था विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अपने कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में पूंजी जुटाना, एसबीआई म्यूचुअल फंड की सूचीबद्धता और यस बैंक मामले में रणनीतिक भूमिका को गिनाया। उन्होंने कहा कि एसबीआई के लिए डिजिटल बदलाव केवल प्रौद्योगिकी अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राहकों की सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता और डिजिटल जागरूकता भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

## AI आधारित 'Hellofy' ने व्यवसायों के लिए बदला कस्टमर एंगेजमेंट का दायरा

**▪ छोटे उद्योगों को भी मिलेगा आधुनिक तकनीक का लाभ**




**नयी दिल्ली :** भारत में जारी अभूतपूर्व डिजिटल परिवर्तन के दौर के बीच अक पावर्ड कस्टमर एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म ल्ी''ड्ढा८ ने भारतीय व्यवसायों के लिए ग्राहक संचार और मार्केटिंग को सुगम व स्वचालित बनाने की दिशा में एक नयी पहल की है। राघव कपूर (Founder & CEO, Hellofy) द्वारा स्थापित यह प्लेटफॉर्म भारत और दुनिया भर के व्यवसायों के लिए विकसित किया गया है।

**मैनुअल प्रयासों से मुक्ति और AI का समावेश**

**वर्तमान** में अधिकांश व्यवसाय ग्राहकों से सम्पर्क साधने, पूछताछ (enquiries) सम्भालने, लीड्स का फॉलो-अप लेने और मार्केटिंग अभियानों को चलाने के लिए काफी हद तक मैनुअल (पारंपरिक) प्रयासों पर निर्भर हैं। Hellofy की नींव इसी समस्या का त्वरित व प्रभावी समाधान देने के लिए रखी गयी है।
Hellofy एक ही एकीकृत प्लेटफॉर्म पर अक पावर्ड व्हाट्सएप कन्वर्सेशन (WhatsApp Conversations), चैटबॉट्स (Chatbots), मार्केटिंग अभियानों (Marketing Campaigns), व्हाट्सएप फ्लोज (WhatsApp Flows), प्रोडक्ट कैरोसेल्स, शेयरर्ड इनबॉक्स और कस्टमर रीटार्गेटिंग जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, व्यवसाय अपनी वेबसाइट पर अक विजेट्स (AI Widgets) जोड़ सकते हैं, जिससे ग्राहकों को उत्पादों और सेवाओं के बारे में तुरन्त व सटीक जानकारी मिल सके। छोटे और बढ़ते व्यवसायों (Growing Businesses) का सशक्तीकरण Hellofy का मुख्य विजन यह है कि उन्नत AI तकनीक का लाभ केवल बड़े कॉर्पोरेट और एंटरप्राइजेज तक ही सीमित न रहे। संस्थापक एवं सीईओ राघव कपूर के अनुसार, बढ़ते हुए भारतीय व्यवसायों को भी बिना किसी बड़ी टेक्निकल टीम के अक का उपयोग कर ग्राहकों को जवाब देने, लीड्स कैप्चर करने और समय पर फॉलो-अप करने की सुविधा मिलनी चाहिए।
राघव कपूर ने बताया, कल्पना कीजिए कि कोई बिजनेस ऑनर अपने प्रोडक्ट्स और सर्विसेज की जानकारी एक अक असिस्टेंट को दे और वही असिस्टेंट व्हाट्सएप पर ग्राहकों से कुशलतापूर्वक संवाद करे। इससे एक छोटी टीम भी हजारों कस्टमर कन्वर्सेशंस को आसानी से मैनेज कर सकती है।

**व्हाट्सएप के माध्यम से डिजिटल प्रतिस्पर्द्धा में बढ़त**

**भारत** में व्हाट्सएप पहले से ही लोगों की रोजमर्रा की ज़िन्दगी का एक प्रमुख हिस्सा है। Hellofy का उद्देश्य इसी परिचित माध्यम के जरिये अकऔर ऑटोमेशन को भारतीय व्यवसायों तक पहुंचाना है, ताकि वे तेजी से बदलते डिजिटल मार्केटप्लेस में मजबूती से प्रतिस्पर्द्धा कर सकें और अपनी ग्राहक सेवा में सुधार कर सकें।

## पेज एक के शेष

**जनगणना में भागीदारी राष्ट्रीय...**
इस मंदिर को नष्ट किया लेकिन भारतीय समाज की पुनर्निर्माण की शक्ति ने इसे जीवित रखा।
प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मोढेरा केवल सूर्य मंदिर के लिए ही नहीं, बल्कि देश के पहले 'सौर ग्राम' के रूप में भी प्रसिद्ध है। पूरा गांव सौर ऊर्जा से संचालित होता है और वहां पर्यटकों के लिए कई सुविधाएं विकसित की गयी हैं। उन्होंने लोगों से मोढेरा का भ्रमण कर भारत की इस विरासत को देखने का आग्रह किया।
प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में इतिहास और संस्कृति से जुड़े प्रयासों का जिक्र करते हुए कि तमिल अध्ययन विभाग से जुड़े ए सेल्वराजु ने छात्रों के साथ क्षेत्रीय भ्रमण कर कई प्राचीन मूर्तियों और मंदिरों का पता लगाया है। इस तरह के प्रयास देश की सांस्कृतिक विरासत को समझने में मदद करते हैं।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छता बापू को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने मध्य प्रदेश में नदी सफाई अभियान, आंध्र प्रदेश में प्राचीन बावड़ियों और कुओं के संरक्षण, मुम्बई में समुद्र तटों की सफाई, दिल्ली में कचरा पृथक्करण और पश्चिम बंगाल में बाजार क्षेत्रों की सफाई जैसे अभियानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन सभी अभियानों में जनभागीदारी की भावना दिखाई देती है। उन्होंने असम के सोनाई रूपाई वन्यजीव अभयारण्य में किये जा रहे पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण दिया, जहां अतिक्रमण हटाये जाने के बाद हाथियों की वापसी हुई है। उन्होंने पिग्मी हॉग संरक्षण कार्यक्रम का भी उल्लेख किया, जिसकी शुरुआत छह जीवों से हुई थी और अब उनकी संख्या 190 से अधिक हो गयी है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र की उन महिलाओं की भी प्रशंसा की, जो मैंग्रोव वन विकसित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई महिलाओं ने बाघों के हमलों में अपने पति खो दिए थे, लेकिन आज वे मैंग्रोव विकसित कर अपने गांवों को प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अपनी आजीविका भी चला रही हैं।

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन...**
भाजपा के कोर ग्रुप की एक अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद रात 08 बजे प्रबुद्ध नागरिकों, नागरिक समाज के नेताओं और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख हस्तियों के साथ भी विचार-विमर्श करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे के दूसरे दिन सोमवार को कार्यक्रम पार्टी के 'सेवा ही संगठन' दर्शन पर केन्द्रित रहेगा। नबीन सुबह 10:30 बजे देशव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत पानीहाटी (सोदपुर) के लोक संस्कृति भवन में आयोजित 'आंगन का मिलन' सेवा कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान वह सामुदायिक स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इसके पश्चात, दोपहर 12:30 बजे वह स्पेस सर्कल क्लब में आयोजित 'युवा संवाद कॉन्क्लेव' में राज्य के युवा नेतृत्व को सम्बोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में वह 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय रोडमैप के अनुरूप एक प्रगतिशील, समृद्ध और सशक्त 'सोनार बांग्ला' का विजन पेश करेंगे। हाल ही में राज्य संगठन में हुए बदलावों के बीच इस दौरे को पार्टी की जमीनी पकड़ मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा भरने के एक बड़े प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

**प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की ...**
प्रमुख आकर्षणों में राजस्थान की पारम्परिक काष्ठ कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन शामिल है। इनमें पारम्परिक नक्काशी और बारीक पैटर्न से सजा, हौदा युक्त हाथ से तराशा गया लकड़ी का भव्य अंबाबारी हाथी, समारोहिक परिचारकों तथा शाही हौदे के साथ सजी लकड़ी की हाथियों की शोभायात्रा का जीवंत दृश्य और पिछवाई से लेकर फड़ चित्रकला तक शामिल है। राजस्थान की विश्वप्रसिद्ध चित्रकला शैलियों को भी नीलामी सूची में प्रमुख स्थान मिला है। इसमें भी नाथद्वारा की प्रसिद्ध कृष्ण भक्ति परंपरा को दर्शाती श्रीनाथजी की पावन पिछवाई पेंटिंग, भगवान लक्ष्मी-नारायण के प्रसंगों को उकेरती पारंपरिक फड़ पेंटिंग और श्रीकृष्ण की रासलीला को चित्रित करती पट्टाचित्र शैली की कलाकृतियां शामिल हैं।संग्रह में जन-आस्था के प्रमुख केन्द्रों और लोक देवताओं से जुड़े प्रतीक चिह्नों में लोक देवता तेजाजी महाराज की अश्वारूढ़ चांदी की स्मृति चिह्न (उनके पारम्परिक प्रतीक भाले और सर्प को दर्शाया गया है), करौली की कैला माता, जालोर की सुंधा माता, बाड़मेर (बायतू) के खेमा बाबा, पुष्कर का जगतपिता ब्रह्मा मंदिर, श्री कल्याण रायजी महाराज और बांसवाड़ा के ऐतिहासिक मानगढ़ धाम के चित्र, सांस्कृतिक समरसता में अजमेर शरीफ दरगाह की स्थापत्य शैली और सर्वधर्म समभाव की परम्परा को दर्शाती हाथ से बनायी गयी फ्रेमयुक्त कलाकृति शामिल है। इसके अलावा राजस्थानी वस्त्र और आभूषण परम्परा के अंतर्गत रत्न तथा पंख वाले ब्रोच से सजी पारंपरिक पगड़ी, बहुरंगी रूपांकनों वाली पीली पगड़ी और गोटा-किनारी युक्त अंगवस्त्र शामिल किये गये हैं। अयोध्या राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा से सम्बन्धित समाचार पत्रों के फ्रेमयुक्त संस्करण और समकालीन स्मृति चिह्न भी इस नीलामी का हिस्सा हैं। मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री स्मृति चिह्न ई-नीलामी का यह 8वां संस्करण 02 अक्टूबर तक चलेगा। इन ऐतिहासिक व सांस्कृतिक कलाकृतियों की विस्तृत सूची देखने और बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल pmmementos.gov.in पर जा सकते हैं। इस नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग जनकल्याणकारी परियोजनाओं में किया जाता है।

**युद्ध के बदलते स्वरूप के साथ ...**
1971 के युद्ध की तरह कोई स्पष्ट समाप्ति नहीं होती। उन्होंने समझाया कि सैन्य क्षमताएं तैयार करने में वर्षों लगते हैं, जबकि तकनीक बहुत कम समय में बदलती है। इसके बाद चुनौती सिर्फ स्वदेशी हथियार बनाने की नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने की भी है कि सेना में शामिल होने तक वे आधुनिक और उपयोगी बने रहें। सेना प्रमुख ने भारत की विविध भौगोलिक परिस्थितियों का जिक्र कर कहा कि हमारी सैन्य क्षमताएं देश की अपनी जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि कुछ सौ डॉलर के ड्रोन लाखों डॉलर के महंगे सैन्य प्लेटफार्मों के लिए खतरा बन सकते हैं। चूंकि, तकनीक अब व्यापक रूप से उपलब्ध है, असली बढ़त इस बात से मिलेगी कि हम विरोधी से कितनी तेजी से नये समाधान खोजते हैं और खुद को बदलते हैं। उन्होंने पुरानी सैन्य प्रणालियों को जल्दबाजी में बेकार मानने के प्रति भी आगाह किया, क्योंकि आधुनिक सेंसर से लैस होकर वे ड्रोन जैसे नये खतरों के खिलाफ प्रभावी हो सकती हैं। जनरल सेठ ने दूर से मार करने और जमीन पर सीधे युद्ध करने, दोनों क्षमताओं की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि जमीन पर नियंत्रण अंततः सैनिक ही स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता के केन्द्र में योद्धा होना चाहिए, क्योंकि हर सैन्य क्षमता अंततः योद्धा के लिए ही बनायी जाती है। उन्होंने समर्थ की अवधारणा पर बल दिया और बताया कि भारतीय रक्षा उत्पाद 80 से अधिक देशों तक पहुंच चुके हैं, तथा 175 में से 159 प्रकार के गोला-बारूद का स्वदेशीकरण हो चुका है। उनका निष्कर्ष था, आत्मनिर्भरता हमें लड़ने की स्वतंत्रता देती है, क्षमता सामर्थ्य देती है, योद्धा इच्छाशक्ति देता है। ये सभी मिल कर हमें जीतने की क्षमता देते हैं।

**दलित-आदिवासी सम्मान ...**
हॉल में दलित-आदिवासी सम्मान बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद हुई कथित शुद्धीकरण घटना पर चर्चा करना है। यह केवल खड़गे का नहीं, बल्कि पूरे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय का अपमान था।
आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा कि प्रस्तावित बैठक में दलित और आदिवासी समाज के सांसद, विधायक, पूर्व विधायक तथा विधान परिषद सदस्य शामिल होंगे। बैठक में साझा एजेंडा तैयार किया जाएगा और प्रत्येक राज्य में संयुक्त कार्रवाई मंच के माध्यम से दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अन्याय तथा अत्याचार के मामलों में संघर्ष किया जायेगा। यह केवल एक बैठक नहीं, बल्कि एक कार्रवाई मंच होगा, जो देश के किसी भी हिस्से में होनेवाले अत्याचार के खिलाफ मजबूती से आवाज उठायेगा। बिहार के सासाराम लोकसभा क्षेत्र से सांसद मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की नीतियों के दौरान दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने संविधान के माध्यम से वंचित वर्गों को राजनीतिक समानता का अधिकार दिया था, लेकिन सामाजिक और आर्थिक समानता की लड़ाई अभी भी जारी है। हरियाणा से राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध ने कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल की नहीं बल्कि दलितों और आदिवासियों के मान-सम्मान, अधिकारों और न्याय की लड़ाई है।

**मणिपुर के सेनापति में गोलीबारी ...**
रॉकी और लाई शिराफी गांव निवासी कुमार के रूप में हुई है। घटना में घायल अदानी मैनियो (33) का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम मौके पर पहुंची। मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। कुछ रिपोर्टों में सशस्त्र कुकी समूहों की कथित संलिप्तता की बात कही गयी है, हालांकि इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। यह घटना यूनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी) द्वारा राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों पर चार महीने से जारी आर्थिक नाकेबंदी को स्थगित करने की घोषणा से कुछ घंटे पहले हुई। अलग घटना में, इसके दो दिन पहले कामजोंग जिले के पिलोंग गांव में भारत-म्यांमार सीमा के निकट चार तांगखुल नगा नागरिकों की कथित हमले में मौत हुई थी। सितम्बर में मणिपुर के तमेंगलोंग, कांगपोकपी, नोनी और कामजोंग जिलों में अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं में कम से कम 13 लोगों की मौत की सूचना है। मणिपुर पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हत्याओं की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि इस वर्ष राज्य में 60 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

**भाजपा और चुनाव आयोग ...**
पूछे गये सवाल पर शत्रुघ्न सिन्हा ने उनकी प्रशंसा की। उन्होंने चिराग पासवान को समझदार और सूझबूझ वाला राजनेता बताते हुए कहा कि वह उनके करीबी और पारिवारिक मित्र हैं। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान के बयानों में संतुलन दिखाई देता है और वह अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान की राजनीतिक विरासत के योग्य उत्तराधिकारी हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर चिराग पासवान के हालिया बयान का उल्लेख करते हुए अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि चुनाव आयोग को जनता के मन में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए और मुख्य चुनाव आयुक्त को सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## एक झलक

### भारतीय स्वदेशी अनुसंधान में वैश्विक स्तर पर प्रभाव छोड़ने की क्षमता : डॉ. जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत के स्वदेशी अनुसंधान में वैश्विक स्तर पर प्रभाव छोड़ने की अपार क्षमता है। नैनो मेडिसिन अगली पीढ़ी की सटीक चिकित्सा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 'विश्व नैनो मेडिसिन कांग्रेस 2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नैनो मेडिसिन चिकित्सा क्षेत्र के सबसे क्रांतिकारी नवाचारों में से एक है, जो स्वास्थ्य सेवा को अभूतपूर्व सटीकता प्रदान करने में सक्षम है।

### राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह आज से इंदौर में

**इंदौर** : मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आज से इंदौर में दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह एवं संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में सुविख्यात संगीत निर्देशक शान्तनु मोइत्रा, मुम्बई को 'राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान – 2026 से अलंकृत किया जाएगा। संस्कृति विभाग के संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि समारोह में आज सायं 7 बजे से अमर लता हमारी लता... संगीत संध्या आयोजित होगी। इसमें इंदौर के गायक कलाकार अभय आहूजा, विवेक भारद्वाज, संजोत बरोट, पद्मा शुक्ला, सुषमा राव, सिद्धार्थ दुबे, वैशाली चौहान, मुस्कान चौहान, सौम्या सिन्हा एवं दीपिका पुरोहित द्वारा गीत–संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इस संगीत संध्या में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन आज नयी दिल्ली में लॉन्च करेंगे पशुधन बीमा पोर्टल

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह सोमवार, 28 सितंबर को पशुपालन और डेयरी विभाग के 'लाइवस्टॉक इंश्योरेंस पोर्टल' (पशुधन बीमा पोर्टल) का नई दिल्ली में शुभारंभ करेंगे। यह पशु बीमा पोर्टल देश में पशु बीमा सेवाओं के डिजिटल बदलाव की दिशा में एक अहम कदम होगा।

### नेपाल–यूएई के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा, बाढ़ सहायता के लिए जताया आभार

**काठमांडू** : नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने तथा आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। यूएई के संयुक्त राष्ट्र स्थित स्थायी मिशन में हुई बैठक के दौरान विदेश मंत्री खनाल ने नेपाल में जलवायु–जनित विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित समुदायों के प्रति यूएई सरकार और वहां के लोगों की संवेदना एवं एकजुटता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए यूएई की ओर से उपलब्ध कराई गई महत्वपूर्ण मानवीय सहायता के लिए भी धन्यवाद दिया।

### सीबीआई ने 11.42 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट मामले में दो और आरोपितों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुजरात के 11.42 करोड़ रुपये के डिजिटल अरेस्ट मामले में दो और आरोपितों हिमांशु प्रसाद और यूनिस बिस्वास को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-6 के तहत देश के 10 राज्यों में 22 ठिकानों पर एक साथ तलाशी भी ली। जांच एजेंसी के अनुसार, दोनों आरोपितों ने ठगी की रकम को प्राप्त करने, अलग-अलग खातों में भेजने और मनी ट्रेल छिपाने में भूमिका निभाई। सीबीआई के अनुसार, इस मामले में पीड़ित को साइबर अपराधियों ने पुलिस और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अधिकारियों के रूप में पहचान बताकर करीब तीन महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा था।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में सजा 75 जिलों की 75 महिला उद्यमियों का ग्रामीण बाजार

एजेंसी

**नोएडा** : उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा की जरी-जरदोजी, अमरोहा के मसाले, अयोध्या की हर्बल चाय, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, कन्नौज का इत्र, गोरखपुर की टेराकोटा ज्वेलरी और बनारस के कालीन। उत्तर प्रदेश के गांवों और कस्बों में महिलाओं के हाथों तैयार हो रहे उत्पाद अब स्थानीय हाट-बाजार की सीमा से निकलकर बड़े बाजार की ओर बढ़ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के 75 जिलों से पहुंची स्वयं सहायता समूहों की महिला उद्यमियों ने अपने हुनर से उत्तर प्रदेश की ऐसी ही तस्वीर सामने रखी है। यहां सिर्फ उत्पाद नहीं बिक रहे बल्कि हर स्टॉल के साथ किसी गांव, किसी परंपरागत कला और उसे रोजगार में बदलने वाली महिला की कहानी भी जुड़ी है। आगरा की रहनुमा जरी-जरदोजी लेकर पहुंची हैं तो अमरोहा की कौशल्या गौतम के पिसे मसाले अपनी महक बिखेर रहे हैं। अयोध्या की रेणु सिंह की हर्बल चाय और लेमन ग्रास के उत्पाद हैं तो आजमगढ़ की रीता प्रजापति ब्लैक पॉटरी को बड़े बाजार के सामने लेकर आई हैं। कन्नौज की तारावती के पास इत्र है, जबकि वाराणसी की सीता देवी कालीन, फुटमैट और रनर के जरिए बनारस के हुनर की नुमाइंदगी कर रही हैं।



यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए यह भागीदारी महज प्रदर्शनी तक सीमित नहीं है। यहां उन्हें अपने उत्पाद बेचने के साथ ग्राहक की पसंद समझने, पैकेजिंग और प्रस्तुति देखने तथा बड़े बाजार में अपने उत्पाद की संभावनाएं तलाशने का अवसर मिल रहा है। प्रदेश के एक छोर से दूसरे छोर तक बदलते ही उत्पाद भी बदल रहे हैं। कहीं परंपरागत शिल्प बाजार में जगह बना रहा है तो कहीं गांव की महिलाओं ने रोजमर्रा की जरूरत के उत्पादों को अपने उद्यम का आधार बनाया है। गोरखपुर की सरोज पाल टेराकोटा ज्वेलरी लेकर आई हैं तो सहारनपुर की सुधा सैनी लकड़ी के हस्तशिल्प और खिलौनों के साथ ट्रेड शो में पहुंची हैं। प्रयागराज की तबस्सुम मकसूद मूंज से टोकरी, डलिया और सजावटी सामान तैयार कर रही हैं। प्रतापगढ़ की प्रज्ञा जायसवाल आंवला-मुरब्बा और आम का अचार लेकर आई हैं। महोबा की रानी के स्टॉल पर पीतल की मूर्तियां और दूसरे शिल्प उत्पाद हैं।

सिद्धार्थनगर की सरोज देवी ने केले के रेशे को उद्यम में बदलकर बनाना फाइबर उत्पाद तैयार किए हैं। सोनभद्र की मधुबाला हर्बल साबुन, शहद, फिनाइल और जूट बैग के साथ पहुंची हैं, जबकि खीरी की शफीका जूते, चप्पल और बेल्ट जैसे उत्पाद लेकर आई हैं। चित्रकूट की प्रिया सिंह के लकड़ी के खिलौने, बुलंदशहर की शाहजहां की खुर्जा पॉटरी, कन्नौज की तारावती का इत्र, मथुरा की रेखा के टेराकोटा और मिट्टी के उत्पाद तथा ललितपुर की लीला देवी के गोमय उत्पाद इस विविधता को और विस्तार देते हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि ट्रेड शो में महिला समूहों की उद्यमशीलता का दायरा केवल पारंपरिक हस्तशिल्प तक सीमित नहीं है। यहां जूट बैग और जरी साड़ी से लेकर चिकनकारी, हैंडलूम, कालीन, लकड़ी के खिलौने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, शहद, मसाले, अचार-मुरब्बा, हर्बल उत्पाद और घरेलू उपयोग के सामान तक मौजूद हैं।

## 1,542 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारम्भ

# देश को मिली पहली एलएनजी ट्रेन की सौगात

एजेंसी

**अहमदाबाद** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के साबरमती से देश की पहली एलएनजी-डीजल डुअल-फ्यूल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने गुजरात में 1,542 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारंभ भी किया। रेलवे ने कहा कि साबरमती से भारतीय रेल में हरित ऊर्जा के नए अध्याय का शुभारंभ हुआ है। वैकल्पिक ईंधन और आधुनिक रेल सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस ट्रेन में एलएनजी(द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) और डीजल दोनों ईंधनों का उपयोग किया जा सकता है। साबरमती इंटीग्रेटेड कोचिंग डिपो में 1,400 हॉर्सपावर क्षमता वाली दो ड्राइविंग पावर कारों को डुअल-फ्यूल प्रणाली में परिवर्तित किया गया है। रेलवे के अनुसार यह प्रणाली लगभग 40 प्रतिशत तक डीजल की जगह एलएनजी का उपयोग कर सकती है। इस सेवा को शुरू करने से पहले इसका 2,000 किलोमीटर से अधिक का फील्ड ट्रायल भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री शाह ने 1,542 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारंभ किया। उन्होंने साबरमती में नवनिर्मित डब्ल्यूएजी-12 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव मेंटेनेंस शेड राष्ट्र को समर्पित किया। लगभग 700 करोड़ की लागत से निर्मित यह शेड उच्च क्षमता वाले डब्ल्यूएजी-12 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के रख रखाव के लिए विकसित किया गया है। डब्ल्यूएजी-12 लोकोमोटिव लगभग 12,000 हॉर्सपावर क्षमता वाला है और भारी मालगाड़ियों के संचालन में उपयोग किया जाता है। इसके अलावा साबरमती-कलोल-भांडू मोटीडाऊ तथा साबरमती-साणंद-जखवाड़ा रेलखंडों पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का लोकार्पण किया गया। इससे इन रेलखंडों पर ट्रेनों के सुरक्षित और सुचारु संचालन तथा लाइन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है।



## अशोक सिंघल का जीवन त्याग व संघर्ष का प्रतीक : अमित शाह

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अशोक सिंघल का संपूर्ण जीवन त्याग, सादगी, धर्मनिष्ठा, उत्कृष्ट राष्ट्रभक्ति और स्वयंसेवकत्व का अद्वितीय उदाहरण रहा है। आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा और प्रेरणा देने के लिए अशोक सिंघल का जीवन–दर्शन जन–जन तक पहुंचाना जरूरी है। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह आज दिल्ली स्थित भारत मंडपम में विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) के वरिष्ठ प्रचारक एवं रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार दिवंगत अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ 100 वैदिक आचार्यों द्वारा शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ किया गया। मुख्य अतिथि शाह ने अशोक सिंघल के साथ अपने व्यक्तिगत संस्मरण साझा करते हुए उनके अप्रतिम त्याग को रेखांकित करते हुए कहा, जब कांग्रेस पार्टी ने मुझे जेल में डाला और मैं दिल्ली में तीन साल के संकट के दौर से गुजर रहा था, तब मैं अक्सर विहिप कार्यालय में उनसे मिलने जाता था। इतने समृद्ध परिवार से आने के बावजूद वे 20 वर्गमीटर के एक छोटे–से कमरे में रहते थे, जहां एक ही जगह रसोई, बिस्तर और स्नानघर था। उन्होंने अपने जीवन के 20 वर्ष इसी सादगी के साथ उसी कमरे में बिताये। उन्होंने रामजन्मभूमि आंदोलन में अशोक सिंघल की केंद्रीय भूमिका का उल्लेख किया और कहा कि 550 वर्षों के संघर्ष और बलिदान के बाद आज जो भव्य राममंदिर का निर्माण हुआ है, उसकी नींव में उनका संकल्प रचा–बसा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन दौर का स्मरण कराते हुए कहा कि जब कारसेवकों पर निर्मम लाठीचार्ज किया जा रहा था, तब वे भेष बदलकर मोर्चे पर डटे रहे। सिर पर गहरी चोट लगने के बाद जब खून बहने लगा, तो उन्होंने गमछे से खून पोंछते हुए संघर्ष जारी रखा।

# उत्तर प्रदेश ने विकास की नयी यात्रा तय की : पीयूष

■ उत्तर प्रदेश के विकास की गूंज अब देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में सुनाई दे रही



एजेंसी

**नोएडा** : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित चौथे इंटरनेशनल ट्रेड शो में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने विकास की नई यात्रा तय की है। आज प्रदेश की सकारात्मक सोच, उद्यमियों का आत्मविश्वास और विकास के प्रति प्रतिबद्धता उसकी नई पहचान बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश के विकास की गूंज अब देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। यूपीआईटीएस के तीसरे दिन आयोजित स्पेशल बिजनेस सेशन लीवरेजिंग इंडियाज फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स फॉर ग्लोबल बिजनेस ग्रोथ में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पीयूष गोयल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर शुरू हुआ यह आयोजन आने वाले वर्षों में और बड़ा तथा प्रभावी होता जाएगा। उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को पूरी दुनिया एक उदाहरण के रूप में देखेगी। प्रदेश में निर्मित एक्सप्रेसवे, नए एयरपोर्ट, बड़े औद्योगिक पार्क तथा डिफेंस, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे आधुनिक क्षेत्रों में हो रहा निवेश बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि नोएडा के निकट तेजी से विकसित हो रही रोबोटिक्स फैक्ट्री इस बात का उदाहरण है कि उत्तर प्रदेश अब आधुनिक और उभरते हुए क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। प्रदेश के विकास की अगली कड़ी अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार, निर्यात, विदेशी निवेश और पर्यटन से जुड़ रही है। उत्तर प्रदेश के स्थानीय ब्रांड और उत्पाद दुनिया के बाजारों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

# भीतर की साधना, बाहर का समर्पण : 'अहो गुरुदेव' में छह दशकों की साधना और सेवा का उत्सव






एजेंसी

**मुंबई** : जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर 25-26 सितंबर 2026 को पूरी दुनिया के लिए एक संगम स्थल बना, जब श्रीमद् राजचंद्र मिशन धरमपुर ने अहो गुरुदेव 60 Years of anf Enlightened Existence का आयोजन किया। इस समारोह ने मनाई पूज्य गुरुदेवश्री राकेशजी की 60 जन्म-वर्षगांठ, जो दुनिया भर में सम्मानित आध्यात्मिक गुरु, मानवसेवी और श्रीमद् राजचंद्रजी के परम भक्त हैं।

यह, ऊपर से देखने में, 60वीं जन्म-वर्षगांठ का उत्सव था। लेकिन विशाल कन्वेंशन सेंटर के भीतर, यह अवसर 'बड़े जन्मदिन' की सामान्य भाषा और ढांचे से कहीं आगे लगता था। आध्यात्मिक गुरु, कॉर्पोरेट लीडर, परोपकारी, युवा स्वयंसेवक और दुनिया भर के 214 शहरों और 24 देशों से आए हजारों आध्यात्मिक साधक, सब एक ही स्थान से होकर गुजरे।

इस दो दिवसीय आयोजन में पूज्य मोरारी बापू, पूज्य आनंदमूर्ति गुरुमां, स्वामी चिदानंद सरस्वतीजी, स्वामी स्वरूपानंदजी, बीके सिस्टर शिवानी, साध्वी भगवती सरस्वती और भिखु संघसेनाजी सहित कई आदरणीय संत शामिल हुए। अन्य विशिष्ट अतिथियों में मंगल प्रभात लोढ़ा, कैबिनेट मंत्री, महाराष्ट्र सरकार, पद्म विभूषण एन. आर. नारायण मूर्ति, संस्थापक एवं चेयरमैन एमेरिटस, इन्फोसिस; पद्म भूषण एन. चंद्रशेखरन, चेयरमैन, टाटा संस; लेफ्टिनेंट जनरल डी. एस. कुशवाह, PVSM, अश्रट, रट, GOC, महाराष्ट्र, गुजरात एवं गोवा क्षेत्र; पद्म हेमा मालिनी, सांसद (लोकसभा, मथुरा); पद्म भूषण दीपक पारेख, पूर्व चेयरमैन, HDFC; पद्म दिलीप संघवी, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज, पद्म संजीव कपूर, कलिनरी आइकॉन एवं सह-संस्थापक, वंडरशेफ; मनोज मोदी, निदेशक, रिलायंस रिटेल एवं रिलायंस जियो; विनोद अडानी, प्रमोटर, अडानी ग्रुप; अशोक हिंदुजा, चेयरमैन, हिंदुजा ग्रुप; रणबीर कपूर, अभिनेता एवं निर्माता; सुधीर मेहता, चेयरमैन एमेरिटस, टोरेंट ग्रुप; सोनम कपूर आहूजा, अभिनेत्री एवं फैशन उद्यमी; नीलेश शाह, एमडी, कोटक महिंद्रा एएमसी; मोतीलाल ओसवाल, सह-संस्थापक, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज, और मधुकर पारेख, चेयरमैन, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज शामिल रहे। एक खास पल था 60 नई पहलों की घोषणा, जो आध्यात्मिक और सेवा परियोजनाओं के बीच बराबर-बराबर बांटी गई थीं। श्रीमद् राजचंद्र सर्वमंगल कैंसर अस्पताल; सुरेंद्रनगर में श्रीमद् राजचंद्र सर्वमंगल अस्पताल और मेडिकल कॉलेज, श्रीमद् राजचंद्र मानसिक स्वास्थ्य पहल; 60 नए श्रीमद् राजचंद्र लव एंड केयर सेंटर्स; पूरे भारत में मल्टी-स्पेशियलिटी मेगा मेडिकल कैंप्स के साथ-साथ एनीमिया और विजन केयर कैंप्स, जो 60 मिलियन लोगों तक पहुंचे; पशु देखभाल के लिए एक विशाल परिसर जिसमें 4 संस्थान शामिल हैं श्रीमद् राजचंद्र एनिमल हॉस्पिटल, एनिमल शेल्टर, वेटरनरी साइंस इंस्टीट्यूट और धरमपुर में अहिंसा जागरूकता केंद्र, साथ ही मलाड में एक एनिमल हॉस्पिटल; श्रीमद् राजचंद्र दिशा एक मुफ्त, एआई-आधारित करियर मार्गदर्शन मंच; मुंबई में विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए श्रीमद् राजचंद्र स्कूल; ग्रामीण भारत के लिए श्रीमद् राजचंद्र सर्वमंगल यूनिवर्सिटी; श्रीमद् राजचंद्र वनरोपण पहल और महिला सशक्तिकरण, समुदाय व पर्यावरण से जुड़ी कई अन्य पहलें सेवा परियोजनाओं की सूची में शामिल थे। आध्यात्मिक उन्नति के लिए परियोजनाओं का अनावरण किया गया उनमें शामिल हैं मुंबई में आध्यात्मिक केंद्र; श्रीमद् राजचंद्र आश्रम में नई जगहें जैसे श्रीमद् राजचंद्र वेलनेस सेंटर, सॉलिट्यूड ग्रोव्स (एकांत कुटीर); श्रीमद् राजचंद्र म्यूज़ियम; दक्षिण अमेरिका में छह नए सत्संग केंद्र; पूज्य गुरुदेवश्री के प्रवचन, पुस्तकें और ध्यान दुनिया की 8 सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में, 60 पुस्तकें (दस भाषाओं में छह शीर्षक) और श्रीमद् राजचंद्रजी की महान कृति आत्मसिद्धि शास्त्र पर पूज्य गुरुदेव श्री की टीका 60 भाषाओं में; 60 भाषाओं में आत्मसिद्धि शास्त्र; और इए OND, पूज्य गुरुदेवश्री राकेशजी की एक विजुअल जीवनी।

# इलेक्ट्रॉनिक्स से एआई और सेमीकंडक्टर तक, यूपी बनेगा देश का नम्बर-1 टेक्नोलॉजी हब : जितिन प्रसाद

एजेंसी

**नोएडा** : उत्तर प्रदेश अब केवल इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का केंद्र बनने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एआई, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश का अगला ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। यह बातें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने शनिवार को 'यूपीज जर्नी फ्रॉम इलेक्ट्रॉनिक्स लीडर टू एआई एंड सेमीकंडक्टर पावरहाउस सत्र को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश और दुनिया में निवेश की चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश का नाम प्रमुखता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख हब बनाना है और इसके लिए राज्य में तेजी से जरूरी इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहा है।



## आईपीएस मोहिबुल्लाह को अमेरिका में मिलेगा एशियन हीरो का अवार्ड

**नयी दिल्ली** : आईपीएस अफसर मोहिबुल्लाह अंसारी का सफर 10वीं और 12वीं कक्षा की प्री-बोर्ड परीक्षाओं में फेल होने से लेकर जेईई पास करने, आईआईटी दिल्ली में एडमिशन लेने और यूपीएससी पास करके आईपीएस अफसर बनने तक दृढ़ता और संकल्प की एक शानदार मिसाल है। उनकी यह सफलता का सफर दिखाता है कि कैसे लक्ष्य, फोकस और समर्पण मुश्किलों से उबरने में मदद करते हैं। अब मोहिबुल्लाह अंसारी को अमेरिका में एशियन हीरो अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जायेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बिहार कैडर के 2021-बैच के आईपीएस अफसर मोहिबुल्लाह अंसारी अभी बिहार के मुजफ्फरपुर में सिटी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के पद पर हैं। उन्हें 13 दिसंबर 2026 को फ्लोरिडा, अमेरिका में होने वाले सातवें वर्ल्ड फेयर एंड फेस्टिवल के दौरान एशियन हीरो अवार्ड 2026 से नवाजा जायेगा।

# दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में जल गुणवत्ता में सुधार के किये गये व्यापक उपाय

एजेंसी

**कोलकाता** : दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर पेयजल तथा अन्य जलापूर्ति व्यवस्थाओं की उपलब्धता, गुणवत्ता, स्वच्छता एवं विश्वसनीयता में सुधार के उद्देश्य से विभिन्न अनुरक्षण, सफाई, परीक्षण, निरीक्षण एवं सुधारात्मक कार्य किए गए हैं। किए गए प्रमुख कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:

इस सतत अभियान के तहत सभी सेक्शनों में जल स्रोतों, जल शोधन एवं फिल्ट्रेशन संयंत्रों, भूमिगत एवं ओवरहेड जल टैंकों, PVC टैंकों, वाटर बूथों, नलों तथा जल वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। कुल 24,033 जल टैंकों में से 17,800 टैंकों की पहले ही सफाई की जा चुकी थी। इसके अतिरिक्त, शेष स्टेशन जल टैंकों की भी सफाई कर दी गई है। इस प्रकार, दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जल टैंकों का कार्य पूरा कर लिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे में कुल 63 क्लोरीनेशन प्लांट उपलब्ध हैं तथा सभी 63 प्लांटों का अनुरक्षण एवं निरीक्षण किया गया है। जल आपूर्ति में उचित एवं पर्याप्त क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने के लिए क्लोरीनेशन व्यवस्था एवं संबंधित उपकरणों का निरीक्षण किया गया तथा जहां आवश्यक था, वहां क्लोरीन डोजिंग को नियंत्रित एवं समायोजित किया गया। कुल 23 आयरन रिमूवल प्लांट ऐसे स्थानों पर उपलब्ध हैं, जहाँ कच्चे पानी में लौह तत्व की मात्रा अधिक है। सभी 23 प्लांटों का अनुरक्षण किया गया तथा उनके संचालन की जांच की गई। जल फिल्ट्रेशन व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 52 प्रेशर/ग्रेविटी फिल्टरों का अनुरक्षण एवं सफाई की गई है। फिल्टरों में जमा गंदगी एवं अशुद्धियों को हटाने के लिए उनकी अच्छी तरह सफाई की गई तथा जहां आवश्यक था, वहां खराब फिल्टर घटकों/उपकरणों की मरम्मत या उन्हें बदला गया। फिल्ट्रेशन व्यवस्था के उचित संचालन की भी जाँच की गई। जल गुणवत्ता की निगरानी स्वास्थ्य/चिकित्सा विभाग के समन्वय से की जा रही है। निर्धारित दिशा-निर्देशों/प्रोटोकॉल के अनुसार अवशिष्ट क्लोरीन स्तर (फ्छछ) की जाँच हेतु कुल 3,413 जल नमूने, बैक्टीरियोलॉजिकल परीक्षण हेतु 334 नमूने तथा रासायनिक परीक्षण हेतु 21 नमूने एकत्र किए गए हैं। जल की गुणवत्ता एवं उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए फ्छछ, बैक्टीरियोलॉजिकल एवं रासायनिक मानकों सहित जल का नियमित भौतिक निरीक्षण एवं परीक्षण किया जा रहा है। वाटर कूलर एवं जल शुद्धिकरण इकाइयों के प्रभावी अनुरक्षण के लिए रएफमें एक व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (अटउ) लागू है। भंडारण जल टैंकों का निर्धारित अनुरक्षण एवं सफाई मासिक आधार पर की जा रही है। वाटर कूलर, नलों, पाइपलाइनों एवं अन्य फिटिंग्स से होने वाले रिसाव को रोकने के लिए फील्ड स्टाफ द्वारा तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई भी की जा रही है, जिससे पानी की बर्बादी को न्यूनतम किया जा सके। जल स्रोतों, ट्रीटमेंट/फिल्ट्रेशन प्लांटों, OH/UG स्टील, RCC एवं PVC टैंकों, पाइपलाइनों, हैंडपंपों, बोरवेल प्रणालियों तथा संबंधित उपकरणों को शामिल करते हुए निरंतर निवारक निरीक्षण किया जा रहा है।

## चलाया जा रहा है स्वच्छता ही सेवा अभियान




**कोलकाता** : दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2026 तक 'स्वच्छता ही सेवा (SHS) 2026' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत स्टेशनों एवं उनके सकुर्लेटिंग क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। यात्रियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर एवं रांची मंडलों में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्टेशन परिसरों, प्लेटफॉर्मों, सकुर्लेटिंग क्षेत्रों, प्रतीक्षालयों, फुट ओवर ब्रिज, शौचालयों, पेयजल स्थलों तथा अन्य यात्री सुविधाओं की गहन सफाई की जा रही है। यात्रियों से रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने की अपील करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान कचरे की नियमित सफाई एवं उठाव, कचरे का उचित पृथक्करण, यात्री क्षेत्रों की सफाई तथा कचरे के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत पर्याप्त संख्या में डस्टबिन की उपलब्धता तथा ठोस कचरे के उचित निस्तारण को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत यात्रियों एवं रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। यात्रियों से अपील की जा रही है कि वे कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें तथा रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाये रखने में रेलवे प्रशासन का सहयोग करें।